* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

07 नवंबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 19

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

पहली बार अमरनाथ गुफा तक पहुंचा गाड़ियों का काफिला ट्रैक चौड़ा किया गया














## ‘अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान’ का शुभारंभ

# अधिकारी कार्यशैली बदल कर उदाहरण पेश करें : हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड देश के अन्य राज्यों से बिल्कुल अलग है। झारखंड की संस्कृति, सभ्यता और शिष्टाचार की अलग पहचान है। यहां के आदिवासी समुदाय के लोग काफी सहनशील और सरल हैं। राज्य में वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अंतर्गत जो कार्य बहुत पहले होना चाहिए था, उस कार्य की शुरुआत आज हमारी सरकार ‘अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान’ के रूप में कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम के लागू हुए लगभग 17 से 18 वर्ष होने जा रहे हैं, परंतु झारखंड में इस अधिनियम की गंभीरता को दृष्टिगत नहीं रखा गया। पूरी तरह नजरअंदाज किया गया था। सीएम ने कहा कि कई चुनौतियों के बाद आज हमारी सरकार वन अधिकार अधिनियम को एक मुहिम के तौर पर शुरू कर रही है। इस मुहिम के तहत राज्य के वन क्षेत्रों में निवास करने वाले आदिवासी एवं मूलवासी समुदायों के बीच बड़ी संख्या में वनपट्टा का वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री सोमवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा आयोजित वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अंतर्गत ‘अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान’ के शुभारंभ के मौके पर बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने जिला अधिकारियों से कहा कि जिलों में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है। आप सभी की कार्यशैली राज्य के विकास को बेहतर दिशा देने का काम करती है। आप अपनी कार्यशैली में बदलाव लाकर लोगों के बीच उदाहरण पेश करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि ‘अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान’ की समय-समय पर गहन समीक्षा भी की जायेगी। इसलिए इस विषय पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए कार्य करना है।

**कुछ वर्षों में ठंडे बस्ते में चला जाता मामला :** हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में 30 फीसदी वन क्षेत्र हैं। जंगल-झाड़ मिला कर देखें तो यह 50 फीसदी के करीब है। यहां के 80 फीसदी लोग खेती-बाड़ी पर ही निर्भर हैं। दूसरे राज्यों को देखें, जहां आदिवासियों की बहुलता कम है, लेकिन वहां पर अधिकार के तहत वन पट्टों के वितरण के निमित्त बेहतर कार्य हुआ है। मुझे लगता है कि कोई भी कार्य आप सभी अधिकारी ने अगर आज ठान लिया, तो वह पूर्ण नहीं होगा ऐसा हो ही नहीं सकता है। झारखंड अलग हुए इतने वर्ष बाद भी वन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों की गंभीरता पर हम लोगों ने ध्यान नहीं दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर हम आज इस मुहिम पर ध्यान नहीं दिये होते तो कुछ वर्षों बाद फॉरेस्ट राइट एक्ट के विषय में चर्चा करने की आवश्यकता नहीं पड़ती, क्योंकि इतने गंभीर विषय को पूर्ण रूपेण ठंडे बस्ते में डालने का प्रयास किया गया था। अब हमारी सरकार का ‘अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान’ के तहत वनपट्टा वितरण पर विशेष फोकस है।

**खनन कार्य से भूमि होगी बर्बाद :** मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राज्य के भौगोलिक और इस राज्य के अंदर चल रहे विकास की गतिविधियां आने वाले दिनों में एक दूसरे से परस्पर टकराव की स्थिति उत्पन्न करेंगी। वर्तमान में जो खेती योग्य जमीन है, उसमें से भी कोयला निकाला जा रहा है। आज नहीं तो कल वह खनिज संपदा समाप्त होगी। खनन कंपनियां खनिज संपदा निकाल कर ऐसी स्थिति में छोड़ेंगी, जिसकी व्याख्या करना मुश्किल है। जो किसान विस्थापित हो रहा है, उसका अस्तित्व रहेगा कि नहीं। जहां आज धान की खेती हो रही है, क्या खनन कार्य के बाद उस जमीन पर फिर से वैसी ही खेती हो पायेगी क्या? हमें इस ओर भी ध्यान देने की जरूरत है।



### नगाड़ा वादन कर अभियान का हुआ शुभारंभ

मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने नगाड़ा वादन कर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। मौके पर मुख्यमंत्री एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा इस अभियान की सफलता के लिए अभियान का लोगो/ टी शर्ट, मोबाइल एप एवं वेबसाइट, अभियान संसाधन तथा प्रचार सामग्री का उद्घाटन किया गया। अभियान के उद्देश्य को लेकर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह एवं विभागीय सचिव राजीव अरुण एक्का ने विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा ने किया।

# इडी का जेल अधीक्षक समेत तीन को समन

- 7 नवंबर को बड़ा बाबू, 8 को जेलर और 9 नवंबर को जेल अधीक्षक को पूछताछ के लिए बुलाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार रांची में बंद जमीन घोटाला के आरोपियों के द्वारा इडी के खिलाफ साजिश रची जा रही थी। इसे लेकर इडी की टीम ने 3 नवंबर को जेल में छापेमारी की थी। इस मामले में इडी ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के जेल अधीक्षक हामीद अख्तर, जेलर नसीम खान और बड़ा बाबू दानिश को सोमवार को समन भेजा है। इडी ने 7 नवंबर को बड़ा बाबू, 8 को जेलर और 9 नवंबर को जेल अधीक्षक को पूछताछ के लिए अपने रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है।

### इडी के सरकारी गवाहों को धमकाया जा रहा

बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में 3 नवंबर की शाम इडी ने छापेमारी की थी। इडी को सूचना मिली थी कि जेल में बंद इडी के सरकारी गवाहों को धमकाया जा रहा है। इडी के अफसरों को फंसाने की और साक्ष्यों को नष्ट करने की साजिश रची जा रही है। इन सभी कार्यों में जेल प्रशासन खुल कर मदद पहुंचा रहा है। इडी ने इन्हीं सभी सूचनाओं के बाद जेल को सर्विलांस पर रखा था। सर्विलांस के दौरान इडी को जेल में संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिली। इसके बाद कोर्ट से छापेमारी के लिए अनुमति ली गयी। कोर्ट की अनुमति के बाद इडी के अधिकारी जेल पहुंचे थे।

### प्रेम प्रकाश चला रहा है जेल में सिंडिकेट

इडी की छापेमारी में यह सबूत मिला है कि जेल में लगे सीसीटीवी फुटेज को नष्ट किया जा रहा है। इसमें जेल प्रशासन अपने तकनीकी रूप से दक्ष कर्मियों की मदद ले रहा है। इडी को यह भी सूचना है कि प्रेम प्रकाश बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में अपना सिंडिकेट चला रहा है। इडी को नुकसान पहुंचाने के लिए क्या करना है, क्या नहीं करना है, इस पर योजना बना रहा है। इसके लिए किसे कितने पैसे कहां पहुंचाया जाना है, प्रेम प्रकाश इसकी भी योजना बना रहा है। प्रेम प्रकाश जेल के बाहर के अपने सहयोगियों को दिशा-निर्देश भी दे रहा है। वह इडी के गवाहों को प्रभावित करने के लिए भी कोशिश में जुटा है।

# केंद्र सरकार ने लांच किया भारत आटा, 27.50 रुपये किलो बिकेगा

- मोबाइल वैन में 10 और 30 किलो के पैक में मिलेगा, चना दाल 60 रुपये किलो में मिलेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार देशभर में ‘भारत आटा’ उपलब्ध करायेगी। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को दिल्ली में आटे के वितरण वाहनों (मोबाइल वैन) को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इसे 10 और 30 किलो के पैक में उपलब्ध कराया जायेगा। देशभर में दो हजार आउटलेट पर यह आटा मिलेगा। इसे नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (नेफेड), नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एनसीसीएफ), सफल, मदर डेयरी और अन्य सहकारी संस्थानों के जरिये बेचा जायेगा। भारत आटे की कीमत 27.50 प्रति किलो तय की गयी है। सरकार इससे पहले 25 रुपये किलो की दर से प्याज और 60 रुपये प्रति किलो के भाव पर भारत दाल (चने की दाल) बेच रही है।

**ढाई लाख मीट्रिक टन गेहूं का एलॉकेशन :** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि भारत आटा के लिए ढाई लाख मीट्रिक टन गेहूं का एलॉकेशन विभिन्न सरकारी एजेंसियों को किया गया है। उपभोक्ता मामलों के विभाग के अनुसार आटे की औसतन कीमत 35 रुपये किलो है।

**गेहूं की बढ़ती कीमत की वजह से लिया फैसला :** बाजार में नॉन-ब्रांडेड आटे की खुदरा कीमत 30-40 रुपये किलो है, तो ब्रांडेड आटा 40-50 रुपये प्रति किलोग्राम पर बिक रहा है। गेहूं की लगातार बढ़ती कीमत की वजह से त्योहारी सीजन में आटे की कीमत में तेजी को देखते हुए सरकार ने सस्ते दाम पर आटा बेचने का फैसला किया है।

# सिविल सर्विस परीक्षा में मंगलसूत्र उतरवाये

- कर्नाटक में छात्राएं बोलीं, हिजाब वालों को प्रवेश की मंजूरी
- भाजपा ने पूछा, क्या ये नियम सिर्फ हिंदुओं के लिए?

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** कर्नाटक पब्लिक सर्विस कमीशन की परीक्षा देने आयीं लड़कियों को परीक्षा हॉल में प्रवेश देने से पहले मंगल सूत्र हटाने को कहा गया। चेकिंग कर रहे अधिकारियों ने लड़कियों से उनके कान के झुमके, गले की चेन और बिछिया भी हटाने को कहा। एक छात्रा, जिससे मंगलसूत्र उतारने को कहा गया था, उसने बताया कि अधिकारियों ने हिजाब पहनने वाली महिलाओं की भी चेकिंग की, लेकिन उन्हें अंदर प्रवेश की अनुमति मिल गयी।

छात्रा ने कहा कि हिंदू धर्म में मंगलसूत्र नहीं हटाया जाता है। जब जरूरत पड़ती है, तभी हम इसे हटाते हैं। परीक्षा देने के लिए मुझे मंगलसूत्र और बिछिया हटानी पड़ी। छात्रा ने कहा कि जैसे चेकिंग करने वाली टीम ने हिजाब पहनने वाली लड़कियों को चेकिंग के बाद अंदर जाने दिया, वैसे ही हमें भी जाने देना चाहिए था।

उधर, इस मामले को लेकर भाजपा सांसद बसनगौड़ा यत्नाल ने पूछा कि क्या ये नियम सिर्फ हिंदुओं के लिए था? कहा जा रहा है कि परीक्षा के दौरान नकल रोकने के लिए प्रशासन ने सख्ती बरती है। दरअसल, 4 नवंबर को कर्नाटक कॉमन एंट्रेंस परीक्षा के दौरान एक कैंडिडेट और उसके भाई को नकल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। दोनों की पहचान त्रिमूर्ति और अंबरीश के रूप में की गयी। पुलिस ने बताया कि परीक्षा सेंटर में त्रिमूर्ति ब्लूटूथ डिवाइस लगा कर परीक्षा दे रहा था। उसका भाई अंबरीश ब्लूटूथ के जरिए एग्जाम सेंटर के बाहर से उसकी मदद कर रहा था।



फाइल फोटो

# आतंक के आरोपियों के पैर में जीपीएस लगेगा

- मूवमेंट पर नजर रखना आसान होगा
- कश्मीर पुलिस ऐसा करनेवाली देश की पहली फोर्स

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जमानत पर रिहा आतंकी गतिविधियों में लिप्त आरोपियों पर निगरानी रखने के लिए जीपीएस एंकलेट का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। कश्मीर पुलिस ऐसा करनेवाली देश की पहली पुलिस फोर्स बन गयी है। भारत में सबसे पहला जीपीएस ट्रैकर हिजबुल मुजाहिद्दीन से जुड़े एक आतंकी आरोपी गुलाम मोहम्मद को पहनाया गया है। गुलाम 2007 के टेरर फंडिंग केस में आरोपी है। जीपीएस एंकलेट सिस्टम के तहत उसके टखने में लॉक पहनाया गया है। इसके बाद उसके मूवमेंट की ट्रैकिंग कंट्रोल रूम से की जायेगी। इस तरह के एंकलेट का इस्तेमाल अमेरिका, यूके, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे देशों में जमानत, पेरोल और हाउस अरेस्ट आरोपी व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए किया जाता है।

**गुलाम भट, जिसे जीपीएस ट्रैकर पहनाया गया:** स्पेशल एनआइए कोर्ट जम्मू के आदेश के बाद पुलिस ने गुलाम भट को जीपीएस ट्रैकर पहनाया है। गुलाम भट, उधमपुर में कई धाराओं समेत यूएपीए मामले में आरोपी है। उसने अपनी जमानत के लिए याचिका लगायी थी। गुलाम को टेरर फंडिंग के ढाई लाख रुपये ले जाते हुए पकड़ा गया था। गुलाम, हिजबुल मुजाहिद्दीन से जुड़ा है। आतंकी साजिश रचने के आरोप में एनआइए और दिल्ली पटियाला हाउस कोर्ट भी उसे दोषी ठहरा चुकी है और वह 12 साल की सजा काट चुका है।



## न्यूज रील्स

### क्रिमिनल लॉ की जगह तीनों नये बिल मंजूर

नयी दिल्ली। भारतीय दंड संहिता (आइपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और एविडेंस एक्ट की जगह लेनेवाले तीन विधेयक गृह मंत्रालय की संसदीय कमेटी में स्वीकार कर लिये गये हैं। इसके साथ ही विपक्षी सदस्यों ने भी अपनी असहमति वाले नोट भी दे दिये हैं। 27 अक्टूबर को हुई बैठक में कमेटी ने ड्राफ्ट रिपोर्ट को स्वीकार नहीं किया था। कुछ विपक्षी सदस्यों ने ड्राफ्ट पढ़ने के लिए और समय मांगा था। कमेटी ने उनकी मांग मान ली थी।

### दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके

नयी दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में सोमवार की शाम 4 बज कर 16 मिनट पर फिर एक बार भूकंप के झटके महसूस किये गये। इसका केंद्र नेपाल में था। रिक्टर स्केल पर तीव्रता 5.6 आंकी गयी। इसकी वजह से उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड में भी झटके महसूस किये गये। इससे दो दिन पहले 4 नवंबर को भी रात 11:32 बजे नेपाल में 6.4 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें 157 लोगों की मौत हुई थी। तब भी दिल्ली-एनसीआर के अलावा उत्तरप्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, झारखंड आदि राज्यों में झटके महसूस किये गये थे।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,500 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो



# सियासत के केंद्र में क्यों लगातार बने हुए हैं नीतीश कुमार

## ■ समर्थन करें या विरोध, उन्हें कोई नजरअंदाज नहीं कर सकता

## ■ कांग्रेस हो या भाजपा या राजद, हर कोई करता है इनकी चर्चा

**आज देश में कुछ गिनी-चुनी शख्सियतें ही ऐसी हैं, जिनकी चर्चा हमेशा होती है। इस सूची में एक नाम नीतीश कुमार का भी है, जिनका चाहे कोई समर्थन करे या विरोध, लेकिन उन्हें नजरअंदाज करने का खतरा कोई नहीं उठा सकता। आज बिहार की राजनीति के साथ देश की सियासत में भी नीतीश कुमार ऐसा नाम बन गये हैं, जिन पर हर किसी की निगाहें रहती हैं। फिर चाहे वह महागठबंधन हो या फिर कांग्रेस या भाजपा, क्योंकि बिहार की सत्ता की चाबी तो नीतीश कुमार के पास है ही, साथ ही देश की सियासत में भी उनकी भूमिका अहम रहती है। नीतीश कुमार की राजनीतिक शख्सियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक तरफ वह भाजपा के निशाने पर रहते हैं, तो दूसरी तरफ कांग्रेस और राजद जैसे उनके मित्र दल भी उनकी चर्चा के बिना अपनी बात पूरी नहीं करते हैं। अब तो कहा जाने लगा है कि भारतीय राजनीति की बात नीतीश कुमार के बिना अधूरी है। क्या है नीतीश कुमार की राजनीति और क्या है उनका राजनीतिक कद, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को बिहार आये थे। वहां उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि लालू यादव अपने छोटे भाई नीतीश कुमार को कहीं का नहीं छोड़ेंगे। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जयपुर में कहा कि विपक्षी गठबंधन के बारे में नीतीश कुमार के विचार हमेशा सकारात्मक होते हैं। राजद सुप्रीमो लालू यादव तो खैर हर बात में नीतीश की राय जरूर लेते हैं। यह बात अलग है कि उनके सुझाव पर वे कितना अमल करते हैं, यह वही जानें। इतना ही नहीं, देश के हर राजनीतिक दल के नेता अपनी कोई भी बात नीतीश की चर्चा के बिना पूरी नहीं करते। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या देश की राजनीति की बात नीतीश कुमार के बिना अधूरी है। क्या नीतीश कुमार सियासत के वह केंद्र हैं, जिनके इर्द-गिर्द सियासी दल चक्कर लगाते रहे हैं, फिर चाहे वह भाजपा रही हो या फिर अब पूरा महागठबंधन। नीतीश कुमार के सहयोगी बदलते रहे, लेकिन नीतीश कुमार केंद्र में ही बने रहे।

बिहार से शुरुआत कर पहले केंद्र और फिर वापस बिहार की राजनीति में लौटे नीतीश कुमार 2005 से अब तक लगातार राज्य के मुख्यमंत्री हैं। लगभग 18 वर्षों तक मुख्यमंत्री रहने के बाद भी विधानसभा में संख्या बल के साथ या उसके बिना बिहार की राजनीति में उनकी प्रासंगिकता बहुत मजबूत तो है ही, इन दिनों केंद्र की राजनीति भी उनके बिना अधूरी मानी जाती है। शायद यही वजह कि हर बड़ा दल, चाहे वह भाजपा हो या कांग्रेस या फिर राजद, उनके बिना चुनाव में जाने से हिचकती है। अब इसे चाहे आत्मविश्वास की कमी कहें या फिर विश्वसनीय विकल्प। लेकिन एक बात तो है कि कोई नीतीश कुमार की उपेक्षा नहीं कर सकता।

### क्यों जरूरी हैं नीतीश कुमार

हाल के दिनों में नीतीश कुमार पर लगातार हो रहे सियासी हमलों से संकेत मिलता है कि वह लगातार महत्वपूर्ण बने हुए हैं, क्योंकि भाजपा, कांग्रेस और राजद जानते हैं कि उनके बिना बिहार और हिंदी पट्टी की त्रिकोणीय राजनीति से पार पाना मुश्किल हो सकता है, जो किसी भी दो पक्षों को एक साथ आने के लिए तीसरे पर हावी होने का लाइसेंस देता है। हो सकता है



कि नीतीश ने राजनीतिक प्रभाव खो दिया हो, लेकिन उनके पास अभी भी फेस वैल्यू है, जो भाजपा, कांग्रेस और राजद जैसी बड़ी पार्टी के पास विकल्प के रूप में नहीं है, जिससे लोग आश्वस्त हो सकें। नीतीश का महत्व इसी बात से समझा जा सकता है कि एक तरफ जहां भाजपा बिहार में नीतीश कुमार से मिलता-जुलता एक विश्वसनीय चेहरा पेश करने के लिए संघर्ष कर रही है और नरेंद्र मोदी के करिश्मे पर भारी है, वहीं जमीन पर समर्थन होने के बावजूद राजद अतीत के बोझ से दबा हुआ है, जबकि कांग्रेस सियासत की मुख्य धारा में अपनी वापसी के लिए लगातार नीतीश का इस्तेमाल कर रही है। राजद नीतीश कुमार की छवि और अपनी खुद की संख्यात्मक ताकत का उपयोग सुचारू सत्ता परिवर्तन के लिए करना चाहता है। ये दोनों कारक नीतीश के लाभ के लिए खेल रहे हैं और वह अपनी पार्टी की संख्यात्मक ताकत के बावजूद हमेशा एक रहने के लिए राजनीतिक पैंतरेबाजी करने में माहिर हैं। वह पहचान की राजनीति के लाभार्थी हैं, जैसे नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय स्तर पर, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी या ओड़िशा में नवीन पटनायक ने इसका आनंद लिया है।

### बिहार में हाइ लेवल पर है नीतीश कुमार की यूएसपी

राजनीति के जानकारों का मानना है कि नीतीश कुमार की यूएसपी का राजनीति के हालिया दौर में कोई प्रतिद्वंद्वी नहीं है और यह उन्हें प्रासंगिक रखता है, क्योंकि वर्षों से उनकी राजनीति के ब्रांड ने अपने संभावित मजबूत विरोधियों को सफलतापूर्वक हाशिये पर लाने में कामयाबी हासिल की है। उन्हें अपने एजेंडे का इस्तेमाल नहीं करने दे रहे हैं। इसके अलावा, उनके व्यक्तिगत करियर पर कोई सेंध नहीं लगी है और उन्होंने बिहार में वह संभव कर दिखाया है, जो पहले अनसुना था, चाहे वह सड़क हो, बिजली हो, महिला सशक्तिकरण की पहल हो या बुनियादी ढांचा विकास। हालांकि इन सभी चीजों ने उन्हें कभी भी सीटों के मामले में वांछित राजनीतिक लाभ नहीं दिया है, लेकिन कोई भी उन्हें जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और उन्हें आकांक्षात्मक बनाने के श्रेय से इनकार नहीं करता है। उनके पास वापसी करने की अद्भुत ताकत है।

### नीतीश की कीमत का हर किसी को है अंदाजा

राजद और भाजपा, दोनों ने नीतीश के बिना चुनाव में जाने का प्रभाव देखा है, क्योंकि अपने-अपने कद में इजाफे के बावजूद वे जादुई आंकड़े से काफी पीछे रह गये हैं। इसलिए नीतीश कुमार दोनों के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। कांग्रेस ने भी नीतीश के बिना चुनाव लड़ने की कीमत चुकायी है। इसलिए ये तीनों जानते हैं कि एक को खोने से दूसरे को लाभ हो सकता है। राजद प्रमुख लालू प्रसाद खुद एक चतुर राजनेता हैं और वह जानते हैं कि नीतीश के नेतृत्व में तेजस्वी को सत्ता का हस्तांतरण कुछ हद तक विरासत के मुद्दे को दूर कर देगा, जिसने उनकी पार्टी को बहुत लंबे समय तक परेशान किया है। दूसरी बड़ी बात यह है कि नीतीश युग की तुलना अभी भी 2005 के राजद के दिनों से की जाती है। इसलिए नीतीश की छवि और लालू प्रसाद का जनाधार इसे राजद के लिए एक मजबूत गठबंधन बना देगा। भाजपा के दिमाग में भी यही चल रहा है और अगर हालात ऐसे बने, तो वह नीतीश का स्वागत करने से नहीं हिचकेगी।

### चौंकाने में माहिर हैं नीतीश कुमार

नीतीश कुमार ने साल 2015 में सभी को चौंका दिया था, जब उनकी पार्टी ने महागठबंधन में शामिल होने का फैसला किया, जिसमें कट्टर प्रतिद्वंद्वी राजद और कांग्रेस शामिल थे। गठबंधन ने 2015 के विधानसभा चुनावों में शानदार जीत हासिल की, लेकिन राजद के साथ नीतीश कुमार का हनीमून अल्पकालिक साबित हुआ। दो साल से भी कम समय में उन्होंने अपने नये सहयोगी से किनारा कर लिया और बाद में भ्रष्टाचार के आरोपों पर अपने तत्कालीन डिप्टी तेजस्वी प्रसाद यादव के साथ मतभेदों को लेकर एनडीए के पाले में वापस चले गये। उन्होंने भविष्य में फिर कभी राजद से हाथ नहीं मिलाने का संकल्प लिया। भाजपा ने नीतीश कुमार को लपक लिया और उन्हें जुलाई 2017 में छठी बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलायी गयी। उन्होंने 2022 में फिर से राजद का दामन थाम लिया और फिर कभी भाजपा से हाथ न मिलाने का संकल्प लिया। अब 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले राज्य की ही नहीं, पूरे देश में विपक्ष की राजनीति की रूपरेखा तय करने के लिए सभी की निगाहें उन पर हैं।

## राजनीतिक हलचल

# पांच साल में 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले: मोदी

## केंद्र सरकार लोगों का पैसा बचा रही है

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने देश के गरीबों के लिए राशन, आवास और पेयजल सुविधा हर स्थिति में पहुंचाने के संकल्प को दोहराया। खंडवा जिले के छैगांवमाखन में कहा कि मेरे लिए इस देश में गरीब ही सबसे बड़ी जाति है और सरकार के लिए गरीब कल्याण सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

भाजपा सरकार के प्रयासों से पांच साल में 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। जब 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकल सकते हैं, तो पूरे देश के गरीब लोग इससे बाहर आ सकते हैं। हम उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। सिवनी की सभा में कहा कि हमारी सरकार लोगों का पैसा बचाने का काम कर रही है। भाजपा सरकार की अच्छी नीतियों से मोबाइल फोन और डाटा सस्ता हुआ है।

जन औषधि केंद्रों से 80 प्रतिशत छूट पर दवाएं मिल रही हैं। इससे लोगों के करीब 25 हजार करोड़ रुपये बचे। किसानों को 300 रुपये से कम में भी यूरिया की बोरी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों ने




राजकुमार राम को परमात्मा राम बना दिया। करीब छह दशक तक दिल्ली में राज करने के बावजूद कांग्रेस ने आदिवासी शब्द नहीं सुना था। केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनी तब अलग मंत्रालय बना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर पहुंच कर पूजा-अर्चना कर देश की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पहले पीएम मोदी जैन तीर्थ स्थल चंद्रगिरी पहुंचे। वहां जैन आचार्य विद्यासागर महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान मोदी ने संत विद्यासागर महाराज से लगभग 20 मिनट तक विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की। राजनांदगांव के भाजपा प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह भी इस दौरान उनके साथ थे।

# छत्तीसगढ़ चुनाव आज : पूर्व सीएम रमन सिंह समेत भाजपा और कांग्रेस के कई दिग्गजों की साख दांव पर

## पहले चरण की 20 सीटों पर 223 उम्मीदवार हैं चुनावी मैदान में

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 7 नवंबर को है। इस चरण में विधानसभा की 90 में से 20 सीटों पर वोटिंग होगी। इन सीटों पर पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह समेत भाजपा और कांग्रेस के कई दिग्गजों की साख दांव पर लगी है। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण की 20 सीटों पर 223 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमाने के लिए चुनावी मैदान में हैं। इनमें 198 पुरुष और 25 महिलाएं हैं।

दिग्गज उम्मीदवारों में भाजपा से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह और उनकी कैबिनेट में रह चुके पांच मंत्री शामिल हैं, जबकि



कांग्रेस से भूपेश बघेल के तीन मंत्री, एक सांसद और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और मौजूदा विधायकों की किस्मत 7 नवंबर को लिखी जायेगी। राजनांदगांव विधानसभा बेहद अहम है, क्योंकि यह सीट पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का गढ़ मानी जाती है। साल 2008 से 2018 तक वह इसी सीट से चुनाव लड़े और जीते। इस साल भी रमन सिंह को राजनांदगांव विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में उतारा गया है। रमन सिंह को टक्कर देने के लिए कांग्रेस ने पार्टी के वरिष्ठ नेता गिरीश देवांगन को यहां से खड़ा किया है।

# टिकट कटा तो फूट-फूट कर रोये पायलट समर्थक विधायक

**कहा: कभी नहीं सोचा था कि ऐसा दिन देखने को मिलेगा**

राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने हाल ही में सचिन पायलट के समर्थक विधायक खिलाड़ी लाल बैरवा का बसेड़ी विधानसभा से टिकट काट दिया है। इस बीच कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए खिलाड़ी लाल बैरवा फूट-फूट कर रो पड़े। उनका वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में खिलाड़ी लाल बैरवा अपने टिकट कटने से काफी



व्यथित नजर आ रहे हैं। वह कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भावुक होकर फूट-फूट कर रो पड़े। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि आपका प्रेम और प्यार पार्टी से भी अधिक मिला है। इस स्थिति में विधानसभा क्षेत्र की जनता को पीठ दिखा कर नहीं जाऊंगा। उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने के संकेत दे दिये हैं। उन्होंने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि ऐसा दिन देखने को मिलेगा। आप लोगों ने मुझे एमएलएऔर एमपी बनाया। मैं आपको पीठ नहीं दिखाऊंगा।

## सुविधा : पशुओं के लिए झारखंड में पहला अस्पताल शुरू

# राज्य में वेटनरी यूनिवर्सिटी की स्थापना जल्द : बादल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर वेटरिनरी यूनिवर्सिटी की स्थापना हेतु पहल की जा रही है। हम लोगों ने बजट उपबंध भी कर लिया है। उक्त बातें राज्य के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल ने हेसाग स्थित पशुपालन भवन में आदर्श हॉस्पिटल एवं वीडियो कॉल बेस्ड टेलीमेडिसीन सेंटर के उद्घाटन के दौरान कही।



हेसाग स्थित पशुपालन भवन में आदर्श हॉस्पिटल एवं वीडियो कॉल बेस्ड टेलीमेडिसीन सेंटर का उद्घाटन करते मंत्री बादल।

बादल ने कहा कि सरकार में सिस्टम से लेकर रिस्पॉन्स तक सब कुछ बदल रहा है। राज्य में ऐसे पशु चिकित्सालय की सख्त जरूरत महसूस की जा रही थी और आज इसका शुभारंभ कर दिया गया है। कहा कि केरल के दौरे के बाद हमें ये महसूस हुआ कि कृषि पशुपालन के क्षेत्र में हम काफी पीछे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे यहां प्रतिभाएं हैं, न्यूनतम संसाधनों में बेहतर काम करनेवाले पशु चिकित्सक हैं, जो उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। ये हमारे लिए बड़ी बात है। राज्य के सभी प्रखंडों और 23 जिलों में अस्पतालों का कायाकल्प हो, इसके लिए प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिए बजट को मल्टीपल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम का मिजाज बदल रहा है, इसलिए पशुपालन क्षेत्र कृषि का वैकल्पिक व्यवसाय बन सकता है। हमने दशहरा के पहले दुग्ध उत्पादकों को तीन रुपये प्रति किलो की बोनस की राशि उनके खाते में भेजी। उसका नतीजा यह हुआ कि लोगों में सरकार के प्रति भरोसा और मजबूत हुआ। जल्द ही हम 236 पशु एंबुलेंस की शुरूआत करने जा रहे हैं।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने कहा कि आज के दौर में तकनीक से अपग्रेड रहने की जरूरत है। आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी के माध्यम से बड़े-बड़े इलाज हो रहे हैं। वीडियो कॉल बेस्ड टेलीमेडिसीन तभी सफल होगा, जब आप कॉल करने वाले को तुरंत रिस्पॉन्स देंगे।

पशुपालन विभाग के निदेशक, आदित्य रंजन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पशुओं के इलाज के लिए राज्य में पहला अस्पताल शुरू हुआ है, जिसमें डॉक्टर और पैथोलॉजी के जानकार 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे। विभाग फेज वार राज्य में 100-100 अस्पताल के कायाकल्प का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# नयी दिशा देगा रोहतासगढ़ का रिसर्च परिणाम : बंधु

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि अपने संतुलित एवं समन्वित विकास के लिए आदिवासियों को अपनी समृद्ध पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ ही अपनी जड़ों पर ध्यान देना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आदिवासियों, विशेष कर उरांव जनजाति के लिए बेहद पवित्र एवं ऐतिहासिक दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण रोहतासगढ़ किले एवं आसपास के क्षेत्र में रहनेवाले आदिवासियों की शैक्षणिक, सामाजिक और वास्तविक स्थिति का आकलन करने के लिए होनेवाले अनुसंधान का परिणाम बहुत ही सकारात्मक होगा।



सोमवार को रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के परिसर में आयोजित एक समारोह में आम का डाहुरा दिखा कर शोधार्थियों के दल को रवाना करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि बदलती परिस्थितियों एवं परिवेश के अनुरूप आदिवासियों की आर्थिक, सामाजिक, रीति-रिवाज, उनकी परंपरा आदि को संजोने के साथ ही शैक्षणिक सामाजिक एवं आर्थिक स्तर पर उनका उन्नयन सबसे बड़ी चुनौती है। रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के समन्वयक एवं कुडुख भाषा विभाग के अध्यक्ष प्रो हरि उरांव ने कहा कि शोधार्थी दल के भ्रमण के दौरान रोहतासगढ़ में आदिवासियों विशेषकर उरांव जनजाति की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, रोजगार एवं उनके परिवार, पर्व-त्यौहार, रीति रिवाज का अध्ययन करने के साथ ही उनके पहुंचने और फिर पलायन के कारणों के विषय में भी विस्तृत अध्ययन किया जायेगा। प्रो उरांव ने कहा कि शोधार्थियों के दल के अनुसंधान के पश्चात प्राप्त परिणामों से झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी अवगत कराया जायेगा। सोमवार को सरिता कुमारी के नेतृत्व में रोहतासगढ़ रवाना हुए शोधार्थियों के दल में सुखराम उरांव, जगदीश उरांव, प्रियंका उरांव, शीला कुमारी शामिल हैं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | आज का दिन अनुकूल है। जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा। नौकरी में उन्नति। |
| वृष | राजनीतिक लाभ। कर्मक्षेत्र में सहयोगियों से अनुकूलता। प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा। |
| मिथुन | इच्छित कार्य सफल होगा। लाभकारी वातावरण की शुरुआत है। नये काम में लाभ मिलेगा। |
| कर्क | शुभ कार्य का संपादन करेंगे। सद्भावनाएं एवं शुभ संदेश प्राप्त होगा। उद्योग-व्यापार में सफलता। |
| सिंह | सामाजिक संपर्क प्रभाव का लाभ उठा सकते हैं। आदर-सम्मान की वृद्धि होगी। परिस्थितियों में सुधार। |
| कन्या | नयी आशाओं का उदय होगा। धैर्य से कार्य पूरे होंगे। धनागम के अवसर बढ़ेंगे। नौकरी में उल्लास। |
| तुला | समस्याओं का समाधान। परिश्रम से सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे। दायित्व निर्वहन में खर्च अधिक। |
| वृश्चिक | राजनीतिक संपर्क प्रभाव बढ़ेगा। चिंतित मनोरथ की सिद्धि होगी। बिजनेस में शुभ परिवर्तन। |
| धनु | आत्मविश्वास की वृद्धि। रुके कामों में प्रगति। कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा। |
| मकर | आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी। कार्य में सफलता। पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि। लाभ मिलेगा। |
| कुंभ | लाभकारी प्रयास सफल होगा। स्वजन-मित्रों का सहयोग। स्वावलंबन बढ़ेगा। आमदनी में वृद्धि होगी। |
| मीन | चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। परिश्रम का फल मिलेगा। प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा। |

# हॉकी मैच में बिजली समस्या, देश में छवि धूमिल करने का प्रयास: बाबूलाल

## देर से शुरू हुई थी एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह हॉकी स्टेडियम में भारत और जापान के बीच फाइनल मैच खेला गया था। इसमें भारत महिला टीम चैंपियन बनी थी। मैच निर्धारित समय पर रात के 8.30 बजे से शुरू होना था, पर लाइट की समस्या के कारण मैच 45 मिनट देर से शुरू हुआ था। इस मुद्दे को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि यह देश में राज्य की छवि धूमिल करने का प्रयास है। उन्होंने इस पर सरकार को घेरा है।



बाबूलाल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि झारखंड को धोखे एवं अंधेरे में रखने की आदी हो चुकी हेमंत सरकार। झारखंड वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2023 के फाइनल मैच में भी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित नहीं कर पायी। मुख्यमंत्री हेमंत की मौजूदगी में इंटरनेशनल मैच में ऐसी तकनीकी खराबी से भारत की अंतरराष्ट्रीय और विश्वगुरु की छवि को धूमिल किया जा रहा है।

गौरतलब है कि बिजली की समस्या मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में हुई थी। अंतरराष्ट्रीय मैच में बिजली की तकनीकी खराबी मैनेजमेंट में चूक माना जाता है। मैच का समय 8.30 निर्धारित था, जो बिजली समस्या (खराब रोशनी) के चलते 9.15 पर शुरू हो सका। इससे पहले चीन-कोरिया के बीच तीसरे और चौथे स्थान के लिए रविवार को ही खेले गये मैच के दौरान भी दो बार खराब लाइट की समस्या दिखी। तकरीबन 13 मिनट तक खेल रुका रहा। इससे पहले 29 अक्टूबर को भारत और चीन के बीच मुकाबले के दौरान भी खराब रोशनी के कारण 3 मिनट तक खेल बाधित हुआ था।

इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि स्टेडियम के चारों कोने में लगी हाइ मास्ट में शार्ट सर्किट के कारण फ्यूज उड़ गया था। इस कारण थोड़ी देर के लिए हाइलाइट मास्ट में बिजली कट गयी थी। उसे क्यूआरटी की टीम ने 40 मिनट में ठीक कर बिजली बहाल कर दी।

# खादी ग्रामोद्योग बोर्ड में दस लाख का गबन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड में ऑडिट के दौरान दस लाख रुपये गबन का मामला सोमवार को प्रकाश में आया है। इस संबंध में रांची कार्यालय के निरीक्षक दीनदयाल शर्मा ने सुखदेवनगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी है। मामले में विभूति कुमार राय को आरोपित बनाया गया है। विभूति राय जमशेदपुर शाखा में प्रबंधक के तौर पर पदस्थापित हैं। राशि का गबन चार बार में हुआ है।

जानकारी के अनुसार तीन अलग-अलग तारीख में पैसों की निकासी की गयी है। पहली बार में पांच लाख रुपये की निकासी 19 अप्रैल 2014 को हुई थी। दूसरी राशि दो लाख रुपये 29 अप्रैल 2014 को और तीसरी राशि तीन लाख 28 अप्रैल 2014 को निकाली गयी है। सुखदेवनगर थाना की पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# युवक के साथ मारपीट और छिनतई, केस दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के परहेपाट में सोमवार को एक बाइक सवार युवक के साथ मारपीट और छिनतई का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार मुरचू जा रहे हुरहुरी के बाइक सवार युवक तनवीर हसन को ओवरटेक कर रोकने के बाद तीन लोगों ने मारपीट की। इसके बाद आरोप लगाया गया है कि हथियार का भय दिखा कर बाइक (जेएच 01डीडी 7712 ), गले से सोने की चेन और पॉकेट से 50 हजार नकद मारपीट कर छीन लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपितों के घर से बाइक बरामद कर ली है। मामले को लेकर पीड़ित की ओर से रातू थाने में चांद अंसारी, महफुज अंसारी और जाबिर अंसारी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने सोशल मीडिया पर कहा

# प्रेम प्रकाश से हमारी या अमन साहू की कोई बातचीत नहीं हुई

**जेल में बंद हमारे गैंग के किसी और साथी से बात हुई हो, तो वह जांच का विषय है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने सोशल मीडिया पर प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि इडी के अधिकारियों पर हमला कराने के लिए प्रेम प्रकाश से कोई बातचीत नहीं हुई है। सोशल मीडिया पर जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी हुई कि हमारे गैंग का नाम रांची जेल में बंद प्रेम प्रकाश के साथ जुड़ रहा है। साथ ही यह दावा किया जा रहा है कि इडी के अधिकारियों पर हमला कराने के लिए गोली चलवाने के लिए प्रेम प्रकाश द्वारा हम लोगों से संपर्क साधा गया है। यह बिल्कुल गलत बात और झूठा आरोप है। ऐसी कोई भी बातचीत बॉस या मुझसे प्रेम प्रकाश के द्वारा नहीं हुई है। रांची जेल में हमारे गैंग के कई सदस्य बंद हैं, अगर उनमें से किसी सदस्य के साथ प्रेम प्रकाश की ऐसी कोई बात हुई है, जो इडी के संज्ञान में आयी है, तो यह जांच का विषय है। हमारे गैंग का इस कंट्रोवर्सी से कोई लेना-देना नहीं है। सोशल मीडिया पर जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि हमारे गैंग की बंदूक की गोली किसी नेता या प्रेम प्रकाश जैसों के इशारे पर नहीं निकलती है। इस सरकार में हमारे अमन साहू गैंग से भी ज्यादा किसी और गैंग पर कार्यवाही हुई है। बॉस का हर दो महीने में जेल से ट्रांसफर होता है। किसी कोल व्यापारी की हत्या हो, ट्रांसपोर्टर की हत्या हो, कोयला चोर की हत्या हो, जेल अधिकारी की हत्या हो, तो हमारे गैंग का नाम आयेगा, वह अलग बात है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में हम ज्यादा सताये हुए लोग हैं।

## पांच दिनों में कटे 1213 चालान



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची की ट्रैफिक पुलिस लगातार यातायात का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है। इसी क्रम में पिछले पांच दिनों में मेकॉन चौक, देवेंद्र मांझी चौक, राजेंद्र चौक, रतन पीपी चौक, कर्बला चौक और सर्जना चौक सहित अन्य स्थानों पर विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 1213 चालान काटा गया। इसमें रॉन्ग पार्किंग का 1052, सिग्नल उल्लंघन का 50 और नो एंट्री में गाड़ी परिचालन करने पर 111 चालान काटा गया है। ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव ने सोमवार को बताया कि लगातार डीएसपी के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है। ट्रैफिक उल्लंघन करनेवालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। इसके अलावा जाम से निजात दिलाने के लिए भी लगातार काम किया जा रहा है।

# अमृत भारत स्टेशन के तहत पिस्का का चयन

**सिल्ली इलू बाइपास रेल लाइन का डीपीआर तैयार, एलेप्पी एक्सप्रेस में बढ़ा रांची से सीटों का कोटा**

**राज्य सरकार के पाले में चुटिया ओवर ब्रिज का निर्माण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पिस्का रेलवे स्टेशन का चयन अमृत स्टेशन योजना के तहत किया गया है। यहां 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज, अच्छी छत के साथ लिफ्ट और अन्य कई अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। उपरोक्त आशय की जानकारी दक्षिण पूर्व रेलवे के उप महाप्रबंधक पंकज कुमार गुप्ता ने सांसद संजय सेठ को दी। पंकज गुप्ता ने रांची और चक्रधरपुर रेल मंडल की मंडल स्तरीय बैठक में सांसदों के द्वारा उठाये गये बिंदुओं को लेकर सभी सांसदों को जवाब लिखा है।

सांसद को दिये जवाब में उन्होंने बताया कि रांची रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास का कार्य मई 2025 तक पूर्ण होने की पूरी संभावना है। वहीं भागलपुर पुनदाग क्षेत्र में बनने वाले अंडरपास योजना को स्वीकृति के लिए बोर्ड को भेजने की तैयारी हो गयी है। चुटिया में बनने वाला फ्लाई ओवर केंद्र और राज्य के 50-50 के अनुपात में बनाया जाना है। इसे राज्य सरकार को ही पूर्ण करना है। वहीं बालालोंग, पिस्का, सिंहपुर रेल लाइन को लेकर जमीन अधिग्रहण का कार्य प्रक्रियाधीन है।

सिल्ली इलू बाइपास लाइन के संदर्भ में सांसद को यह बताया गया कि इसका फाइनल सर्वे पूर्ण किया जा चुका है। डीपीआर की तैयारी भी की जा रही है। जानकारी दी गयी है कि धनबाद एलेप्पी एक्सप्रेस में पहले की तुलना में रांची से सीटों का कोटा बढ़ाया गया है। थर्ड एसी में 23 सीट बढ़ायी गयी है जबकि स्लीपर क्लास में 16 सीटों का कोटा बढ़ाया गया है।

# भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव को एक और मामले में राहत

**उच्च न्यायालय ने पीड़क कार्रवाई करने पर लगायी अंतरिम रोक**

**प्रतुल ने अपनी याचिका में शासन प्रशासन की शह से स्क्रैप माफियाओं के द्वारा फर्जी मुकदमे में फसाने का आरोप लगाया था**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव को एक और मामले में उच्च न्यायालय से अंतरिम राहत मिल गयी है। न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी ने प्रतुल शाहदेव के द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए उन पर किसी भी पीड़क कार्रवाई करने पर पुलिस पर अंतरिम रोक लगा दी और प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया। इस केस की अगली तिथि 18 दिसंबर, 2023 को रखा गया।



ज्ञातव्य है कि एजाज अंसारी ने चंदवा थाने में 30 सितंबर को प्राथमिकी संख्या 174/2023 दर्ज कर प्रतुल शाहदेव और उनके सहयोगियों पर धमकी देने और गवाह को प्रभावित करने का आरोप लगाया था। प्रतुल की ओर से बहस करते हुए वरीय अधिवक्ता एवं पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार ने न्यायालय को बताया कि प्रतुल शाहदेव ने लातेहार के बंद पड़े अभिजीत प्लांट में शासन प्रशासन की शह से हो रहे स्क्रैप लूट के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया था, जिससे वह स्क्रैप माफिया के निशाने पर थे। वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने न्यायालय को शिकायतकर्ता एजाज अंसारी के अपराधिक इतिहास की पृष्ठभूमि दिखाते हुए उस पर दर्ज स्क्रैप चोरी के अनेक मामलों का जिक्र किया।

# अमित महतो को मिली सुप्रीम कोर्ट से जमानत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व विधायक और खातियानी झारखंडी पार्टी के नेता अमित महतो को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गयी है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आर एस बोपन्ना और जस्टिस नरसिम्नहन की बेंच में अमित महतो की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। अमित महतो की ओर से वरीय अधिवक्ता संजीव कुमार ने बहस की। रांची सिविल कोर्ट ने वर्ष 2018 में अमित महतो को सोनाहतू सीओ के साथ मारपीट के केस में दो वर्ष की सजा सुनायी थी, जिसके बाद उनकी विधानसभा की सदस्यता खत्म हो गयी थी। सिविल कोर्ट के आदेश के खिलाफ अमित महतो ने झारखंड हाइकोर्ट में अपील दायर की थी। हाईकोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को कम करते हुए एक साल की सजा निर्धारित की थी, जिसके बाद अगस्त 2023 में अमित महतो ने सरेंडर किया था।

# साइबर अपराधियों का लोकेशन बतायेगा झारखंड पुलिस का प्रतिबिंब एप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देशभर में साइबर ठगी में उपयोग किये गये मोबाइल नंबर का जियोग्राफिकल लोकेशन प्रतिबिंब एप बतायेगा। झारखंड पुलिस ने प्रतिबिंब नामक इस वेबसाइट को तैयार किया है, जिसको लागू करने से वैसे सभी मोबाइल नंबरों की जियोग्राफिकल लोकेशन को देखा जा सकेगा, जो साइबर क्राइम में देश भर में उपयोग किये गये हैं। यह डेटा पूरे देश का भारत के नक्शे पर आयेगा, जिससे किसी भी राज्य में अपराधियों द्वारा प्रयोग किये जा रहे मोबाइल नंबरों की फिजिकल या जियोग्राफिकल लोकेशन नजर आयेगी।

**साइबर अपराध मामले में झारखंड देशभर में दूसरे स्थान पर**



साइबर अपराध के मामले में राजस्थान पहले स्थान पर है। वहीं झारखंड देशभर में दूसरे स्थान पर है। झारखंड में पिछले साढ़े चार सालों (साल 2019 से जुलाई 2023 तक) में साइबर अपराध के 5350 मामले सामने आये हैं। इसमें 1432 मामले सिर्फ राजधानी रांची में दर्ज हुए हैं। इसके अलावा धनबाद में 496, देवघर में 405, जमशेदपुर में 384 और हजारीबाग में 348 मामले दर्ज किये गये हैं।

**झारखंड में साढ़े चार साल में साइबर अपराध के इतने मामले आये सामने :** रांची-1432, धनबाद- 406, देवघर- 405, जमशेदपुर -384, हजारीबाग-348, जामताड़ा- 345, गिरिडीह-224, रामगढ़-177, पलामू-170, लातेहार-161, बोकारो-150, सरायकेला-154, दुमका-120, गोड्डा-115, चतरा-105, गुमला-92, साहिबगंज-91, चाइबासा-90, पाकुड-83, गढ़वा-80, कोडरमा-72, खूंटी-48, लोहरदगा-45, सिमडेगा-44, कुल-5350 मामले।

**झारखंड के आठ जिलों में साइबर क्राइम थाना का होगा गठन :** झारखंड के आठ जिलों में साइबर क्राइम थाना का गठन होगा। इसमें बोकारो, रामगढ़, चाइबासा, रांची, लातेहार, हजारीबाग, दुमका और सरायकेला जिला शामिल हैं। अभी झारखंड के जामताड़ा, देवघर, गिरिडीह, धनबाद, जमशेदपुर और पलामू में साइबर क्राइम थाना कार्यरत है।

बता दें कि साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए झारखंड पुलिस मुख्यालय ने गृह विभाग को अन्य जिलों में भी साइबर थानों के सृजन का प्रस्ताव भेजा था। इस प्रस्ताव पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद सहमति मिल गयी है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. टीआरडी-आरएनसी-23-24-25, दिनांक 03.11.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं । **कार्य का संक्षिप्त विवरण :** रामगढ़ टाउन रेलवे स्टेशन के पास विकास नगर में 3.05 मीटर चौड़े एफओबी के प्रावधान के कारण ओएचई का रूपांतरण। **कार्य की अनमानित लागत:** ₹ 5,56,063.63। **ईएमडी/बोली प्रतिभूति :** ₹ 11,100/-। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 27.11.2023 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास श्रेणी-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए तथा वे आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होने चाहिएं। सिर्फ पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। **(PR-775)**

## रक्त जांच शिविर का आयोजन



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** प्राथमिक विद्यालय असनाबाद इंदरवा छठ तालाब के नजदीक सेवा भारती और रेडक्लिफ लैब के संयुक्त तत्वावधान में रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शुगर, कैलेस्ट्रोल, क्रेटनिंग, कैल्शियम, यूरिक एसिड, थाइराइड इत्यादि की जांच की गयी। टेक्निशियन के रूप में रेडक्लिफ लैब के आशीष शर्मा और मुकेश कुमार ने ब्लड का सैंपल कलेक्ट किया। वहीं आशीष शर्मा ने बताया कि सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से यह लैब जरूरतमंद लोगों को प्रत्येक रविवार को भिन्न-भिन्न जगहों पर शिविर आयोजित कर रियायती दरों पर रक्त की जांच करती है। सेवा भारती के जिला सचिव आलोक कुमार सिन्हा ने बताया कि सेवा भारती सामाजिक क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाते हुए जरूरतमंद लोगों को हर संभव मदद के दृष्टिकोण से समय-समय पर इस प्रकार का आयोजन करती है। जांच कराने वालों में संदीप कुमार, कृष्णचंद्र कन्हैया, बीरेंद्र शर्मा, जमुना यादव, संतोष कुमार ने कहा कि सेवा भारती और रेडक्लिफ लैब का यह कार्य काफी सराहनीय है।मौके पर निरंजन कुमार, महेश यादव, कपिलदेव यादव, बाबूलाल पंडित, बीरेंद्र राम, बिशु झा, अनिमेष कृष्ण आदि उपस्थित थे।

## अपेक्षा को कृषि मंत्री ने दी शुभकामनाएं



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झुमरीतिलैया की अपेक्षा मोदी को बीपीएससी में सातवां स्थान प्राप्त होने पर झारखंड सरकार के कृषि पशुपालन और सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख ने शुभकामना संदेश प्रेषित किया। ज्ञात हो कि कोडरमा के प्रखंड कृषि पदाधिकारी और झुमरी तिलैया बायपास रोड निवासी रवि शंकर बर्नवाल की पुत्री अपेक्षा मोदी ने बीपीएससी के 67वीं परीक्षा में सातवां स्थान प्राप्त किया है, जिसकी जानकारी प्राप्त होने पर मंत्री ने अपेक्षा के पिता को फोन द्वारा शुभकामना प्रेषित किया। मंत्री के निर्देश पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू के साथ कोडरमा जिला कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल ने अपेक्षा मोदी के निवास पर बुके शौल और मोमेंटो देकर अपेक्षा मोदी को सम्मानित किया। प्रदेश महिला सचिव प्रीति सहाय ने मिठाई खिलाकर कोडरमा जिला का नाम रौशन करने हेतु धन्यवाद दिया। अपेक्षा के पिता रविशंकर बर्नवाल और मां मंजू मोदी ने बताया कि पहली बेटी होने पर हमें इससे बहुत उम्मीद थी अतः इसका नाम अपेक्षा रखा और आज बीपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर यह हमारे विश्वास पर खरी उतरी। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष संजय सेठ, महासचिव आशीष पांडेय, जयप्रकाश बर्नवाल, संजय कुमार और अपेक्षा मोदी के पारिवारिक सदस्य उपस्थित रहे।

## छठ पूजा समिति के अध्यक्ष बने रामप्रसाद



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के घंघरी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सार्वजनिक छठ पूजा समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता महेश सिंह ने की। इस अवसर पर समिति का पुनर्गठन किया जिसमें सार्वजनिक छठ पूजा समिति के अध्यक्ष पद के लिए सेनि शिक्षक रामप्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष मनोज सिंह, राजकुमार पासवान, सचिव महेश पांडेय, उप सचिव महेश सिंह, बसंत नारायण सिंह, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार उर्फ बब्लू राणा, उप कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, संरक्षक छोटेलाल सिंह, मेला प्रभारी सुनील सिंह, दीपक गिरी एवं पुजा प्रभारी अमर सिंह, उमेश शर्मा, सुरक्षा प्रमुख रणजीत सिंह, अवित सिंह, विक्रम सिंह, सुल्तान सिंह, स्वच्छता प्रभारी अशोक मंडल, महिंद्र राणा, सुरेंद्र सिंह, आनंद शर्मा, मीडिया प्रभारी मनोहर सिंह, परमानंद गिरि का चयन किया।

## डीएवी के उदय और प्रिंस क्वीज में स्टेट टॉपर




**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया कोडरमा के कक्षा सातवीं के प्रिंस कुमार और कक्षा अठवीं के उदय शंकर यादव के छात्र ने राज्य स्तरीय क्वीज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाकर राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में अपनी जगह सुनिश्चित ली है। भारत विकास परिषद् द्वारा 5 नवंबर को आयोजित राज्य स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता जो देवघर में आयोजित किया गया। उस राज्य स्तरीय क्वीज प्रतियोगिता में डीएवी कोडरमा के बच्चों ने अपनी ज्ञान, कड़ी मेहनत और विद्यालय के शिक्षक दिनेश कुमार दुबे के मार्गदर्शन में प्रथम स्थान लाकर राष्ट्रीय स्तरीय क्वीज प्रतियोगिता में अपना स्थान बना लिया। झारखंड बंगाली एसोसिएशन, कोडरमा द्वारा आयोजित सिट एंड ड्रा प्रतियोगिता में डीएवी कोडरमा के जनक कुमार साव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के इन उपलब्धियों पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने प्रतिभागियों व मार्ग दर्शक शिक्षक की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

# अफसरशाही के खिलाफ ग्रामीणों ने किया जनआक्रोश हल्ला बोल

आजाद सिपाही संवाददाता



**इचाक।** प्रखंड मुख्यालय प्रांगण में बीडीओ और सीओ के खिलाफ ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के द्वारा हल्ला बोल आंदोलन किया गया। यह आंदोलन युवा नेता गौतम कुमार के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का संचालन गजेंद्र प्रजापति ने किया। इस हल्ला बोल में महिला और पुरुष ने अपनी हक व अधिकार के लिए पदाधिकारियों के खिलाफ आवाज बुलंद किया। युवा नेता गौतम कुमार ने कहा कि मुख्यालय में अफसर की मनमानी जो चला सो चला अब ये मनमानी नही चलने देंगे। इचाक में स्थित मंदिर, तालाब, अखाड़ा से संबंधित कई एकड़ जमीन है। इस पर भूमाफियांओ की नजर है। पदाधिकारी व भू माफियाओ के मिलीभगत से जमीन का बंदरबांट किया जा रहा। रजिस्टर 2 चोरी हुए कई वर्ष बीत गए लेकिन अभी तक मुख्यालय में वापस नहीं लाया गया। भगवती मठ के दो एकड़ जमीन का फर्जीवाड़ा किया गया। लाखो रुपया लेकर मंदिर के जमीन को लीपापोती किया। उपायुक्त इस जमीन को तुरंत संज्ञान में लेकर जनता के हित में सुपुर्द करें। वही मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सिकेन्द्र मेहता ने कहा कि ब्लॉक के पदाधिकारी पुरा ब्लॉक को खा कर रख दिया। आंदोलन में श्रीराम सेवा संगठन के सुजीत मेहता, हिंदु राष्ट्र संघ के मनोज मेहता, समाजसेवी चंदन मेहता, राजेश कपरदार, दयानंद मेहता, करियातपुर पंचायत के मुखिया मोदी कुमार, बोंगा मुखिया उमेश मेहता, मुरली प्रसाद मेहता, रंजीत कुमार, रविन्द्र यादव, रंजीत यादव, सुमन कुमार, पंकज दास, सोनु कुमार, सुमा देवी, मिथलेश माली सहित कई लोग मौजुद थे।

## नाबालिग का यौन शौषण

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के मासीपीडी गांव में एक नाबालिग लड़की के साथ शादी का झांसा देकर यौन शौषण करने का मामला सामने आया है। इस बाबत पीड़िता ने बरकट्ठा थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी। पीड़िता ने आवेदन में लिखा कि आज से छः माह पूर्व ग्राम सलैया निवासी नरेश कुमार पिता शहदेव प्रशाद ने मुझे फोन कर बताया कि हम तुमसे प्यार करता हूं और तुमसे शादी करना चाहता हूं। फिर मुझसे मिला और शारीरिक संबंध बनाया। पुनः 5 नवंबर की शाम को मोबाइल नंबर 8797721036 से फोन कर बोला की मैं तुम्हारे घर के पास आ रहा हूं तुम मुझे मिलो। जब मैं उससे मिली तो फिर उसने बगल में एक बंद विद्यालय में ले गया और मेरा कपड़े उतार कर शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास करने लगा। उसी समय मेरे चाचा आये और मुझे बचाये। पुछने पर उसने शादी करने से इंकार कर दिया। आवेदन में मिलने पर बरकट्ठा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही थी।

## अहोइ अष्टमी को लेकर महिलाओं ने किया व्रत

आजाद सिपाही संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** चंद्रदेव को अर्घ्य देकर पति की लंबी आयु की कामना का पर्व करवा चौथ के बाद अब अहोइ अष्टमी सुहागिनें को संतान सुख और समृद्धि की कामना के इस पर्व पर महिलाएं चंद्रदेव के साथ ही तारों की भी पूजा की। तारों के बाद देर रात चंद्रदेव को अर्घ्य देने के बाद उपवास तोडा। गृहिणी द्रोपती देवी फतेहसरिया, कुसुम देवी ने बताया कि संतान होने और संतान प्राप्त महिलाएं उनकी समृद्धि के लिए पूजन करती हैं। कार्तिक मास में कृष्ण पक्ष अष्टमी को अहोई अष्टमी के रूप में मनाते हैं। इस दिन माता पार्वती के अहोई स्वरूप की अराधना की जाती है। निसंतान महिलाएं बच्चे की कामना में अहोई अष्टमी का व्रत रखती हैं। पंडित गौतम पांडय ने बताया कि यह पर्व समाजिक समरसता और संतान की समृद्धि का प्रतीक है।

## योजना का लाभ उठायें ग्रामीण: संजीव बेदिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** गोंदलपुरा पंचायत अंतर्गत सेहदा गांव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की पंचायत स्तरीय बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता चूरामन गंझु एवं संचालन मनोज सोरेन ने किया। बैठक में दूसरे दल को छोड़कर तकरीबन 200 लोग झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। बतौर मुख्य अतिथि झामुमो केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार संयुक्त सदस्य संजीव कुमार बेदिया उपस्थित हुए। बेदिया ने संबोधित करते हुए कहा आदिवासी मूलनिवासी महिला पुरुष भूमिहीन व्यक्तियों के लिए हेमंत सोरेन सरकार जमीन देने कार्य कर रही है। आदिवासी मूल निवासी के लिए अबुआ वीर दिशोम आवास का योजना पूरे झारखंड में चल रहा है उसका लाभ उठायें ग्रामीण । प्रखंड मुख्य संयोजक संजय सिंह के नेतृत्व में गोंदलपूरा पंचायत कमेटी विस्तार किया गया। जिसमें अध्यक्ष चूरामन गंझु उपाध्यक्ष कार्तिक सोरेन, दिनेश मरांडी, विनीता कुमारी, सचिव राजेश हसदा, संयुक्त सचिव सुनील सोरेन, कार्यकारिणी सदस्य बैजनाथ गंझु, मनीता देवी आदि को बनाया गया। वहीं मौके पर उपस्थित झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, मुख्य संयोजक संजय सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, मुकेश रावत, इंद्रदेव राम, गिरजा भुईयां, महेन्द्र पासवान, वार्ड सदस्य संजय सोरेन, राजेश गंझु, संजय मरांडी, सुनील मरांडी, पौलूस मांझी, सरना मांझी, किशोर हंसदा, दिनेश हंसदा, महावीर सोरेन, इत्यादि सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

## 8 को डीसी के समक्ष सखी संघ का प्रदर्शन

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण सखी को पुनः बहाल करने की मांग को लेकर 8 नवंबर को उपायुक्त के समक्ष पोषण सखी प्रदर्शन करेगी। यह निर्णय ब्लॉक परिसर में सोमवार को कोडरमा जिला पोषण सखी संघ की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गायत्री पासवान जबकि संचालन जिला सचिव जरीना खातुन ने किया। छह जिलों में 8 को उपायुक्त के समक्ष धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र सौंपा जायेगा। बैठक में पिंकी, रेशमी, निशा भारती, प्रीति कुमारी, सरिता, बेबी, प्रियंका, पिंकी कुमारी, ललिता देवी, उर्मली देवी, रेखा देवी, गुड़िया देवी आदि मौजूद थी।

## स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के राजाबर पंचायत के ठेसवा स्थित बिरहोर टोला में सोमवार को एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से 60 लोगों को स्वास्थ्य की जांच कर निशुल्क दवा का वितरण किया गया। इस दौरान शिविर के माध्यम से बिरहोर परिवार के सदस्यों (आदिम-जनजाति बिरहोर) की हिमोग्लोबीन और ब्लड प्रेशर, शुगर, सामान्य जांच की जांच की गई। वहीं आयुष्मान मित्र विक्रम कुमार के द्वारा शिविर के माध्यम से 32 बिरहोर परिवारों को आयुष्मान कार्ड बनाया गया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सत्यनारायण भकत, डॉ शिरीन बानो, सीएचओ जयंती टोप्पो, एएनएम रंजना कुमारी, धर्मशीला कुमारी, सहिया सरिता देवी, सेविका सुनीता देवी, सहायिका कली देवी, एमपीडब्ल्यू सुनील कुमार, रंजन कुमार, कमलेश कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में नीलगाय की मौत

**मरकच्चो(आजाद सियपाही)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित तेतरिया नदी पुल के समीप रविवार की रात्रि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से नीलगाय के बछड़ा की मौत हो गयी। जिसपर सोमवार की सुबह उक्त स्थल पर सड़क किनारे गुजर रहे राहगीरों की नजर पड़ी। इसकी सूचना वन विभाग को दिया गया। सूचना मिलते ही वन विभाग के वनरक्षी मनोज कुमार मरांडी अपने अन्य वन कर्मी के साथ उक्त स्थल पर पहुंचकर मृत नीलगाय के बछड़े के शव को कब्जे में लेकर उसका पंचनामा बनाया और शव का अंत्यपरीक्षण कराने हेतु डोमचांच स्थित जेरुआडीह पशु चिकित्सक केंद्र भेजा। पशु चिकित्सको की टीम ने नीलगाय बछड़े के मृत शव का पोस्टमार्टम किया। जिसके बाद वन विभाग के कर्मियों ने बरियारडीह वन परिसर में नीलगाय के बछड़े शव को मिट्टी में दफन कर दिया।

## एसडीओ ने छठ घाटों की साफ-सफाई को लेकर की बैठक

# विधि और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** आगामी दीपावली, छठ पर्व को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना की अध्यक्षता में छठ घाटों की साफ-सफाई, विधि व्यवस्था व ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर बैठक संपन्न हुआ। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने शहरी क्षेत्रों में छठ घाटों की जानकारी सभी नगर प्रशासक से ली और ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित छठ घाटों की जानकारी सभी प्रखंड विकास पदाधिकारीयों से ली। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी नगर प्रशासक से कहा कि अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत सभी छठ घाटों की साफ-सफाई करेंगे। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के छठ घाटों की साफ-सफाई को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि छठ पर्व समितियों के साथ बैठक कर साफ-सफाई व लाइटिंग से संबंधित कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी छठ घाटों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर पानी की साफ-सफाई करेंगे। छठ व्रतियों के जाने वाले रास्ते की भी साफ-सफाई करेंगे। नगर प्रशासक व प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिये की छठ घाटों में अपने अपने स्तर से गोताखोर की प्रतिनियुक्ति करेंगे। सिविल सर्जन को निर्देश देते हुए कहा कि छठ घाटों के पास एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे और एंबुलेंस में चिकित्सक के साथ कर्मी की प्रतिनियुक्ति करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य उपकेंद्र का शिलान्यास



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के भराजो पंचायत भवन के पास बनने वाला सामुदायिक स्वास्थ्य उपकेंद्र का शिलान्यास सोमवार को बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने शिलापट्ट अनावरण कर किया। यह स्वास्थ्य उपकेंद्र डीएम एफ टी से बन रहा है। शिलान्यास के बाद लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण हो जाने के बाद यहां चिकित्सक बैठेगा जिससे लोगों को छोटी मोटी इलाज यहां हो जायेगा। इसके साथ ही प्रखंड की समस्या का समाधान करना पहली प्राथमिकता है। मौके पर जिप सदस्य रामप्रसाद, प्रमुख संतोष मंडल, उपप्रमुख रवि वर्णवाल, मुखिया स्वास्तिका कुमारी, पंसस शोभा देवी, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, रामप्रसाद कुशवाहा, दशरथ नारायण सिंह, प्रवील प्रसाद, कौलेश्वर कुमार, सुधीर कुमार, बैजनाथ प्रजापति, कृष्णा कुमार, नारायण विश्वकर्मा, मनिषकांत, मनोज कुमार, दीपक कुमार, शंभु प्रसाद, सुरेश प्रसाद, संतोष कुमार, सुरेंद्र राणा, मुकेश कुमार, पिंटु कुमार, उमीर्ला कुमारी, पिंकी देवी, रेणु देवी, गीता देवी, रीता देवी, प्रकाश रवि, नागेश्वर प्रजापति, संवेदक सुभाष कुमार समेत अन्य उपस्थित था।

## बाल विवाह को लेकर कार्यशाला



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** यहां के प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बाल विवाह उन्मूलन और बाल शोषण मुक्त जागरूकता अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख जैबुन निशा तथा संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि हमें बाल शोषण से जुड़े घटित घटनाओं के कारण का पता लगाना चाहिए तथा उसके रोकथाम के लिए प्रयास करना जरूरी है। अंचलाधिकारी रामबालक कुमार ने कहा कि शैक्षणिक रूप से कमजोर तथा जागरूकता के अभाव में बाल हिंसा होती है। बाल मजदूरी करना एक हिंसा है और इसका रोकथाम आवश्यक है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप प्रमुख सरयू साव, सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, सुशील मंडल, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी, घनश्याम पाठक, मुखिया निर्मल कुमार, रामचंद्र यादव, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी वंशीधर राम, पंचायती राज पदाधिकारी रामचंद्र दांगी, जेएसएलपीएस से रामगिरी प्रसाद, विष्णुगढ़ थाना से सब इंस्पेक्टर नसीम अंसारी, समाधान संस्था से रश्मि लता समेत सभी पंचायत के पंचायत सेवक तथा जनप्रतिनिधि शामिल थे।

## बच्चों में बांटी गयी पोशाक और कॉपी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** सांढ़ पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पूर्व मुखिया भीखन महतो ने शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया। जिसमें पोषाक तथा कॉपी का वितरण विद्यालय के नामांकित बच्चो के बीच किया गया। इस दौरान पूर्व मुखिया भीखन महतो ने कहा कि बेहतर समाज के लिए शिक्षित होना बहुत जरूरी है, शिक्षा के महत्व को देखते हुए झारखंड सरकार समस्त नागरिकों को शिक्षित करने के लिए कई प्रकार का महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही है आगे उन्होंने कहा कि जिस तरह शिक्षा के बिना बेहतर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। उसी तरह शिक्षा के बिना बेहतर समाज का निर्माण भी संभव नहीं है। मौके पर पूर्व मुखिया भीखन महतो, प्रधानाध्यापक उचित्रा सिंह, प्रबंधन समिति अध्यक्ष शिवनाथ प्रसाद, गिन्नी वर्मा, नोज नायक, परमेश्वर महतो, उमेश प्रसाद दांगी, प्रकाश कुमार, प्रहलाद कुमार, शाहिद अन्य ग्रामीण विद्यार्थी उपस्थित थे।

## छठ पूजा समिति के अध्यक्ष बने बिंदु सोनी



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड का प्रसिद्ध छठ घाट बेलवा नदी छठ घाट मे भव्य छठ पूजा मनाने को लेकर अंबेडकर भवन बरकट्ठा में बैठक पूर्व मुखिया बसंत साव के अध्यक्षता में किया गया। बैठक में छठ पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा किया गया। साथ ही पूर्व मुखिया बसंत साव ने कहा गया है छठ पूजा सभी सनातनियो का सबसे बड़ा आस्था का केंद्र है। बैठक में पूजा समिति का चुनाव किया गया जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष बिंदु सोनी, उपाध्यक्ष दिलीप सोनी, कोषाध्यक्ष धीरज गुप्ता, उप कोषाध्यक्ष चंदन मोदी, सचिव संतोष साहनी, उप सचिव राहुल गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक गुप्ता संरक्षक मंडली सुनील श्रीवास्तव संजय गुप्ता, अशोक नायक, पूर्व मुखिया बसंत साव, कुंदन सोनी, पीतांबर नायक और कार्यकारिणी समिति में शेरा गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, सुजीत विश्वकर्मा, संजय कुमार दास, नीरज शिशु, राहुल सोनी, विक्रम सोनी, सुमन गुप्ता, अजीत विश्वकर्मा, प्रदीप सिंह, अजीत गुप्ता, सोनू सोनी, अजीत सोनी, संजय विश्वकर्मा, अनूप गुप्ता को मनोनीत किया गया।

# मुखिया संघ की बैठक में बीडीओ के व्यवहार की निंदा



आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडू।** मोडू प्रखंड मुखिया संघ की एक आवश्यक बैठक ब्लॉक परिसर में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता संध के अध्यक्ष संजय प्रसाद ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कॉनगाड़ी के द्वारा मुखियाओं के प्रति व्यवाहर की घोर निंदा की गयी। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि बीडीओ कार्यालय में जाने के बाद मुखियाओं को सम्मान नहीं दिया जाता है। विकास के कार्यो चर्चा करने पर बीडीओ का साकारात्मक रवैया मुखिया के प्रति नहीं रहता है। उल्टे मुखियाओं को जेल भेजने की धमकी देते हैं। इससे सभी मुखिया आहत है। बैठक में राजेन्द्र कुमार (राजु), राकेश कुमार, पूजा सिंह, बुच बाबा, अमिता देवी, (भाण्ड) अनिता देवी (बदला) गुडिया देवी, रामेश्वाराम गिरधारी, अशोक महतो, करण बेदिया, बुलबुल कुमारी, निर्मल करमाली, सरोज कुमारी सरेन्द्र दास, गिता देवी आदि उपस्थित थे।

# दो अपराधियों ने छह राउंड गोली चलायी, सर्वेयर घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** शिवपुर-कठौतिया रेलवे निर्माण लाईन कार्य में लगी कंस्ट्रक्शन कम्पनी में बाइक पर सवार होकर आये अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने गोलीबारी किया। जिसके कारण क्षेत्र में काफी दहशत व्याप्त है। गोलीबारी कि यह घटना टंडवा थाना क्षेत्र के धनगड्डा-रक्शी गांव की है। जानकारी के अनुसार बाईक पर सवार होकर आये दो अपराधियों ने अचानक ताबड़तोड़ 6 राउंड गोली चलायी। जिसमें कम्पनी के सर्वेयर अमित झा गोली लगने से घायल हो गया। उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां



चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज कर रिम्स रेफर कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कंपनी के सर्वेयर और साइट इंचार्ज रेलवे पुल के निर्माण के निरीक्षण के लिए गये थे। इस दौरान अपराधी उनकी रेकी कर रहे थे। इसी बीच रक्शी गांव में चल रहे ब्रिज निर्माण कार्य के साइट पर पहुंचते ही अपराधियों ने उनको निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ 6 राउंड गोलियां चलायी। जिसमें सर्वेयर गोली लगने से घायल हो गया। इस घटना से कंपनी के कर्मचारी के साथ-साथ आसपास के लोगों में दहशत व्याप्त है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन तथा मुख्यालय डीएसपी केदार राम घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया इस दौरान पुलिस ने घटनास्थल से गोली का खोखा भी बरामद किया। पुलिस इस मामले की हर पहलू पर जांच कर रही है।

# जिंदल पैंथर ने अचीवर्स ब्ल्यू को हराया



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** नई दिल्ली के जयपुर पोलो मैदान में आयोजित पोलो टुनामेंट में जिंदल पैथर की टीम ने जीत हासिल किया है। इसमें पोलो खिलाड़ी नवीन जिन्दल के नेतृत्व में सैंटियागो मरांबियो, अर्जुन पुरस्कार विजेता सिमरन शेरगिल और सिद्धांत शर्मा ने अपने आक्रामक खेल की बदौलत टीम जिंदल पैंथर को शानदार जीत दिलाई है। टीम जिंदल पैंथर ने बेहद रोमांचकारी मैच में अचीवर्स ब्ल्यू को सोथेबीज इंटरनेशनल रियल्टी इंडियन मास्टर्स पोलो टूर्नामेंट 14 गोल के फाइनल में 8 के मुकाबले 9 गोल से हरा दिया। नई दिल्ली के जयपुर पोलो ग्राउंड में आयोजित इस मैच में दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। जिंदल पैंथर की ओर से नवीन जिंदल ने 1, सिमरन शेरगिल ने 3, सैंटियागो मरांबियो ने 4 और सिद्धांत शर्मा ने 1 गोल किया जबकि अचीवर्स ब्ल्यू की ओर से मैथ्यू पेरी ने 3 और अभिमन्यु पाठक ने 5 गोल किये। सोमवार को देर शाम हुए 14 गोल के इंडियन मास्टर्स टूर्नामेंट में खेल का स्तर पोलो विश्वकप के समान ही रहा।

# मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी–सह–निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का की अध्यक्षता में ऑनलाईन माध्यम से मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी–सह–अनुमंडल पदाधिकारी चतरा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी बीपीओ, विद्यालय के वार्डेन, प्रधानाचार्य के साथ बैठक की गयी। बैठक में जिले के अंदर सभी विद्यालयों में ई विद्यावाहिनी के आधार पर प्री फिल फार्म 6 से संबंधित बिंदुवार समीक्षा की गयी। उन्होने कहा कि पूर्व में समीक्षा के क्रम में यह मामला सामने आया था कि बहुत सारे विद्यार्थी जिनका प्री फील फॉर्म 6 भरा जा चुका है वो पास आउट हो गये है और वह आगे की पढ़ाई करने के लिए दूसरे जगह चले गये है। इस पर उप निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि जो भी विद्यार्थी पास आउट हुए है उनसे सम्पर्क कर उनका फार्म भरवाएं और आगे कहा नए सत्र में शामिल विद्यार्थियों जिनका 01 जनवरी 2024, 01 अप्रैल, 1 जुलाई तथा 1दिसम्बर 2024 तक उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने वाले विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम शामिल करने हेतु फार्म 6 भरने कि निर्देश दिया गया।

# बैंकर्स समिति की हुई बैठक

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। इसमें मुख्य रूप से पतरातू सीओ शिवशंकर पांडेय, एलडीएम संजीव कुमार व प्रभारी कृषि पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मुख्य रूप से शामिल थे। बैठक में बैंको में पड़े पेंडिंग केसीसी को स्वीकृत करने, पीएम किसान सम्मान निधि योजना के सभी लाभुकों को केसीसी से आच्छादित करने, पीएमएफपीई योजना के तहत प्रत्येक पंचायतों में फूड प्रोसेसिंग का काम करने के इच्छुक किसानों को पैंतीस प्रतिशत सब्सिडी पर लोन देने का निर्देश बैंकर्स को बीडीओ के द्वारा दिया गया। वही सीओ ने बैंकर्स से कहा की बैंक के द्वारा किए जाने वाले सर्टिफिकेट केस के संबंध में बैंकर्स को समय समय पर अंचल कार्यालय से समन्वय बनाना चाहिए या फिर प्रत्येक महीने केस के संबंध में प्रतिवेदन अंचल कार्यालय को देना चाहिए। मौके पर प्रखंड क्षेत्र में कार्यरत अधिकांस बैंको के प्रतिनिधि शामिल थे।

# आरसीडी की टीम ने भुरकुंडा गिद्दी पुल का लिया जायजा

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** आरसीडी की टीम ने सोमवार को भुरकुंडा गिद्दी पुल का डीजीपीएस यंत्र से जांच किया। इस दौरान टीम के अधिकारियों ने पुल का जायजा लेते हुए निरीक्षण किया। साथ डीजीपीएस यंत्र से पुल की जांच किया गया। बताया गया कि जांच रिपोर्ट विभाग के आला अधिकारियों को देंगे। जिसके बाद पुल निर्माण सें संबंधी आगे की कार्रवाई होगी। जांच अधिकारियों में इंजीनियर संदीप कुमार सिंह, रंजीत कुमार, अंशु कुमार, अनुप देव आदि शामिल थे।

# रामगढ़ झामुमो जिला अध्यक्ष ने किया दौरा



कार्यालय से बाहर निकलते विनोद किस्कू

आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू।** झामुमो के जिला अध्यक्ष विनोद किस्कू ने सोमवार को पतरातू प्रखंड कार्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सीओ शिवशंकर पांडेय और बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता से मुलाकात की। दोनो अधिकारियों को उन्होंने सरकार के द्वारा चलाये जा रहे दर्जनों योजनाओं को बगैर किसी भेदभाव के धरातल में उतारने की बात कही।

उन्होंने कहा की राज्य सरकार की सभी योजनाएं आम आवाम के जीवन को आसान बनाने के लिए संचालित की जा रही है। मौके पर विनोद महतो, राजेंद्र बेदिया, आजाद अंसारी, उदय मालाकार, योगेंद्र यादव, रंजीत बेसरा, मुमताज अंसारी, कालेश्वर राम, लक्ष्मी राम, जावेद खान सहित अन्य नेता शामिल थे।

## प्रतिनिधिमंडल ने की विधायक और सांसद से मुलाकात

# मांग पूरा करना पहली प्राथमिकताः सुनिता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** छोटकी मुर्राम विद्या नगर के एक प्रतिनिधिमंडल नगर सचिव नीरज मंडल के नेतृत्व में सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और विधायक सुनिता चौधरी से मिलकर मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में मुख्य रूप से विद्यानगर में एक स्ट्रीट मास्क लाइट, 13 पोल में नइ लाइट लगाने, 7 पोल में खराब लाइट को दुरुस्त \ की मांग शामिल है। नगर सचिव ने समस्याओं से विधायक को कराया अवगत मौके पर नीरज मंडल ने विधायक सुनिता चौधरी को बताया कि विद्या नगर में एक मास्क स्ट्रीट लाइट, छोटकी मुर्राम प्रवेश मार्ग में एक मास्क स्ट्रीट लाइट और गांवा देवती के पास एक मास्क स्ट्रीट लाइट लगाने की अति आवश्यकता है। क्योंकि चौक चौराहा में अंधेरा रहने के कारण और आसामाजिक तत्व के लोग अड्डे बाजी करके नशे



का सेवन करते हैं। कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती हैं। मौके पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और विधायक सुनिता चौधरी ने गंभीरता पूर्वक बातों को सुना और उन्होंने अस्वसत किया कि जल्दी आपके इन समस्याओं को हम दूर करेंगे।

**विधायक के प्रयास से शहर में हुए है अनेकों कार्य, जताया आभारः** मौके पर प्रतिनिधि मंडल शामिल सदस्यों ने कहा कि आपके द्वारा वार्ड नं 5 के बिजुलिया, गणपति नगर, ममता गढ़ा, छोटकी मुर्राम, बंगाली टोला, धंधार पोखर और गोरियारी बागी में मास्क स्ट्रीट लाइट लगवायी गयी हैं। आपके द्वारा जो चुनाव से पूर्व रामगढ़ की जनता से वादा कि गयी थी आज उनके कामों का बेहतर तरीके से पूरा कर रहे हैं।

प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से आजसू पार्टी रामगढ़ नगर सचिव नीरज मंडल विद्यानगर निवासी रामकुमार साहू, विपिन शर्मा, संतोष प्रसाद, सपन चक्रवर्ती आदि शामिल थे।

# लोहड़िया विकास समिति की बैठक संपन्न




**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सामाजिक उत्थान और संगठनात्मक मजबुती को लेकर स्थानीय नगर भवन मे रविवार को राज्य स्तरीय लोहड़िया विकास समिति की बैठक हुयी। बैठक मे टंडवा के अलावे रांची उमेडंडा राय नयाटांड़ बड़गांव पगार बलिया तथा पिठौरिया आदि जगहो से समाज के गन्यमान व बुद्धिजीवि शामिल हुये। बैठक की अध्यक्षता दशरथ नायक, संचालन सुरेंद्र कुमार नायक ने किया। आयोजित बैठक मे मुख्य रुप से लोहड़िया समाज के मजबुती व उत्थान तथा शिक्षा पर बल दिया गया। सरकार से अपने हक व अधिकार की मांग को लेकर पुर्व मे गठित राज्य स्तरीय लोहड़िया विकास समिति का रजिस्ट्रेशन को नवीकरण करते हुए कमिटी विस्तार करने पर बल दिया। मौके पर सरोज नायक, राजेंद्र नायक, मनोज नायक, रुदेश नायक महिपाल नायक सुधीर नायक, संजय नायक, अरविंद नायक, अजीत नायक, संतोष नायक, रंजीत नायक, नयाटांड़ से दशरथ नायक, सत्यनारायण नायक, तुलसी नायक, उमेडंडा से मनोज नायक, ब्रह्मानन्द नायक , विजय नायक विक्रांत नायक, सुदामा नायक, सोनू नायक, बड़गांव से गणेश नायक अनिकेत कुमार नायक, संदीप नायक, ओमप्रकाश नायक सुदामा नायक, नंद किशोर नायक, पगार से बिनोद नायक, शंकर नायक बलिया से इंद्रदीप नायक, जयनाथ नायक, नंदकिशोर नायक, हेंदेगीर– दिलीप नायक, टंडवा– चिंतामणि नायक, भगवान नायक, अवध किशोर नायक, संजय नायक, केदार नायक, सोहराय नायक, रामावतार नायक, प्रमोद नायक, सुनील नायक, बलराम कुमार नायक, रोहित नायक, प्रेम नायक, सरोज नायक, हीरा नायक, जोगिंदर नायक, पचु नायक, प्रिटोरिया से राजेश नायक आदि लोहड़िया समाज के लोग शामिल हुये।

# 30 किवंटल अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** पुलिस ने वशिष्ठनगर थाना क्षेत्र से 16 चक्का ट्रक से भारी मात्रा में तस्करी के लिए राजस्थान ले जा रहे अवैध अफीम का डोडा एवं चूर्ण के साथ तीन तस्कर को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके पास से पांच स्मार्ट फोन सेट तथा दस हजार रुपए नगद बरामद किया गया।

**इस संबंध में मुख्यालय डीएसपी केदार राम ने बताया किः** पुलिस कप्तान राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि कुंदा के ग्राम गेंदा के सुनसान जंगल से अफीम तस्करों द्वारा भारी मात्रा में ट्रक में अफीम का डोडा और चूर्ण लोड करके राजस्थान ले जाने की योजना है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा त्वरित



कार्रवाई करते हुए चतरा-डोभी पक्की सड़क के घंघरी चौक के समीप उक्त ट्रक की तलाशी ली गयी। इस दौरान ट्रक में लदे 141 बोरे में भरे 30 क्विंटल डोडा एवं चूर्ण बरामद किया गया। साथ ही तीन तस्करों को पांच स्मार्ट फोन सेट तथा दस हजार रुपये नगद बरामद किया गया। गिरफ्तार तस्करों में चालक मंगीलाल पिता जीवनराम ग्राम- सारनपुरा थाना जाम्बा जिला- फलोदी (राजस्थान), उप-चालक भगवान राम पिता बरमल राम ग्राम-तेलेसर थाना-बालेसर, जिला-जोधपुर (राजस्थान) तथा खलासी घोला राम पिता चैना राम ग्राम-बासला थाना धोरीमना जिला बाडमेर (राजस्थान) शामिल हैं। इस छापामारी टीम में मुख्यालय पुलिस उपाधीक्षक केदार नाथ राम, वशिष्ठनगर थाना प्रभारी थाना प्रभारी परमानन्द मेहरा सअनि शशिकांत ठाकुर, सअनि आदित्य किशोर तिर्की के अलावा सैट-149 के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# अग्रसेन स्कूल का छात्र बना थाइ बॉक्सिंग स्टेट चैंपियन



छात्र को सम्मानित करते प्राचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** मय थाइ एसोसिएशन झारखंड के तत्वावधान में जमशेदपुर में आयोजित स्टेट चैंपियनशिप में श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के छात्र निशांत कुमार थाई बॉक्सिंग में झारखंड स्टेट चैंपियन बना है। निशांत ने गोल्ड अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही निशांत 19 दिसंबर से दिल्ली में आयोजित होनेवाले नेशनल चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाइ कर गया है। उरीमारी निवासी छत्रधारी साव के पुत्र निशांत की जीत पर विद्यालय परिवार और परिजनों में हर्ष का माहौल है। निशांत की सफलता पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# फुटबॉल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकाकाना।** केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के द्वारा चलाये जा रहे सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत कंडेर के करमाली टोला में फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के महाप्रबंधक दिनेश कुमार उपस्थित रहे। फुटबॉल प्रतियोगिता में गांव के युवाओं व युवतियों का अलग अलग प्रतियोगिता आयोजित की गयी। युवा वर्ग के वाईजीएससी करमाली टोला कंडेर पंचायत प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ टीम बनी वही महिलाओं में सर्वश्रेष्ठ टीम वाईजीएससी पोचरा बना। प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर केंद्रीय कर्मशाला के पदाधिकारी जनार्दन प्रसाद, सफिक, आलोक सिंह, सरत चंद्र मंगल, शशि पंकज सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## आमसभा में विभिन्न समस्याओं पर हुआ विचार विमर्श

# पुलिस पदाधिकारियों की समस्याएं दूर होंगीः रघुनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ पुलिस एसोसिएशन शाखा की आमसभा सोमवार को पुलिस लाइन के सभागार में आयोजित की गयी बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष रघुनाथ सिंह व संचालन सचिव उमेश कुमार शर्मा ने किया। इस दौरान आमसभा में पुलिस पदाधिकारी व सेवा निर्मित पदाधिकारी के समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिसमे, पुलिस एसोसिएशन क्लब की आवश्यकता, लंबित एसीपी, एमएसीपी, 2018 बेंच के पुलिस अवर निरीक्षकों का सेवा संपुष्टि, जिन पुलिस पदाधिकारी का टीए लंबित है अविलंब निकासी की मांग, एसीआर लंबित रहने के कारण प्रोन्नति एवं वेतन का लाभ प्रभावित हो रहा है, 2015 से अभी तक सेवानिवृत्ति पदाधिकारी का



लंबित एसीपी और एमएसीपी आदि समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया।

विचार विमर्श के उपरांत निर्णय लिया गया कि इस मामले की समस्याओं को लेकर वरीय पदाधिकारी और केंद्रीय एसोसिएशन के समझ पत्राचार किया जायेगा। आम सभा को संबोधित करते हुए संगठन के अध्यक्ष रघुनाथ सिंह ने कहा कि पुलिस पदाधिकारियों व सेवानिवृत्ति पदाधिकारी की समस्याओं पर नजर रखी जा रही है, उन सभी समस्याओं के समाधान के लिए हमारी टीम सेवा भाव के साथ काम कर रही है।

**बैठक में ये थे उपस्थित**

आमसभा में सार्जेंट मेजर मंटू यादव, रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार, सार्जेंट किशोर कुमार, एसोसिएशन के उपाध्यक्ष भूतनाथ सिंह मुंडा, कोषाध्यक्ष विश्वामित्र सिंह, संयुक्त सचिव शंभू दास, सब इंस्पेक्टर विजय कुमार, विनय कुमार सिंह, दुर्गा शंकर मंडल, सत्येंद्र सिंह, उपेंद्र कुमार, राहुल कुमार सिंह, उदय कुमार यादव, संजय सिंह, मनोज कुमार, अशोक सिंह सहित कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सोलर पलेट की चोरी होने से परेशान हैं लोग



**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पांडेयपुरा गांव निवासी कुंदन माथुर के छत के ऊपर लगे बारह सोलर प्लेट में अज्ञात चोरों ने एक सोलर प्लेट को चोरी कर लिया। इसकी जानकारी रविवार की देर शाम हुई। इस संबंध में कुंदन माथुर ने बताया कि छत पर सभी सोलर प्लेट रखा हुआ था। उन्होंने सोलर प्लेट की गिनती किया तो ग्यारह सोलर ही पाया। एक सोलर प्लेट कम था। जब नजदीक से देखा तो बगल के घरों के छतों पर सोलर से रगड़ाये निशान पाये गये। तब संदेह हुआ कि सोलर प्लेट को अज्ञात चोरों ने चुराकर ले भागा है। एक सप्ताह पूर्व भी हंटरगंज थाना अंतर्गत चकला पंचायत के बिरहोर टोला पिछुलिया से भी पानी टंकी के ऊपर लगे तीन सोलर प्लेट को अज्ञात चोरों ने चुरा कर ले भागा था। इस क्षेत्र में चोरी की घटनाएं दिन –प्रतिदिन बढ़ती जा रही। जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

# खजाने पर बढ़ेगा बोझ

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए शनिवार को किया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह ऐलान महत्वपूर्ण है कि गरीबों को मुफ्त राशन देने वाली पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना अगले पांच साल तक जारी रहेगी। जैसा कि खुद प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में भी याद दिलाया कि यह योजना कोविड-19 महामारी से उपजे चुनौतीपूर्ण हालात के मद्देनजर शुरू की गयी थी। उस वक्त सख्त लॉकडाउन के कारण न केवल बड़ी संख्या में लोगों की आजीविका छिन गयी थी, बल्कि उनके लिए नया काम ढूंढने या शुरू करने लायक हालात भी नहीं थे। ऐसे में यह संकट खड़ा हो गया था कि करोड़ों लोगों के घर में सुबह शाम चूल्हा कैसे जलेगा और वे अपने परिवार के लिए खाने का बंदोबस्त कैसे करेंगे। जाहिर है, उस स्थिति में दूरगामी नतीजों की चिंता किये बगैर नागरिकों को जीवन रक्षा के साधन मुहैया कराना सरकार के लिए पहली प्राथमिकता हो गयी थी। तमाम राजनीतिक दल ही नहीं, इकॉनमिक एक्सपर्ट्स भी तब उस तरह की नीति की वकालत कर रहे थे। हालांकि सीमित रूप में जरूरतमंदों को आसानी से भोजन उपलब्ध कराने की सरकारी योजनाएं पहले भी चल रही थीं, लेकिन इस योजना की बदौलत लोगों को मिलने वाला राशन दोगुना हो गया था। इस मायने में योजना को पूरी तरह सफल भी कहा जा सकता है कि कोरोना महामारी की पहली, दूसरी और तीसरी लहरों के बीच भी देश के किसी हिस्से में भुखमरी के हालात बनने की खबरें नहीं आयीं। बाद में जैसे-जैसे स्थितियां सुधरीं और कामकाज सामान्य रूप लेने लगा, इस योजना को जारी रखने की जरूरत पर भी सवाल उठने लगे। कहा जाने लगा कि लोगों को मुफ्त अनाज सप्लाई करने के बदले सरकार का जोर अब उन्हें रोजगार के अच्छे मौके उपलब्ध कराने पर होना चाहिए। मगर 2023 की एक जनवरी से इसे फिर एक साल के लिए बढ़ा दिया गया। उस फैसले के मुताबिक इस साल दिसंबर में यह योजना अपने आप समाप्त हो जाने वाली थी, लेकिन प्रधानमंत्री की ताजा घोषणा से तय हो गया कि गरीबों को मुफ्त राशन देने की यह योजना हाल फिलहाल समाप्त होने वाली नहीं है। ध्यान रहे, सरकार के ही मुताबिक इस एक साल के दौरान इस योजना के कारण उसका फूड सब्सिडी खर्च 2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बैठा है और पीएम ने यह योजना एक साल के लिए नहीं, बल्कि पांच साल के लिए बढ़ाने की घोषणा की है, तो सवाल उठता है कि जब कोविड-19 महामारी समाप्त हो चुकी है, इकॉनमी उस चुनौती से उबर चुकी है और देश विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ने लगा है, तब भी देश की करीब 60 फीसदी आबादी को अगर मुफ्त भोजन देने की जरूरत पड़ रही है, तो क्या इसे सरकारी नीतियों की सही दिशा का संकेत माना जा सकता है?

**हालांकि सीमित रूप में जरूरतमंदों को आसानी से भोजन उपलब्ध कराने की सरकारी योजनाएं पहले भी चल रही थीं, लेकिन इस योजना की बदौलत लोगों को मिलने वाला राशन दोगुना हो गया था।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**वायु प्रदूषण का सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि और प्रति व्यक्ति आय के स्तर पर सीधा और दुर्बल प्रभाव पड़ता है, जिससे श्रमिक उत्पादन कम हो जाता है। उपभोग आधारित सेवाओं में उपभोक्ता की संख्या कम हो जाती है, जिससे बाधा उत्पन्न होती है। परिसंपत्ति उत्पादकता और विशेष रूप से उत्पादक आयु ग्रुपों में स्वास्थ्य खर्च और कल्याण आबंटन में वृद्धि लक्षित होती है।**

# वायु प्रदूषण आर्थिक विकास पर प्रभाव डालता है

अनिल ससी

पारंपरिक ज्ञान वायु प्रदूषण को आर्थिक विकास के एक अपरिहार्य उप-उत्पाद के रूप में खारिज कर देता है, जो समस्या पर नीति प्रतिक्रिया तैयार करने की तात्कालिकता को सीमित कर देता है। हालांकि बहुत सारे नये शोध इसकी ओर इशारा करते हैं। वायु प्रदूषण का सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि और प्रति व्यक्ति आय के स्तर पर सीधा और दुर्बल प्रभाव पड़ता है, जिससे श्रमिक उत्पादन कम हो जाता है। उपभोग आधारित सेवाओं में उपभोक्ता की संख्या कम हो जाती है, जिससे बाधा उत्पन्न होती है। परिसंपत्ति उत्पादकता और विशेष रूप से उत्पादक आयु ग्रुपों में स्वास्थ्य खर्च और कल्याण आबंटन में वृद्धि लक्षित होती है।

यह भारत जैसे देश के लिए विशेष रूप से चिंताजनक है, जहां प्रमुख आर्थिक केंद्र प्रभावित हैं। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र अब हर सर्दियों की शुरुआत में उच्च प्रदूषण के आवर्ती चरण का सामना करता है। मुंबई दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी के बाद प्रदूषणकारी धुंध से निपटने के लिए संघर्ष कर रहा है।

**प्रभाव की सीमा**

आरबीआइ के आर्थिक विभाग और पॉलिसी रिसर्च (डीइपीआर) ने मुद्रा और वित्त 2022-23 पर अपनी नवीनतम रिपोर्ट में कहा है कि अत्यधिक गर्मी और घरेलू परिवर्तन के मुद्दों से श्रम के घंटों की हानि के कारण 2030 तक भारत की जीडीपी का 4.5 प्रतिशत जोखिम पर हो सकता है। यदि प्रमुख विनिर्माण और सेवा केंद्रों में प्रदूषण के वार्षिक चक्करों का प्रभाव उस अनुमान में जोड़ा जाता है, जो आर्थिक उत्पादकता पर व्यय कहीं अधिक होगा। जून 2023 में विश्व बैंक के एक पेपर के साक्ष्यों की ओर इशारा किया गया कि स्वास्थ्य, उत्पादन और अन्य आर्थिक रूप से प्रासंगिक परिणामों पर वायु प्रदूषण के सूक्ष्म स्तर के प्रभाव कुल मिला कर ऐसे प्रभाव हैं, जो सकल घरेलू उत्पाद में साल-दर-साल बदलाव में देखे जा सकते हैं। विश्लेषण आधारित रिपोर्ट में कहा गया है कि करीब 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 550 जिलों का डाटा भारत की वास्तविक जीडीपी में 90 प्रतिशत योगदान देता है। द लांसेट प्लैनेटरी हेल्थ में 2021 के एक पेपर में जिसने भारत में मृत्यु दर और रूग्णता पर वायु प्रदूषण के प्रत्यक्ष प्रभावों का अध्ययन किया, जिसके तहत राज्य सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात में आर्थिक नुकसान में बड़ी अंतरराज्यीय भिन्नताएं पायी गयीं।

**अत्यधिक गर्मी और घरेलू परिवर्तन के मुद्दों से श्रम के घंटों की हानि के कारण 2030 तक भारत की जीडीपी का 4.5 प्रतिशत जोखिम पर हो सकता है।**



**दुनिया के सबसे खराब वायु प्रदूषण वाले 30 शहरों में से 20 से अधिक भारत में है। वैश्विक स्तर पर शहरों में दिल्ली की वायु गुणवत्ता सबसे खराब है जोकि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के लक्ष्य से लगभग 10 गुणा अधिक है। दिल्ली को प्रमुख भारतीय शहरों में प्रदूषण के कारण प्रति व्यक्ति आर्थिक नुकसान के उच्चतम स्तर वाले शहर के रूप में सूचीबद्ध किया गया था।**

**प्रभाव के चार क्षेत्र**

कर्मचारी खोए हुए समय की भरपाई के लिए अधिक काम कर सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप जलन, नौकरी छूटना और प्रतिभा को आकर्षित करने में कठिनाई हो सकती है। निवेश चैकिंग और साफ्टवेयर विकास जैसे मानसिक उत्पादन पर निर्भर क्षेत्र अतिरिक्त असुरक्षित हैं। जब हवा खराब होती है, तो लोग घर के अंदर ही रहते हैं। 2019 में यदि प्रदूषण के स्तर में सुधार होता, तो उपभोक्ता संबंधित कारोबार को 22 बिलियन डालर का राजस्व प्राप्त हो सकता था। उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे कम प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद वाले राज्यों में कपड़ा खरीदने में घाटा हुआ।

यह प्रासंगिक है, क्योंकि आरबीआइ के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत की जीडीपी का 50 प्रतिशत उन क्षेत्रों से आता है, जो गर्मी के संपर्क में है। सल्फर डाइऑक्साइड और अन्य प्रदूषक इलेक्ट्रॉनिक सर्किटरी के क्षरण को तेज करते हैं, जो आइटी परिसंपत्तियों को प्रभावित करता है। वायु जनित प्रदूषक कृषि उपज में 5 से 12 प्रतिशत की हानि का कारण बनते हैं। असामयिक मौतों से आर्थिक नुकसान भी वायु प्रदूषण के चलते होता है। 2019 में भारत में सभी मौतों में से 18 प्रतिशत के लिए वायु प्रदूषण जिम्मेदार था। यानी कि 3.8 मिलियन कार्य दिवसों का नुकसान झेलना पड़ा। क्लीन एयर फंड, ब्लू स्काई एनालिटिक्स और भारतीय उद्योग परिसंघ के साथ सांझेदारी में डालबर्ग एडवाइजर्स की अपनी तरह की पहली रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया था कि वायु प्रदूषण के कारण भारतीय व्यवसायों को सालाना करीब 95 बिलियन डालर की लागत आती है, जो भारत की जीडीपी का लगभग 3 प्रतिशत है।

सितंबर 2021 में प्रकाशित अध्ययन में पूरे भारत में वास्तविक साक्ष्य एकत्रित किये गये नवंबर और जनवरी के बीच अत्यधिक प्रदूषित अवधि के दौरान मुंबई के लिंकिंग रोड शॉपिंग जिले में ग्राहकों की संख्या में 5 प्रतिशत की गिरावट आयी। उच्च प्रदूषण वाले दिनों में एक सौर ऊर्जा कंपनी ने अपने सौर पैनलों की उत्पादकता में 13 प्रतिशत की कमी दर्ज की, जिससे भारत में सौर ऊर्जा के लिए आर्थिक व्यावहार्यता कम हो गयी। अध्ययन में कहा गया है कि खराब वायु गुणवत्ता की लागत 6 अलग-अलग तरीकों से प्रकट होती है। (1) कम श्रम उत्पादकता, (2) कम उपभोक्ता फुटफॉल, (3) कम परिसंपत्ति उत्पादकता, (4) स्वास्थ्य खर्च में वृद्धि, (5) कल्याणकारी नुकसान और (6) असामयिक मृत्यु।

**भारत के लिए चुनौती**

दुनिया के सबसे खराब वायु प्रदूषण वाले 30 शहरों में से 20 से अधिक भारत में है। वैश्विक स्तर पर शहरों में दिल्ली की वायु गुणवत्ता सबसे खराब है, जोकि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के लक्ष्य से लगभग 10 गुणा अधिक है। दिल्ली को प्रमुख भारतीय शहरों में प्रदूषण के कारण प्रति व्यक्ति आर्थिक नुकसान के उच्चतम स्तर वाले शहर के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। भारत के लिए जहां रोजगार सृजन अभी भी बड़े पैमाने पर आर्थिक गतिविधियों से जुड़ा है, जिसमें बाहरी क्षेत्र-कृषि, निर्माण, वितरण सेवाएं, सुरक्षा एजेंसी का काम आदि शामिल है। हालांकि वायु प्रदूषण घरेलू नौकरियों की उत्पादकता पर भी असर डालता है।

## जमशेदपुर की खबरें

# विधायक की पहल से जनकल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

### ग्रामीणों में हर्ष का माहौल, जताया आभार





**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधायक संजीव सरदार के पहल पर हेमंत सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का विकास तेजी हो रहा है। सोमवार को विधायक ने ग्रामीणों की मांग पर पोटका विधानसभा क्षेत्र में 7 योजनाओं का एक साथ शिलान्यास किया। इससे पूर्व ग्रामीणों ने हर्ष उल्लास के साथ विधायक का भव्य स्वागत किया। मौके पर सैकड़ो ग्रामीण महिलाओं ने अपने परंपरा के अनुसार सामाजिक रीति-रीवाज से विधायक संजीव सरदार का स्वागत किया। इस अवसर पर सैकड़ो ग्रामीण शामिल रहे। मौके पर विधायक संजीव सरदार ने झारखंड सरकार के कल्याण विभाग से स्वीकृत पोटका क्षेत्र के माटकू पंचायत अंतर्गत माटकू गांव में धुमकुड़िया भवन निर्माण, बाड़ेडीह धुमकुड़िया भवन निर्माण, कालिकापुर पंचायत अंतर्गत मानहाड़ा में धूम कुड़िया भवन निर्माण, सोहदा पंचायत अंतर्गत ग्राम सोहदा में जाहेर स्थान घेराबंदी निर्माण, दुधकुंडी गांव में धुमकुड़िया भवन निर्माण, ग्वाल काटा गांव मे जाहेर स्थान घेराबंदी निर्माण, पोड़ा तेंतला पंचायत अंतर्गत तुड़कुडीह में जाहेर स्थान घेराबंदी कार्य का नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। इस मौके पर जिला परिषद चंद्रावती महतो, हीरामणि मुर्मू, झारखंड आंदोलनकारी बबलू चौधरी, सुनील, सुधीर, विद्यासागर दास, रजनी सड़ंगी, पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति, ग्राम प्रधान, नायके बाबा सहित गांव के सैकड़ो ग्रामीण शामिल रहे।

# एसएसपी व एसडीओ ने दीपावली मेला का उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** शहर के बिष्टूपुर स्थित सिंहभूम चैंबर ऑफ कामर्स भवन में दीपावली मेला का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि एसएसपी किशोर कौशल, विशिष्ट अतिथि एसडीओ पीयूष सिन्हा व सम्मानित अतिथि चैंबर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दो दिवसीय मेला का उद्घाटन किया गया। मौके पर अतिथियों ने मेला का भ्रमण किया। चंबल अध्यक्ष विजय आनंद मुनक ने बताया चैंबर ऑफ कामर्स की ओर से स्थानीय कारीगरों व महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए मेला का आयोजन किया गया। मेला का समय सुबह 11.30 बजे से रात के 8.30 बजे तक होगी। मौके पर उपाध्यक्ष अनिल मोदी, सचिव भरत मकानी, मानद महासचिव मानव केडिया, अधिवक्ता राजीव अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, पुनीत कांवटिया, सचिव भरत मकानी, अधिवक्ता अंशुल रिंगसिया, विनोद शर्मा, सुरेश शर्मा लिपु, कोषाध्यक्ष अनिल रिंगसिया, संयोजक कार्यसमिति सदस्य सुमन नागेलिया शामिल रहे। उन्होंने शहरवासियों से भीड़भाड़ मुक्त खरीददारी करने की अपील की।

# साहित्यकार मुक्तिबोध जयंती पर कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सिंहभूम जिला साहित्य सम्मेलन के द्वारा तुलसी भवन में मुक्तिबोध जयंती सह कथा मंजरी आयोजित की गयी। सोमवार को सह सचिव नीता सागर चौधरी के सरस्वती वंदना के बाद अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती और गजानन माधव मुक्तिबोध के चित्र पर पुष्पा भेट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समिति के मार्गदर्शक मण्डल के सदस्य नीलिमा पांडेय ने मुक्तिबोध के जीवन व साहित्यिक यात्रा पर प्रकाश डाला। मौके पर विभिन्न विषयों को स्पर्श करती हुई कुल आठ कहानियों का पाठ किया गया। समीक्षात्मक टिप्पणी कथा पाठ के उपरान्त अरुण कुमार तिवारी ने अध्यक्षीय वक्तव्य दी। संचालन साहित्य समिति के सह सचिव ब्रजेन्द्र नाथ मिश्र ने की। संस्थान के मानद महासचिव प्रसेनजित तिवारी ने मुक्तिबोध को हिन्दी व हिन्दू समाज के साहित्यकारों में अग्रणी बताया। धन्यवाद ज्ञापन समिति के उपाध्यक्ष कैलाशनाथ शर्मा 'गाजीपुरी' ने किया। मौके पर हरि किशन चावला, डॉ संजय पाठक 'स्नेही', विजय लक्ष्मी वेदुला, कन्हैया लाल अग्रवाल, विमल किशोर विमल, जितेश कुमार तिवारी, शिवनन्दन सिंह,हरभजन सिंह रहबर, भंजदेव देवेन्द्र कुमार व्यथित, अखिलेश कुमार दुबे व राजेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

# टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन का स्वास्थ्य और कल्याण पर 'फिट@50+ समिट्स व स्टीयरिंग व्हील्स' अभियान का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन ने भारतीय सेना व पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से 'फिट@50+ समिट्स व स्टीयरिंग व्हील्स' अभियान का सफलतापूर्वक समापन किया। पर्वतारोही बछेंद्री पाल ने दिरांग से काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान तक चलने वाले 18 दिवसीय हिमालयी साहसिक यात्रा में 50 वर्ष व उससे अधिक आयु की महिलाओं के साहस और दृढ़ संकल्प का जश्न मनाया। भारतीय सेना, पर्यटन मंत्रालय व अन्य भागीदारों के सहयोग से इस अभियान में महिलाओं को रोमांच और कल्याण को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। यह अभियान महिला सशक्तिकरण, सामुदायिक स्वास्थ्य व फिटनेस के प्रति टाटा स्टील व टीएसएएफ की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। इस अवसर पर टीम में सबसे वरिष्ठ सदस्य 80 वर्ष की थीं। पर्वतारोही बछेंद्री पाल ने बिना भेदभाव से काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में नव भर्ती महिला वन रक्षकों के साथ बातचीत कर कर्तव्य को पूरा करने के महत्व पर जोर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों को जीवंत गांवों में बदलने व पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यह अभियान सीमा पर्यटन अवधारणा का हिस्सा रहा। टीम ने प्रारंभिक प्रमुख चढ़ाई में 10,300 फीट की ऊंचाई तक पहुंचकर मील का पत्थर हासिल किया। उन्होंने यात्रा के दौरान दिरांग मठ का दौरा किया। प्रमुख लामा रिनपोछे से आशीर्वाद प्राप्त किया। तवांग के रास्ते में जसवन्त गढ़ मेमोरियल व सेला दर्रे पर सीजन की पहली बर्फबारी का अनुभव किया। उन्होंने 16,500 फीट की ऊंचाई पर बेली ट्रेल के साथ आगे बढ़े, मागो, जिथांग, मिराथांग से गुजरते हुए ग्लेशियर तक पहुंचे। अभियान का समापन यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, असम में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की यात्रा के साथ हुआ। जहां उन्होंने पार्क का पता लगाया।

बंदरदुबी में अवैध शिकार विरोधी शिविर का दौरा किया। अभियान में नारीत्व का जश्न मनाया, रूढ़ियों को तोड़ा व अविस्मरणीय यादें बनाई।

# कुणाल षाड़ंगी ने बॉक्सिंग चैंपियनशिप का उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

### कई राज्यों के तीन सौ से अधिक खिलाड़ी हुए शामिल





**जमशेदपुर।** सोनारी खुटाडीह आरएमएस हाई स्कूल में दो दिवसीय सीबीएसई ईस्ट जोन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2023 टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। सोमवार को मुख्य अथिति पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी, ट्रस्टी मेंबर डॉ आरके झुनझुनवाला, प्रेसिडेंट संजय केडिया व सीबीएसई पर्यवेक्षक राजेश प्रसाद शामिल हुए। स्कूल प्रबंधन के द्वारा अतिथियों को गुलदस्ता बैठकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित व झंडा फहराकर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया गया। मौके पर विभिन्न राज्यों के तीन सौ से अधिक खिलाड़ी भाग लिए। मौके पर अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं व्यक्त की। इस अवसर पर कुणाल षाड़ंगी ने कहा प्रतिभावान खिलाड़ियों के कारण देश ही नही बल्कि विदेशों में भी झारखंड का नाम बड़े सम्मान से लिया जाता है। उन्होंने कहा स्पधाएं आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती है। कोई जीतता है कोई हारता है, हारने वाला फिर आगे बढ़कर जीतने की दिशा में प्रयत्न करता है। इस तरह से यह क्रम चलता रहता है। इन्हीं स्पर्धाओं के माध्यम से खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में उन्नति और सफलता के मार्ग पर आगे बढ़ते हैं। उन्होंने आरएमएस स्कूल के द्वारा आयोजित चैंपियनशिप की सराहना की। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं व्यक्त की। इस दौरान कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## श्री सूर्यनारायण मंदिर की साफ सफाई

केतार(आजाद सिपाही)। लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के लिए सुप्रसिद्ध भगवान भास्कर नगरी स्थित श्री सूर्य नारायण मंदिर परिसर मुकुंदपुर में सोमवार को साफ सफाई शुरू हो गया है। छठव्रतियों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो उसके लिए मंदिर विकास समिति इस परिसर को एक पखवाड़े पहले से बैठने की उचित स्थान की साफ सफाई, जल कुंड की सफाई, पार्किंग व्यवस्था, परिसर में लगे चापाकल को दुरुस्त करने के साथ-साथ मेला का रूपरेखा तैयार किया जाता है। प्रत्येक वर्ष कोई ना कोई समाजसेवी जेसीबी उपलब्ध कराकर सफाई कराने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस बार सर्वप्रथम समाजसेवी सह मंदिर के अनुशासन समिति के पदाधिकारी ब्रजेंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह जेसीबी उपलब्ध कराकर साफ सफाई करवाया।

## बच्चों को अब रागी का हलवा और लड्डू खाने को मिलेंगे

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में पढ़ने वाले वर्ग 1 से 8 तक के 16200 बच्चों को अब रागी (मड़ुआ) का हलवा या लड्डू खाने को मिलेंगे। प्रखंड एमडीएम प्रभारी सुमंत राम ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के सफल संचालन के लिए इस मद में 331003 प्राप्त हुए हैं। जिसमें केन्द्रांश से198602 और राज्यांश मद में 132401 रुपया शामिल है। आज सोमवार को प्रखंड के सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों के उपस्थिति के अनुपात में स्कूल के एमडीएम खाते में राशि हस्तांतरित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभी योजना की शुरूआत के रूप में अभी आठ दिनों यानि दो महीने की राशि मिली है। बच्चों को रागी की आटे से बनी लड्डू महीने में चार दिन उपलब्ध कराए जायेंगे। यह सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को संचालित होगा। रागी (मड़ुआ) का लड्डू कैसे बनाना है। इसकी जानकारी विभाग ने स्कूलों में कार्यरत रसोइया व संयोजिका को उपलब्ध करा दी है।

### पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर राष्ट्रीय आंदोलन का मामला

# नया सांगठनिक स्वरूप तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन का नया संगठनिक स्वरूप झारखंड ऑफिसर्स टीचर एंड एंप्लॉय फेडरेशन जिला इकाई के प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह की उपस्थिति में और जिला संयोजक सुशील कुमार की अगुवाई मे जिला नयी कमिटी का गठन किया गया। इसके निमित अधिवेशन -सह-झारोटेफ जिला इकाई गढ़वा का पुनर्गठन कार्यक्रम डिस्ट्रिक्ट राजकीयकृत रामासाहु सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गढ़वा के प्रशाल में आयोजित की गयी। कार्यक्रम की शुरूआत प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत सिंह, प्रांतीय उपाध्यक्ष लालबिहारी यादव, उपमहासचिव लालेश्वर राम, प्रवक्ता डॉ डीके शुक्ल, जिला संयोजक पलामू मनोज मेहता, संगठन सचिव अजय कुमार मेहता, विधायक प्रतिनिधि शिक्षा विभाग अशर्फी राम और जिला संयोजक गढ़वा सुशील कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गयी और मंचासीन समस्त अतिथियों को पगड़ी, संघीय पट्टा, अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ प्रदान कर जिला कार्यकारिणी कमिटी के द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत भाषण देते हुए जिला संयोजक सुशील कुमार ने कहा कि इस गढ़वा जिले के लिए यह बड़े ही गर्व और सम्मान की बात है कि प्रांतीय कमिटी झारोटेफ के संस्थापक प्रांतीय अध्यक्ष की उपस्थिति में जिला अधिवेशन और झारोटेफ का पुनर्गठन हुआ। इसके पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि इसी हेमंत सरकार के कार्यकाल में हमें समेकित रूप से संगठित होकर झारोटेफ के ग्यारह सूत्री मांगों को पुणार्हुत करा लेना है। अभी फिलहाल दो प्रमुख विषयों पर हमसबों को एकजुट होकर प्राप्त करना है। पहले हमें दिये गये पुरानी पेंशन जो अभी शैशवास्था में है, को बचाना है और एएसडीएल में फंसी हुई अपनी राशि को प्राप्त करना है। हमारा अगला कदम 'हर हाल बासठ साल' मुद्दे पर सरकार को फोकस कराना है। झारोटेफ संगठन आने वाले समय में बहुत ही मजबूत संगठन के रूप में हमारे सामने होगा। क्योंकि यह पहला संगठन है जिसे माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने करकमलों से अनावरण किया है। इसलिए हमें अब सभी जाति, धर्म भूलकर हमें अपने सुनहरे भविष्य के लिए एकजुट रहने की जरूरत है।

झारोटेफ के जिलाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के पश्चात अपने अध्यक्षीय भाषण में सुशील कुमार ने कहा कि मैंने पूर्व में भी एनएम ओपीएस जिला इकाई गढ़वा का जिला संयोजक के पद पर रहकर तमाम कर्मचारियों के आपसी सहयोग और समन्वय से पुरानी पेंशन को प्राप्त करने में पूरी निष्ठा से जिम्मेवारी को संभाला है। अब झारोटेफ के उद्देश्यों को प्राप्त करने में भी मैं कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।

झारोटेफ के पुनर्गठन प्रक्रिया में सर्वसम्मति और निर्विरोध रूप से झारोटेफ में 40 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी समिति निर्वाचित की गयी। जिसकी घोषणा चुनाव पर्यवेक्षक अजय कुमार मेहता ने की।

# मुखिया ने सड़क निर्माण का किया शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**रमना।** प्रखंड के सिलीदाग पंचायत में नन्हकू राम के घर से सीताराम सिंह के घर तक दो लाख इक्कीस हजार के लागत से सड़क निर्माण का शिलान्यास मुखिया अनीता देवी ने पूजा पाठ कर शुरू किया गया। इस अवसर मुखिया अनीता देवी ने कहा कि यह सड़क के निर्माण के होने से आम ग्रामीणों को काफी सहूलियत होगी। कहा कि बरसात के दिनों में यहां पर अक्सर कीचड़ हो जाया करता था जिससे लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस रास्ते के बन जाने से सभी को आने जाने में हो रही परेशानियों से निजात मिलेगा। मुखिया ने कहा कि पंचायत के चहुमुखी विकास के लिए दिन रात मेहनत कर रही हूं। जिसका नतीजा आपके सामने है। कहा कि सरकार की योजना का लाभ हर किसी को मिलें इसके लिए मैं प्रयासरत हूं। मौके पर वार्ड सदस्य शैलेंद्र सिंह,पंचायत स्वयंसेवक प्रदीप मेहता,दीपक सिंह,मानिक सिंह,श्रीधर सिंह, दशरथ राम, नागेंद्र कुमार सिंह, वासुदेव चौधरी, संजय राम, मनीष कुमार, राजदेव राम, दुलारी देवी, ममता देवी, रूकमणि देवी सहित काफी संख्या में महिला और पुरुष उपस्थित थे।

# बाबू दिनेश सिंह विवि में शिक्षा के महत्व पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मूल्यात्मक शिक्षा का महत्व विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों ने सहभागिता प्रदान की, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री दिनेश प्रसाद सिंह ने कहा कि वर्तमान में मूल्यात्मक शिक्षा छात्रों को एक उत्तरदाई नागरिक बनाने के लिए प्रशिक्षित करती है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० (डॉ) एमके सिंह ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के गुणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसमें किस प्रकार से गुणात्मक सुधार किया जा सकता है, जिसका लाभ शिक्षको और छात्रों को हो सके, साथ ही उन्होंने कहा कि मूल्यात्मक शिक्षा से छात्रों में सहयोग, समानता, साहस, प्रेम एवं करुणा, बंधुत्व, श्रम, गरिमा एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण आदि गुणों का विकास होता है।

प्राचार्य डॉक्टर सुनीता गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मूल्यात्मक शिक्षा व्यक्तित्व एवं चरित्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम है। विषय विशेषज्ञ के रूप में सम्मिलित हुए डॉक्टर रंजीत भारती, सहायक प्राध्यापक, भाषा विज्ञान विभाग, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा, उत्तर प्रदेश से डॉक्टर रंजीत भारती ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मूल्यात्मक शिक्षा पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग है जो विद्यार्थियों में चरित्र निर्माण का सृजन करता है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में इसको विशेष महत्व दिया गया है। इन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि मूल्यात्मक शिक्षा छात्रों के चरित्र निर्माण और एक उत्तरदाई नागरिक के रूप में विकसित करने के लिए वर्तमान समय की अनिवार्य आवश्यकता है, इस बात की पुष्टि हमारे प्राचीन काव्य, वेद, पुराण, भगवत गीता और अन्य ग्रंथो में किया गया है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी व्याख्याता और सहायक प्राध्यापकों में अरविंद तिवारी, आनंद कुमार चौबे, सौरभ बाबू दुबे, जनार्दन शुक्ला, शशिकांत सिंह यादव, प्रीतम गुप्ता, बृजेश यादव आदि उपस्थित रहे।

# गढ़वा में एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन

**इसमें विभिन्न विद्यालयों से 60 शिक्षकों ने भाग लिया**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** बीएसकेडी पब्लिक स्कूल गढ़वा के प्रांगण में सीबीएसई, सीओई पटना के मार्गदर्शन में साइबर सिक्योरिटी एंड सेफ्टी विषय पर एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में सीबीएसई की ओर से दो रिसोरस पर्सन मनीष कुमार सिंह और गौरव मुखर्जी को नियुक्त किया गया। इस प्रोग्राम में गढ़वा जिला के सीबीएसई नयी दिल्ली से मान्यता प्राप्त विभिन्न विद्यालयों से 60 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक श्री संजय सोनी ने बताया कि आज के कार्यक्रम का विषय हमारी सामान्य जीवन शैली को प्रभावित करता है तकनीकी का सही और समझदारी के साथ उपयोग कैसे करें इसके लिए यह जरूरी है कि हम इन विषयों की गहनता पूर्वक अध्ययन करें। सीबीएसई की ओर से आये हुए दोनों रिसोर्स पर्सन में साइबर सिक्योरिटी एंड सेफ्टी विषय पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए इस बात पर प्रकाश डाला की हमारा आने वाला जेनरेशन तकनीकी के उपयोग को पूर्णता कैसे समझे इसके लिए सबसे पहले हम शिक्षकों को तैयार होने की जरूरत है ताकि हम अपने विद्यार्थी को तकनीकी के सही उपयोग का ज्ञान दे सके। जिससे हमारा भविष्य तकनीकी के साथ कदम मिलाकर आगे बढ़ सके।

# एक सप्ताह से चोरी का सिलसिला जारी

**भवनाथपुर सेल प्रबंधन के उदासीन रवैया के कारण चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है**

आजाद सिपाही संवाददाता


सेल से चोरी हुई समान बरामद

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर सेल प्रबंधन के प्रतिष्ठानों में पिछले एक सप्ताह से चोरी का सिलसिला जारी है। सेल प्रबंधन के उदासीन रवैया के कारण चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है। दो दिन पूर्व मैगजीन से चोरी हुई सिटा, केबल को सीआईएसएफ के जवानों ने पंडरिया पंचायत के चेपली टोला से बरामद कर थाने को सुपूर्द किया। भवनाथपुर सेल प्रबंधन के घाघरा चूना पत्थर खदान, तुलसीदामर डोलोमाइट खदान, तथा क्रशिंग प्लांट के बंद होने से सेल प्रबंधन के अधिकारी अपने सेवानिवृत्त होने के इंतजार कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि उनकी नौकरी में सेवानिवृत्ति तक कोई लफड़ा न हो, इन सभी कारणों से अधिकारी किसी भी मामले में चुप्पी साधे हुए रहते हैं, जिसका नतीजा प्रतिष्ठानों के अंदर चोरों का सिलसिला कायम हैं। लगातार चोर सेल की संपत्ति चोरी कर मालामाल हो रहे हैं। पिछले दो दिन पूर्व मैगजीन से ताला टुटने की सुचना मिली थी, जहां से कुछ लोहे का शीट की चोरी हुई थी। चोरी की सूचना पर सीआईएसएफ के जवान और सेल के अधिकारी चेपली टोला में रविवार की शाम को गए थे लेकिन कोई सूचना नहीं मिलने पर निराश होकर वापस लौट गये। सोमवार को गुप्त सूचना मिलते ही सीआईएसएफ के सहायक समादेषटा मधुसूदन महेश्वरी के नेतृत्व में जवानों ने पंडरिया पंचायत के चेपली टोला में राहर के खेत में छापामारी की जहां से पांच शिटा, बडे. पैमाने पर केबल बरामद किया, तथा बगल से सेल के ही पुरानी दो लोहे की कुर्सी भी। मौके पर सेल सहायक उपमहाप्रबंधक राजेश कुमार ने पहुंच कर बरामद की।बरामद समान सेल का होने की पुष्टि की। बरामद समान की सुचना पर थाना से एस आई कुंदन यादव, एएसआई बिजय सिंह दल-बल के साथ पहुंचे और बरामद समान जब्त कर थाने लाया। इस संदर्भ में सेल महाप्रबंधक मनोज कुमार ने कहा चोरी की घटनाओं पर थाना को लिखित दिया गया है और दिया जा रहा है, पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।सेल प्रबंधन सुस्त है इसलिए चोरी बढ़ रही है के सवाल पर कहा हां हम ही लोग सुस्त है।


# विधायक ने तीन सड़क और पुल का ग्रामीण के हाथों शिलान्यास कराया

आजाद सिपाही संवाददाता



**धुरकी।** विधायक भानु प्रताप शाही ने डोर-टू-डोर धुरकी प्रखंड के विभिन्न गांवों मे बीस करोड़ रुपये की राशी से तीन पक्की सड़क और एक पुल निर्माण का रविवार को गांव के ही बुजुर्ग ग्रामीण के हाथो शिलान्यास कराया। विधायक शाही धुरकी प्रखंड में एकदिन कार्यक्रम मे डोर-टू-डोर शिलान्यास कर रहे थे, सर्वप्रथम खुटिया मे 6 करोड़ की राशी से चौराहा से परासपानीखुर्द भाया कदवा तक का शिलान्यास, इसके बाद केतमा मे ध्वस्त हो चुके पुल और शिवरी से केतमा भाया भंडार तक सड़क कालीकरन टाटीदीरी मुख्य गांव से पनघटवा भाया अंबाखोरया मेराल धुरकी डंडई पथ तक सड़क निर्माण का शिलान्यास बुजुर्ग ग्रामीण के हाथो विधिवत पुजा अर्चना के साथ कराया। शाही ने कहा की धुरकी प्रखंड के समग्र विकास में सबसे बड़ा बाधक हेमंत सरकार है, कहा कि पुर्व में डबल इंजन की सरकार के मुख्यमंत्री के कार्यकाल में खुटिया में डोलोमाइट माइंस की निलामी का टेंडर ऑनलाइन किया था, वहीं धुरकी प्रखंड को छत्तीसगढ़ से जोड़कर नया कोरीडोर बनाने के लिए बालचौरा मे पुल की स्वीकृती मिलने के बाद ठेकेदार ने युद्ध स्तर पर बालचौरा मे कार्य शुरू किया था, इसके बाद 2019 मे हेमंत की सरकार ने यहां के पुर्व विधायक और नेता ताहिर अंसारी ने गढ़वा के एक मंत्री के इशारे पर उपरोक्त दोनो कार्यों को बंद कराया। इस दौरान भाजपा रेलवे परामर्श सलाहकार के सदस्य रघुराज पांडेय इंद्रमणि जायसवाल एसी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम मंडल अध्यक्ष प्रताप जायसवाल विधायक प्रतिनिधी अखिलेश यादव, रामप्रवेश प्रसाद गुप्ता सहित भाजयुमो के अन्य उपस्थित थे।

## दीपों के बीच डांडिया का कार्यक्रम आयोजित




गढ़वा (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब का गढ़वा सिटी के तत्वावधान में मेलोडी मंडप गढ़वा में दशहरा और दीपावली मिलन समारोह के शुभ अवसर पर दीपों के बीच डांडिया का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ अध्यक्ष सुशील केसरी पूर्व अध्यक्ष राजमणि प्रसाद चार्ट प्रेसिडेंट एडवोकेट विजय कुमार, लायन दयाशंकर गुप्ता, लायन सुनील कुशवाहा, लायन लखन कश्यप, लायन शिव कुमार गुप्ता, राजकुमार मद्धेशिया, किरण गुप्ता, रजनी गुप्ता, डॉ विनीता सोनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात सभी प्रतिभागियों ने हाथों में दीपक लेकर सुंदर डांडिया नृत्य प्रस्तुत किये तत्पश्चात एक से बढ़कर एक डांडिया गीतों पर महिलाएं झूम उठीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में लायन रजनी गुप्ता, लायन किरण गुप्ता,लायन किरण कुमारी, पूनम केसरी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर वीणा शर्मा, माया बरनवाल, उषा केसरी, लता गुप्ता तथा डॉक्टर अशोक कुमार, लायन संजय कुमार, लायन दीपक कुमार, लायन यूएन बरनवाल, अनिल कुमार शर्मा, दीपक कुमार केसरी के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत किये। अध्यक्ष लायन सुशील केशरी ने बताया कि लायंस क्लब गढ़वा सिटी प्रतिवर्ष दीपावली के पूर्व इस प्रकार का आयोजन करता है इससे सदस्यों के उत्साह में वृद्धि होती है। साथ ही साथ समाज में खुशी बांटने का एक मौका मिलता है।

## 6 दिनों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं

कांडी (आजाद सिपाही)। हत्या की नीयत से मोटरसाइकिल से दूसरी बाइक में जोरदार धक्का मार कर घायल कर दिये गये व्यक्ति की मृत्यु हो जाने के बाद दर्ज प्राथमिकी सं. 149/23 को लेकर 6 दिनों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। मामले के सूचक सह मृतक के पिता सेवानिवृत प्राचार्य वशिष्ठ तिवारी सहित कई लोगों ने इस संबंध में पुलिस प्रशासन से आरोपी के विरुद्ध शीघ्र और कठोर कार्रवाई किये जाने की मांग की है। मालूम हो कि जैनेंद्र तिवारी 22 अक्टूबर 2023 की दोपहर 3:00 बजे पूजा का सामान लेने अपने मेरौनी गांव स्थित घर से कांडी बाजार जा रहे थे। इसी दौरान बत्तो खुर्द गांव के सरकारी स्कूल के पास बुलेट मोटर साइकिल नंबर जेएच0 3 एक्स 3405 से तीन व्यक्ति सवार होकर सामने से आ रहे थे। जिन्होंने जैनेंद्र तिवारी की मोटर साइकिल में जोरदार धक्का मारा। आवेदक वशिष्ठ तिवारी ने कहा है कि हत्या की नीयत से धक्का मारा गया था। काफी गंभीर हालत में घायल को मझिआंव व मेदिनीनगर के बाद दूसरे दिन ही वाराणसी स्थित अपेक्स हॉस्पिटल एंड पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट में भर्ती कराया गया। लेकिन स्थिति काफी गंभीर होने के कारण उन्हें बचाया नहीं जा सका। 30 अक्टूबर सोमवार की रात 8:00 बजे उनका निधन हो गया। इस मामले में मृतक के पिता वशिष्ठ तिवारी ने हरिहरपुर ओपी में हत्या करने के लिए धक्का मारे जाने को लेकर दो नवंबर को तीन लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। मामले के सूचक वशिष्ठ तिवारी सहित भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के गढ़वा जिलाध्यक्ष रामलाला दुबे, शशि रंजन दुबे, पूर्व सांसद प्रतिनिधि शिवकुमार पांडेय, राजू सिंह, मंटू चौबे आदि ने कहा कि एफआईआर के बाद छह दिनों में भी कोई कार्रवाई नहीं की गयी। उन्होंने शीघ्र और त्वरित कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में जिला के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि यह घटना उनके संज्ञान में है। इसमें पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ-साथ मामले का अनुसंधान किया जा रहा है।

# पोक्सो एक्ट पर राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** साक्षी संगठन और सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज की एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) इकाई के द्वारा सोमवार को स्टॉप चाईल्ड सेक्सुअल एब्युज पोक्सो एक्ट-2012 विषय पर एक दिवसीए राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित की गयी। इस मौके पर मुख्य वक्ता के रुप में नेशनल एडवेंचर फाउंडेशन महाराष्ट्रा की निदेशक भारती गोमासे, रक्षिण प्रोजेक्ट की रुपाली फुले, वर्कशॉप कोआडिनेटर गुड़िया दुबे, मुख्य अतिथि एनपी विश्वविद्यालय एनएसएस समन्वयक डा. प्रदीप कुमार, प्राचार्य प्रो. निकलेश चौबे, एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. कमलेश कुमार सिन्हा समेंत कुल 102 छात्र-छात्राओं ने इस वेबिनार में भाग लिया।

इस मौके पर मुख्य वक्ता रक्षिण प्रोजेक्ट प्रमुख सह नेशनल एडवेंचर फाउंडेशन महाराष्ट्रा की निदेशक भारती गोमासे ने वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि बाल यौन शोषण के अंतर्गत अनुचित बातें करना, अश्लील तस्वीरें, वीडियो दिखाना, गलत तरीके से स्पर्श करना, लुभावने और आकर्षक प्रलोभन देना आदि बातें शामिल हैं। उन्होने कहा कि बाल दुर्व्यवहार से बचाव के लिए बच्चों को उनकी व्यक्तिगत सीमाएं सिखाई जानी चाहिए और नही कहना सिखाया जाना चाहिए। साक्षी एक क्षमता निर्माण संगठन है जो 1992 से जेंडर भेदभाव को रोकने के लिए काम कर रहा है। यह कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न और बाल यौन शोषण के खिलाफ काम करने में अग्रणी है। इसी कड़ी में आज स्टॉप चाईल्ड सेक्सुअल एब्युज पोक्सो एक्ट-2012 विषय पर एक दिवसीए राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित की गयी। इस तरह का कार्यक्रम वर्तमान समाज के लिए आवश्यक है। समाज में जागरुकता के लिए आज ऐसे कार्यक्रम होने चाहिए। इस मौके पर डा. शारदा कुमारी, प्रो. अर्जुन प्रसाद, डा. उमेश सहाय, प्रो. केबी अंसारी, डा. अरविन्द कुमार गुप्ता, डॉ संजीव मिश्रा, प्रो. नीलम कुमारी, प्रो. किरण कुमारी, प्रो. रबिता कुमारी, प्रो. आशीष उपाध्याय, प्रो. संजय केशरी, प्रो. भरत उपाध्याय, प्रो. दिवाकर चतुर्वेदी, डॉ बिनोद कुमार द्विवेदी समेंत बड़ी संख्या में छात्र और छात्राएं उपस्थित थे।

## रितेश को लगातार रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए सम्मानित किया गया




गढ़वा(आजाद सिपाही)। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे को लगातार रक्तदान शिविर लगाकर स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए संगठन को सम्मानित किया गया। विदित हो कि सदर अस्पताल स्थित सभागार में ब्लड बैंक गढ़वा द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिससे भाजयुमो संगठन को रक्तदान शिविर का लगातार वर्ष भर आयोजन करने के लिए सिविल सर्जन अवधेश सिंह और डीआरडीओ निर्देशक के द्वारा सम्मानित किया गया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि युवाओं को रक्तदान के लिए हमेशा आगे रहना चाहिए। भाजयुमो कार्यकर्ता नि:स्वार्थ भाव से लगातार स्वैच्छिक रक्तदान करते रहते हैं ब्लड बैंक गढ़वा द्वारा इस तरह से सम्मान समारोह आयोजित कर लोगों में जागरूकता पैदा करने का अनोखा कदम है उन्होंने कहा कि सम्मान भाजयुमो को मिला सम्मान जिले जिले के एक एक कार्यकर्ता और युवाओं को समर्पित है। लोगों को रक्तदान के लिए खुलकर सामने आना चाहिए। रक्तदान के क्षेत्र में गढ़वा कुछ दिनों से हमेशा आगे रह रहा है उन्होंने कहा कि आनेवाले दिनों में भाजयुमो प्रखंड स्तर पर रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर युवाओं को रक्तदान के क्षेत्र जागरूक करने का काम करेगा।

## फरार कामेश भुइयां के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

लातेहार। लातेहार सदर थाना क्षेत्र के बानपुर निवासी कामेश भुइयां पिता स्वर्गीय लखन भुइयां के घर लातेहार पुलिस ने सोमवार को इश्तिहार चिपकाया है। इसकी जानकारी पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि कामेश भुइयां पर लातेहार थाना कांड संख्या 17/23 भादवि की धारा 323/341/379 /385/427/504/506/34 के तहत मामला दर्ज था। कामेश कई महीनों से फरार चल रहा है। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी लातेहार द्वारा सोमवार को न्यायालय में उपस्थित होने के लिए इश्तिहार निकाला है। उसके बाद उसके घर में इश्तिहार चिपकाया गया है। कामेश भुइयां को 30 दिन के अंदर कोर्ट में आत्म समर्पण करने की मोहलत दिया गया है। मोहलत के बाद भी न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है तो पुलिस कुर्की जब्ति की कार्रवाई करेगी।

# स्टेट बैंक के फील्ड मैनेजर ने इंसानियत को किया शर्मसार

**एक आदिवासी 16 वर्षीय नाबालिग युवक के साथ एसबीआइ बैंक में कार्यरत फील्ड मैनेजर द्वारा दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका ( लातेहार)।** मनिका थाना क्षेत्र स्थित स्टेट बैंक मनिका में एक आदिवासी 16 वर्षीय नाबालिग युवक के साथ एसबीआई बैंक में कार्यरत फील्ड मैनेजर के द्वारा दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया। वहीं कुई गांव निवासी हाई स्कूल का छात्र भारतीय स्टेट बैंक में निकासी फार्म लेने आया हुआ था। पीड़ित युवक आपबीती मीडिया को बताया कि फार्म लेने के बाद वह अपने घर जा रहा था इसी दौरान भारतीय स्टेट बैंक के फील्ड मैनेजर रौनक शुक्ला कुछ काम है बोलकर उसे अपने साथ अपने रूम ले गया और रूम का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया।



भारतीय स्टेट बैंक शाखा मनिका

पीड़ित ने बताया कि मैनेजर खुद निर्वस्त्र होकर युवक को भी अर्धनग्न कर दिया और उसके साथ घिनौना हरकत करने लगा, युवक इसका विरोध करते हुए जैसे तैसे कर रूम का दरवाजा खोल बाहर निकल गया। जिसके बाद मैनेजर किसी को कुछ नहीं बोलने को बोलकर उसे अपनी चिकनी चौकड़ी बातों में फंसाने का प्रयास किया। युवक ने जब इस घटना को अपने दोस्तों को बताया तो उसके साथी आक्रोशित हो गए और बैंक के सामने ही हंगामा शुरू कर दिया लोगों के गुस्सा को देखते हुए रौनक शुक्ला दौड़कर शाखा प्रबंधक के कार्यालय में छुप गया।

इधर हंगामा होते देख स्थानीय लोगों ने मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह को इसकी जानकारी दिया जिसके बाद एसआई मिथिलेश कुमार अपने दलबल के साथ बैंक पहुंचे और शाखा प्रबंधक के कार्यालय पहुंचकर प्रबंधक से पूरा मामले की जानकारी लिया और आरोपी फील्ड मैनेजर को गिरफ्तार कर मनिका थाना ले गये। वहीं इस मामले के विषय पर पूछे जाने पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा मनिका के प्रबंधक अमित केरकेट्टा ने कहा कि मामले के विषय में उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि रौनक शुक्ला फील्ड मैनेजर के पद पर कॉन्ट्रैक्ट पर एसबीआई का काम कर रहा था।

## मोतियाबिंद का नि:शुल्क आपरेशन 10 नवंबर से

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। मनुष्य के शरीर में आंखें सबसे महत्वपूर्ण इंद्रिय हैं, जिनके बिना जीवन की कल्पना भी अधूरी है। बढ़ती उम्र में आंखों में मोतियाबिंद होना आम बात है, लेकिन धन के अभाव में ऑपरेशन न करा पाने से लोग अंधता का दंश झेल रहे है। डीबीसीएल लातेहार और कल्याण एजुकेशनल ट्रस्ट के तहत नि:शुल्क आपरेशन कराने के लिए हाथ बढ़ाए है, तो आगामी 10 नवंबर से अंबेडकर चौक के समीप जीवन हॉस्पिटल में लगने वाले शिविर में आकर नि:शुल्क ऑपरेशन कराने के लिए जरूर पहुंचे। इस संबंध में नेत्र चिकित्सक डॉ धीरज कुमार ने बताया कि आंखों की विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच नेत्र रोग चिकित्सक द्वारा की जायेगी। जिन मरीजों को चश्में की आवश्यकता होगी, उन सभी मरीजों की जांच आधुनिक जापानी मशीन द्वारा की जायेगी और चश्में भी बनायें जायेंगे। साथ ही साथ ठंड के मौसम को देखते हुए कंबल और भोजन की भी व्यवस्था की गयी है।

## प्रधानमंत्री आवास पर दबंग ने जड़ा ताला पीड़ित परिवार ने प्रशासन से लगायी गुहार



चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चेटर पंचायत के रुद गांव के अंबा पतरा टोला के लखन गंझू का प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वारा प्रदत्त आवास को गांव के ही दबंग के द्वारा कब्जा किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। आवास कब्जा किए जाने की शिकायत लेकर सुरेश गंझू पिता लखन गंझू अपने पूरे परिवार के साथ सोमवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंच अंचल अधिकारी जयशंकर पाठक से मिल उनके समक्ष इसकी शिकायत की। पीड़ित परिवार ने बताया कि लगभग तीन चार वर्ष पूर्व सरकार के द्वारा मेरे पिता के नाम प्रधानमंत्री आवास मिला था। जब हमलोग गांव से बाहर कमाने गये थे। उस समय मौका पाकर गांव के ही व्यक्ति मार्शल कंडूलना एवं उसके परिजन मिल कर उस घर में ताला लगा दिया। इससे हमलोगों को रहने के लिए बहुत परेशानी हो रही है। मकान की चाभी मांगे जाने पर उन लोगों के द्वारा रुपए की मांग किया जाता है उनके द्वारा रुपए मिलने के बाद ताला की चाभी दिये जाने की बात कही जाती है। पीड़ित परिवार ने प्रखंड प्रशासन से न्याय की गुहार लगायी है।

## राज्य स्थापना दिवस को लेकर बीडीओ ने की बैठक



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में राज्य स्थापना दिवस को लेकर मुखिया एवं प्रखंड कर्मियों का बैठक आयोजित हुआ। बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने राज्य सरकार के निर्देशानुसार जानकारी देते हुए बताया कि राज्य स्थापना दिवस के पूर्व संध्या पर प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत भवनों का सजावट करने तथा 15 नवंबर को सभही पंचायत में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देने का निर्देश दिया गया। प्रखंड क्षेत्र में 16 नवंबर से 29 दिसंबर तक आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम तिथिवार शिविर का आयोजन करने की बात कहीं गयी। कार्यक्रम से 3-4 दिन प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया। मौके पर जेई संजीत कुमार, मनु कुमारी, बीपीओ निलेंद्र कुमार, आवास समन्यवक धनेश्वर महतो, सत्यकाम श्रीवास्तव के अलावे दिलीप भगत, बसंती देवी, कमला देवी, पार्वती उरांव, शोभा देवी, राजश्री उरांव तथा सभी पंचायत सचिव, जनसेवक और प्रखंडकर्मी उपस्थित थे।

# शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार से प्रारम्भ हुआ.आयोजित प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा दीप प्रज्वलन कर प्रारम्भ कराया गया। वहीं बीडीओ श्री चोपड़ा ने कहा कि जरूरत के आधार पर अपग्रेड होने के लिये सम्ह समय पर सभी को प्रशिक्षण देना या लेना चाहिये। जिसे अपडेट तरीके से समय के अनुरूप कार्यो में गुणवत्ता लाया जा सके शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राओं का शाररिक, मानसिक



और बौद्धिक विकास में मुख्य भूमिका निभाते हैं। इसलिये समय के अनुसार सभी को प्रशिक्षण के माध्यम से अपडेट होना आवश्यक है। जिसे शिक्षण कार्य करने मे आसानी हो सके। वहीं मौके पर मौजूद प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयनाथ महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि साक्षरता और संख्याज्ञान कार्यक्रम पूरे देश मे केंद्रीय मानव संसाधन विभाग के निर्देश पर चल रहा है। जिसमें कक्षा 3 तक के बच्चों का स्तर के अनुरूप शिक्षा उपलब्ध कराना है। जिसके लिये कक्षा एक से 3 तक के छात्र छात्राओं के साथ कार्य कर रहे शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित किया जायेगा। साथ ही कहा कि यह प्रथम चरण का प्रशिक्षण है। प्रशिक्षण में आये सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को ध्यानपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। वहीं प्रशिक्षक अवधेश यादव, सूर्यकांत भगत और अशोक भेंगरा द्वारा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को साक्षरता और संख्याज्ञान के बारे में बारीकी से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिनी टाटा ट्रस्टस के सदस्यों द्वारा सहयोग किया जा रहा है। प्रशिक्षण में आशा कच्छप, मंजू तिर्की, नवनीत गौड़, उदय नारायण सिंह, पुष्पा बाखला, जैनुल अंसारी, सैयद अली, फरजाना बेगम, निशांत कुमार, अनिल राम सहित प्रखंड क्षेत्र के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश रंजन, सिनी ट्रस्ट के तरुण कुमार उपस्थित थे।

## किसानों के बीच सरसों और चना बीज का वितरण



कैरो (आजाद सिपाही)। कैरो प्रखंड मुख्यालय में किसानों के बीच रबी फसल की उन्नत किस्म का बीज प्रखंड सह अंचल कार्यालय में वितरण किया गया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार गुप्ता,सहायक तकनीकी प्रबंधक सुमन तिग्गा एवं अनुराधा केरकेट्टा की उपस्थिति में वैसे किसान जिन्होंने पूर्व में उक्त कार्यालय में पंजीकरण करवाया था उन सभी किसानों को सरकार द्वारा निशुल्क सरसों, चना के साथ खेतो को उपजाऊ बनाने के लिए चुना और फसल पर किसी प्रकार की बीमारी न हो उसके लिए विभिन्न प्रकार के दवा का वितरण कर उक्त किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही किसानों को समय समय पर खेतो की मिट्टी की जांच कराने के लिए और मिट्टी जांच करने के उपरांत जरूरत पड़ने पर उर्वरक खेतो में डालने की सलाह दी गयी। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार गुप्ता, सहायक कृषि तकनीकी प्रबंधक सुमन तिग्गा, अनुराधा केरकेटा, किसान नंदकिशोर साहू, बासू उरांव, बाबूलाल उरांव बलराम केवट आदि थे।

## चूल्हापानी महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड:
# प्रथम वार्षिक आमसभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** कुडू के चूल्हापानी महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का प्रथम वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला कार्यालय लोहरदगा से जिला कार्यक्रम प्रबंधक - जेएसएलपीएस अनिता केरकेट्टा उपस्थित हुई। कार्यक्रम का शुरूआत सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवम मंच पर उपस्थित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। उसके उपरांत कंपनी का संक्षिप्त परिचय एवम संबोधन, कंपनी की अध्यक्ष इन्द्रमनी उरांव के द्वारा किया गया। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2022-23 की वार्षिक प्रगति और 2023 -24 का अब तक के उपलब्धियों को उपस्थित शेयर धारकों एवम अतिथि के समक्ष जानकारी दी गई। डीपीएम अनिता केरकेट्टा द्वारा उपस्थित सभी शेयर धारकों और बोर्ड सदस्यों को यह जानकारी दी गयी कि चुल्हापानी महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी




लिमिटेड का फॉर्मेशन 10के एफपीओ स्किम के तहत जेएसएलपीएस के अंतर्गत किया गया है, जो केंद्र सरकार के द्वारा किसानों को उन्नत कृषि क्षेत्र में बढ़ावा देने, किसानों को शशक्त बनाने, किसानों का जीवकोपार्जन बढ़ाने इत्यादि के उद्देश्य से पूरे भारत देश में बनाया जा रहा है। डीपीएम ने बताया कि यह किसान उत्पादक कंपनी क्लस्टर अप्रोच के तहत फसल योजना बनाकर किसानो के उत्थान के लिए कार्य करेंगी। जिसमें किसानो को सही समय पर कृषि इनपुट सप्लाई करवाना, आउटपुट संबंधी कार्य करना, उन्नत कृषि यंत्र उपलब्ध कराना, स्टोरेज का व्यवस्था करना और मार्केट लिंकेज इत्यादि पर कंपनी कार्य करेंगी, साथ ही साथ कंपनी से कुडू प्रखंड के 1500 महिला किसानों को जोड़ा जायेगा कार्यक्रम में जिला कार्यालय की तरफ से जिला प्रबंधक - आजीविका रूपेश राम एवम प्रखंड कार्यालय के तरफ से व्यास यादव (बीपीओ), विवेक कुमार गौतम (तकनीकी सहायक अधिकारी), एमएमवीएम अध्यक्षा बालवती देवी, सुमित तिर्की (वाईपी एचवीए), कंपनी की सीईओ पूजा कुमारी, एकाउंटेंट राजकुमार और कंपनी के 157 शेयर होल्डर्स उपस्थित हुए।

# डीडीसी जयज्योति सामंता ने विभिन्न विभागों की समीक्षा की, दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य, उद्यान और आत्मा विभाग की बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम कृषि विभाग के राज्य संपोषित योजनाओं और केंद्र संपोषित योजनाओं की समीक्षा की गयी। राज्य संपोषित योजनाओं में बिरसा बीज विनिमय और वितरण योजना अंतर्गत आवंटन, व्यय, कृषक मेला, एग्रीक्लिनिक योजना, कृषि प्रयोगशाला की स्थापना, मृदा परीक्षण की स्थिति की समीक्षा की गयी और आवंटन के विरूद्ध व्यय सौ प्रतिशत किये जाने का निदेश दिया गया। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में सभी तरह के वितरण का कार्य कराये जाने का निदेश सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। केंद्र संपोषित योजनाओं में एनएफएसएम अंतर्गत रबी बीज का लक्ष्य, प्राप्त आवंटन व




वितरण की समीक्षा की गयी। इसमें प्राप्त बीज को प्रखंड विकास पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बंटवाये जाने का निदेश दिया गया। दलहन बीज के आवंटन की समीक्षा की गयी और प्राप्त बीज का भी वितरण आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में कराये जाने का निदेश दिया गया। इसमें गेहूं, गरमा मक्का, सरसों, सूर्यमुखी, चना बीज के आवंटन की समीक्षा की गयी। इसके अतिरिक्त बिरसा फसल विस्तार योजना, मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना, केसीसी, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, कृषक पाठशाला, एग्री स्मार्ट गांव आदि की भी समीक्षा की गई। वर्ष 2022-23 में केसीसी के आवेदन बैंक स्तर से वापस किये हैं, उनकी पुनः समीक्षा करने का निदेश एलडीएम, लोहरदगा को दिया गया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी शिवपूजन राम, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनुप कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी नीलम सरोज एक्का, जिला उद्यान पदाधिकारी संतोष कुमार, आत्मा परियोजना उप निदेशक समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## विधानसभा आश्वासन समिति के सभापति की बैठक में कई अहम फैसले लिये गये



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार झारखंड विधानसभा सरकारी आश्वासन समिति के सभापति दीपक बिरुवा के अध्यक्षता में लातेहार परिसदन के सभागार में आयोजित की गई जिसमें लातेहार जिला के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया गया। उन्होंने विधानसभा में उठाये गये लातेहार जिला से संबंधित मामलों में कृत कार्यों की समीक्षा किया। वैसे मामलों को प्राथमिकता के साथ निष्पादित किया जाना चाहिए। समीक्षा के क्रम में विधानसभा में उठाये गये लातेहार जिला से सम्बंधित कुल 12 मामलों में कृत कार्यों के बारे सभापति ने संबंधित विभाग के पदाधिकारी से जानकारी लिया। बैठक में समिति के सदस्य सह विधायक, लातेहार बैद्यनाथ राम ने जिले में विभिन्न विकास कार्यों के बारे पदाधिकारियों से जानकारी लिया और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार मो0 परवेज अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड बिपिन कुमार दुबे और अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में विषय सह प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में विषय सह प्रश्नमंच का आयोजन किया गया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में 12वीं विज्ञान में रोहित कुमार साहू, अंकित कुमार साहू और पायल वर्मा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं कला में रोशनी उरांव, आदित्य उरांव और शशि तिग्गा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। 11वीं विज्ञान में प्रथम स्थान नैतिक राज, द्वितीय स्थान शोभा कुमारी व तृतीय स्थान अनीश साहू ने प्राप्त किया। 11वीं कला में किरण कुमारी, ज्योति प्रिया कुजूर और आकांक्षा पांडे ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य उत्तम मुखर्जी द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## अबुआ आवास का लाभ उचित लाभुकों को मिले : बीडीओ



भंडरा /लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभा भवन मे सोमवार को वार्ड सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड के विभिन्न पंचायत के सभी वार्ड सदस्य शामिल हुए। प्रशिक्षण में शामिल वार्ड सदस्यों को बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा व आवास समन्वयक नितलेन्द्र कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मे प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि के वार्ड सदस्य ग्राम पंचायत की रीढ़ होते हैं। उनकी निगरानी में पंचायत का विकास होगा। वार्ड सदस्यों को अपने कार्य को इमानदारी पूर्वक निर्वाह करने का आह्वान किया। उन्होंने सदस्यों से पंचायत में हो रहे सभी कार्यों पर निगरानी रखने की बात कही। बीडीओ ने वार्ड सदस्यों को उनके कार्य, दायित्व व अधिकार की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि ग्राम पंचायत में संचालित सभी प्रकार की योजनाओं व कल्याणकारी कार्यो में इनकी भागीदारी महत्वपूर्ण है। बीडीओ ने अबुवा आवास एव प्रधानमंत्री आवास मे वार्ड सदस्यों को महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने की अपील की। बीडीओ ने अबुवा आवास के लिए ग्राम सभा मे उचित लाभुकों का चयन करने की बात कही। उन्होंने कहा की वार्ड सदस्य आवास लाभुकों को जागरूक करते हुए आवास निर्माण करने मे पहल करे। प्रशिक्षण में वार्ड सदस्य संतोष पंडित, रतनी उरांव, शनि उरांव, दयामुनी उरांव सहित अन्य शामिल थे।

# जतरा संस्कृति आदिवासी समाज की पहचान : शिवराम





**इस अवसर पर बिसुनपुर विधायक प्रतिनिधि शिव राम कच्छप, सामाजिक कार्यकर्ता चारो उराँव समेत 15 खोड़हा दल उपस्थित थे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भंडरा के बेदाल में ऐतिहासिक सात पड़हा जतरा का आयोजन जतरा समिति बेदाल भंडरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर बिसुनपुर विधायक प्रतिनिधि शिव राम कच्छप, सरना प्रार्थना सभा प्रतिनिधि भंडरा विथू उराँव, पूर्व जिला परिषद सदस्य भंडरा शामिल उराँव, सामाजिक कार्यकर्त्ता चारो उराँव समेत 15 खोड़हा दल उपस्थित थे। इस अवसर पर बिसुनपुर विधायक चमरा लिंडा के प्रतिनिधि शिव राम कच्छप ने कहा कि जतरा संस्कृति आदिवासी समाज की पहचान है। वर्तमान समय में आदिवासी समाज के लिए बहुत चैलेंज का है। भौतिकतावादी और आधुनिकता में लोग पश्चात संस्कृति में आकर आदिवासी संस्कृति को बर्बाद करने का कुचक्र रच रहे है। जिसे जतरा संस्कृति ही बचा सकती है। आदिवासी संस्कृति ढ़ोल मांदर नृत्य पहचान है। जिसे बचाये रखना चैलेंज है।

विधायक चमरा लिंडा सोंच है कि, आदिवासी संस्कृति बचाना है तो गांव गांव में युवाओं को संस्कृति का महत्त्व बताने के लिए जतरा का आयोजन किया जाना चाहिए। सबसे पुरानी परंपरा को बचाना है। बेदाल सात पड़हा जतरा ऐतिहासिक जतरा है। सदियों से आयोजित होते आ रहा है ढ़ोल मांदर व सामूहिक नृत्य से लोगों का मनोरंजन के साथ आनंद लिए गया। मेला में आदिवासी समेत अन्य धर्म, समुदाय के लोग बड़ी संख्या में सामूहिक नृत्य कर मेला का आनंद लिया।

## बीडीओ ने मुखिया व कर्मियों के साथ की बैठक, योजनाओं में तेजी लाने का दिया निर्देश

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बीडीओ राकेश सहाय ने सोमवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में सभी मुखिया और कर्मियों के साथ बैठक कर विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी कर्मियों को विकास योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ ने सभी मुखिया और पंचायत सेवकों को प्रधानमंत्री आवास योजना को ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी रोजगार सेवकों को मनरेगा योजना के तहत स्वीकृत कार्यों में तेजी लाने और लक्ष्य के अनुरूप मानव दिवस सृजत करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने वर्मिंग कंपोस्ट के कार्य को भी निर्धारित समय पर पूरा करने का निर्देश देते हुये कहा कि सभी मुखिया, पंचायत सेवक और रोजगार सेवक प्रत्येक बुधवार को पंचायत मुख्यालय में बैठना सुनिश्चित करें।

## केराझरिया नदी से पुलिस ने किया शव बरामद

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के इचा पुल स्थित केराझरिया नदी से घाघरा पुलिस ने सोमवार को इचा बड़काटोली निवासी इंद्रदेव भगत का शव बरामद किया। वह शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। मृतक के मामा पुरुषोत्तम भगत ने बताया कि उनका भांजा इंद्रदेव भगत इचा में लगे साप्ताहिक हाट में रविवार को गया था। वहीं देर शाम वह नशे में घर लौट रहा था। लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। रात में काफी खोजबीन की गई जिसके बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। सोमवार सुबह 7:30 बजे ग्रामीणों द्वारा इचा पुल के समीप केरा झरिया नदी में एक शव देखा गया।

## विद्यार्थियों के लिए मिला फॉर्म भरने का मौका

**बसिया।** बसिया महाविद्यालय बसिया में जो विद्यार्थी स्नातक का नामांकन फार्म भरने से वंचित रह गए है,उनके लिए चांसलर पोर्टल खोला गया है इछुक छात्र छात्राएं बसिया महाविद्यालय बसिया में पहुंच कर ऑनलाइन आवेदन फार्म भर सकते है। उक्त जानकारी प्राचार्य पन्नालाल साहु ने दी।

## पागल कुत्ता के हमले से जख्मी हुई दो सगी बहनें

**गुमला ।** छुट्टी के बाद विद्यालय से घर लौट रहे स्कूली बच्ची दो सगी बहनों को पागल कुत्ता ने नोच कर लहूलुहान कर दिया। राहगीरों ने कुत्ता को मार भगाया। जिस कारण दोनों छात्राओं की जान बच गई। जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर की अंशुरानी टोप्पो 14 वर्ष और समर्थी टोप्पो 16 वर्ष रायडीह के जी ई एल मध्य विद्यालय टुकूटोली में पढ़ती है। छुट्टी होने के बाद दोनों बहन अपना घर जा रहे थे तभी टुकूटोली चर्च के पास पागल कुत्ता ने बड़ी बहन समर्थी टोप्पो पर हमला बोल दिया। बचाव के लिए आगे आई छोटी बहन अंशुरानी टोप्पो पर भी पागल कुत्ता ने हमला कर दिया।

## लाह फसल काटने को लेकर दो गुटों में तनाव

**गुमला ।** लाह फसल काटने को लेकर तेलगांव कोनाटोली गांव में दो गुटों में विवाद उत्पन्न हो गया। विवाद से दोनों पक्षों में तनाव बढ़ गया। सूचना मिलने पर एसडीपीओ मनीष चन्द्र लाल और थाना प्रभारी विनोद कुमार ने दल बल के साथ पहुंचे और मामला का पटाक्षेप किया। एसडीपीओ और थाना प्रभारी ने ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक में लाह उत्पादन के लिए फिर से पेड़ों का आवंटन किए जाने की सहमति के बाद फिलहाल विवाद में विराम लग गया है।

## कुएं में डूबने से गयी युवक की जान

**बसिया।** थाना क्षेत्र के बम्बियारी निवासी कुलदीप लोहरा की कुएं में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कुलदीप लोहरा रविवार को सुबह 10 बजे घर से निकला उस समय वह काफी शराब पी रखी थी। वह घर के निकट स्थित कुआ में गिर गया। काफी देर तक घर नही लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। शाम को ग्रामीणों ने घर के निकट स्थित कुआ में मृतक को देखा गया जिसकी सूचना बसिया थाना को दी गई। घटना की सूचना पर बसिया पुलिस घटना स्थल पहुचकर शव को कुएं से निकाल कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया।

### जनवरी में गुमला जिला में होगा दलित महासम्मेलन

# एकता से समस्याओं का समाधान होता है : बंधु

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** अगर समाज संगठित है, तो किसी भी समस्या का समाधान निकाला जा सकता है। उक्त बातें कांग्रेस ऐसी प्रकोष्ठ के प्रतिनिधि सम्मेलन में मौजूद कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष सह जिला प्रभारी बंधु तिर्की ने कहीं। सोमवार को जिला कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष भुनेश्वर राम की अध्यक्षता में परिसदन भवन गुमला में एससी प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक बुलायी गयी थी। इसी बैठक में मुख्य रूप से शामिल होने कार्यकारी अध्यक्ष सह जिला प्रभारी बंधु तिर्की आये थे। कार्यक्रम में काफी संख्या में दलित सामुदाय के लोग विभिन्न प्रखंडों से आये थे। बंधु तिर्की ने उन्हें संबोधित करते हुए कहा किआप लोग सभी एकजुट हैं, यह अच्छी बात है। एकता में ही बल है। अगर आप एकजुट होते हैं, संगठन को मजबूत करते हैं और संगठित होते हैं तो आपकी हर समस्या का समाधान होगा। उन्होंने दलितों की समस्याओं को सुना और उन्हें निवारण करने की बात कही। आगे कहा कि सरकार दलितों के लिए विभिन्न प्रकार की कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। जानकारी के अभाव में लोगों तक यह योजना नहीं पहुंच पाती है। उन्होंने उपस्थित जिला अध्यक्ष और प्रखंड अध्यक्षों को सभी की समस्याओं को सुनते हुए निवारण करने का निर्देश दिया। वहीं कहा कि आगामी जनवरी में गुमला में दलित महासम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह अपने बच्चों को जरूर पढ़ायें।

**समाज के प्रति समर्पित होकर न्याय की लड़ाई लड़ें :** चैतू उरांव जिला कांग्रेस कमिटी जिलाध्यक्ष चैतू उरांव ने कहा कि आज गुमला जिला अंतर्गत अनुसूचित जाति विभाग की इस महत्वपूर्ण बैठक में आप सभी से निवेदन है कि आप अपने समाज के प्रति समर्पित होकर न्याय की लड़ाई लड़ें। आज समाज में कई तरह की कुरीतियों हैं, उनके खिलाफ हम सबों को एकजुट होकर लड़ने की आवश्यकता है आज हम राजनीतिक रूप से भी काफी पिछड़े हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी आज हमें वोट बैंक के रूप में उपयोग करती है, परंतु जब हम अपने सामाजिक न्याय एवं विकास के बारे में अपने अधिकारों की मांग करते हैं तो उसे दरकिनार कर दिया जाता है। ऐसी स्थिति में आपको ज्ञात होगा कि महामहिम राष्ट्रपति रामनाथ गोविंद को पूजा के दौरान मंदिर में प्रवेश करने की इजाजत नहीं मिली और वह सीढ़ी से ही पूजा कर वापस लौट गये थे। इसी तरह मध्य प्रदेश में एक भाजपा कार्यकर्ता द्वारा एक दलित युवक पर पेशाब करने जैसी घटनाएं देखी गयीं। आप सभी समाज के किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय और शोषण होने पर, इसकी लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी के बैनर पर अपने आपको मजबूत करें और सामाजिक आर्थिक शैक्षणिक रूप से मजबूत होते हुए हम दलित समाज को एक नयी दिशा देने का काम करेंगे। कार्यक्रम में एससी प्रकोष्ठ जिला महासचिव खालिद शाह, खुदी भगत दुखी, फिरोज आलम, तरुण गोप, देव साहू,आजाद अंसारी, बेलसाजर, कार्यक्रम प्रभारी विष्णु राम, अग्रणी संगठन जिला प्रभारी राजू रंजन महतो, प्रखंड अध्यक्ष रोहित नायक उपस्थित हुए।

## पशुधन विकास योजना के तहत गाय का वितरण

**बसिया।** गव्य विकास योजना के तहत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2022 -23 के तहत प्रखंड परिसर में सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो द्वारा 7 लाभुकों के बीच एक एक दुधारू गाय का वितरण किया गया। इस मौके पर जिला गव्य पदाधिकारी डॉ शंकर प्रसाद, एसडीओ बसिया जयवंती देवगम, बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति प्रखंड अध्यक्ष सुकरात उराँव,बीडीओ सुप्रिया भगत,प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ सूर्य वंश ठाकुर, जिप सदस्य विनोद भगत, प्रमुख जगरानी तिग्गा,गव्य तकनीकी पदाधिकारी प्रमोद कुमार, सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा नेता अमर पांडेय, मुंतजीर खान, उमेश नाग, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष, जेडी नायक समेत अनेक ग्रामीण और लाभुक उपस्थित थे ।

## सड़क दुर्घटना में दंपति घायल

**गुमला ।** थाना क्षेत्र के मुरकुंडा मोड़ में अनियंत्रित बाइक पेड़ से जा टकराया। जिससे बाइक में सवार टैंसेरा निवासी राम कुमार साहु और उसकी पत्नी उर्मिला देवी घायल हो गए। सोमवार को दोनों अपने बाइक में केसीपारा बाजार जा रहे थे। मुरकुंडा मोड़ के समीप बाइक अनियंत्रित हो गया और पेड़ से टकरा कर दुर्घटना ग्रस्त हो गया। दोनों को गंभीर चोट लगी है। स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## संप्रेषण गृह के बच्चों के बीच डालसा ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा संप्रेषण गृह, गुमला, में आवासित बच्चो के बीच जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला के अध्यक्ष पार्थ सारथी घोष, सचिव के माध्यम से चलाया गया। कार्यक्रम में लीगल ऐड डिफेंस के अधिवक्ता बृंदेश्वर गोप और विद्या निधि शर्मा, अधीक्षक, संप्रेषण गृह, तथा पी एल बी तितरू उरांव ने भी भाग लिया। ज्ञात हो कि डालसा, गुमला, के द्वारा सौ दिवसीय जागरूकता सह आउटरीच कैंपेन नेशनल लीगल सर्विस डे कैंपेन के तहत जागरूकता शिविर जिले के विभिन्न गांवों, कारा, स्कूल, ब्लॉक में आयोजित किया जा रहा है। बच्चो को जागरूक करते हुए डालसा के टीम के द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि संप्रेषण गृह में रह रहे बच्चे जो गरीबी के कारण अधिवक्ता नहीं रख सकते हैं उन्हें डालसा मुफ्त में विधिक सहायता उपलब्ध करा पाए।

## विजेता खिलाड़ियों को दी बधाई



आजाद सिपाही संवाददाता

बसिया। विद्या भारती के 34 वें राष्ट्रीय एथलेटिक्स खेलकूद समारोह, बेतिया में अब तक इन दो दिनों में उत्तर-पूर्व क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया के छात्र सुशांत उराँव ने बाल वर्ग में 600 मी. दौड़ में कांस्य पदक तथा कमलेश उराँव ने 400 मी. दौड़ में रजत पदक प्राप्त किया।राष्ट्रीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता में मिली इस सफलता पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने सुशांत उरांव तथा कमलेश उरांव को हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## जहां भी मेरी जरूरत होगी, मैं हरसंभव मदद को तैयार हूं: सीआरपीएफ डीआइजी

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड के जट्या उच्च विद्यालय बुरहु में सोमवार को सीआरपीएफ डीआइजी रविंद्र भगत पहुंचे। वही बच्चों को मोटिवेट कर पढ़ाई में बेहतर करने का टिप्स दिया। इस क्रम में रविंद्र भगत ने कहा कि बच्चे अनुशासन में रह कर पढ़ाई करें। खेल के क्षेत्र में भी कई बच्चे परचम लहरा रहे हैं। आप पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी बेहतर करें, ताकि आप लोगों को अन्य जगहों पर बेहतर खेलने का मौका मिले। बच्चे तनाव में रहकर पढ़ाई न करें, बिना टेंशन बिना सोचे करें। आप सभी अपना लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें, ताकि आप अपने लक्ष्य में आगे बढ़ सकें, मुकाम तक पहुच सकें। नयी चेतना, नयी सोच के साथ आप आगे बढ़ें। गलत रास्ते पर आप न जाये, अच्छा कार्य करे। आप निरंतर मेहनत करें उसका फल आपको मिलेगा। जहां भी आप लोगों को मेरी जरूरत होगी, मैं हर संभव मदद के लिए तैयार हूं।

विद्यालय के प्राचार्य ने सीआरपीएफ डीआइजी को शॉल ओढ़ा कर सम्ममनित किया। इसके पूर्व सीआरपीएफ डीआइजी का पारंपरिक तरीके से स्वागत करते हुए विद्यालय परिसर तक लाया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों में विद्यालय प्राचार्य मोतीलाल साहू, उप प्राचार्य युगल किशोर पांडे, अजय कुमार मिश्रा, आजाद साहू, अनिरुद्ध चौबे सहित कई शिक्षक-शिक्षिका छात्र-छात्र उपस्थित थे।

## चिक बड़ाइक समाज के अध्यक्ष बने राजेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** झारखंड चिक बड़ाइक उत्थान समिति के द्वारा रविवार को घाघरा स्थित मध्य विद्यालय में चिक बड़ाईक समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में घाघरा प्रखंड की पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें प्रखंड अध्यक्ष राजेश बड़ाईक को चुना गया। साथ ही उपाध्यक्ष सुदामा बड़ाईक, सचिव राम बड़ाईक, सहसचिव प्रतिमा देवी, कोषाध्यक्ष गणेश बड़ाईक, मीडिया प्रभारी मनरखन बड़ाईक, संरक्षक बैजनाथ बड़ाईक, मनेश्वर बड़ाईक, लक्ष्मण बड़ाईक के नाम शामिल हैं। नवगठित प्रखंड अध्यक्ष राजेश पढ़ाई की नहीं कहा कि समाज द्वारा जो जिम्मेवारी मुझे सोप गई है इसे मैं बखूबी निभाऊंगा और समाज के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत रहूंगा।इस मौके पर काफी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पैसा लूट कर फरार हुए अपराधी को भेजा जेल

**गुमला ।** सदर थाना क्षेत्र के फोरी गांव में लगभग 2 महीना पूर्व भारत फाइनेंस कंपनी के मैनेजर से लुट पाट के प्रयास के बाद दहशत फैलाने की नीयत से फायरिंग करने के आरोपी फोरी निवासी मिन्नत खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक आरोपी लगभग 2 महीना पूर्व भारत फाइनेंस कंपनी के मैनेजर लोहरदगा निवासी राजकुमार लोहरा व उसके सहयोगी जो फोरी गांव फाइनेंस का पैसा लेने गए थे वहीं अखाड़ा के समीप महिलाओं के साथ बैठक कर रहे थे। जहां आरोपी युवक अपनी बाइक से आया और हथियार दिखाकर पैसा को लूट पाट करने लगा। वही विरोध करने पर मैनेजर के सर में पिस्टल के बट से वार कर घायल कर दिया और फायरिंग करते हुए बाइक छोड़कर घटना स्थल से फरार हो गया। इसके बाद मामले को लेकर गुमला थाना में आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया था। वहीं आरोपी फरार चल रहा था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## लोक वाद्य यंत्र कार्यशाला का उद्घाटन



रायडीह। सोमवार को मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, राँची, झारखण्ड एवं भारतीय लोक कल्याण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान विशेष घटक योजना के तहत अनुसूचति जातियों के लाभुकों के पारम्परिक वाद्ययंत्र के कौशल विकास हेतु 25 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभ उद्घाटन ग्राम - जरजत्ता, प्रखण्ड रायडीह, जिला - गुमला में किया गया। विशेष घटक योजना के तहत अनुसूचित जातियों के लाभुकों के पारम्परिक वाद्ययंत्र के कौशल विकास हेतु 25 दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्ता देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष, गुमला, विजय सिंह बिरवा जिला परिवहन पदाधिकारी गुमला, अमित कुमार मिश्रा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,रायडीह,सुरेश वाल्टन तिर्की, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र गुमला , मांदर सम्राट मानपुरन नायक,वरिष्ठ लोक कलाकार, राजेंद्र कुमार मीणा अनुभव अधिकारी, कृषि मंत्रालय भारत सरकार, सुदेश टांक विभाग अधिकारी, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार, रविकांत अनुभाग अधिकारी, डाक विभाग भारत सरकार, नई दिल्ली, सूरज कुमार जिला समन्वयक, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, हरे कृष्णा साहू, प्रखण्ड समन्वयक, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, जारजट्टा मुखिया मार्था एक्का, उप मुखिया खुशमारेन एक्का, कुणाल कुमार सिंह, सचिव, भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने अपने संबोधन में कहे कि इस 25 दिवसीय लोकवाद्य यंत्र निर्माण प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वावलंबी बनाना है।

## सहबान सेख ने किया पंचायत का दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**पालकोट।** प्रखंड अंतर्गत 14 पंचायत में मनरेगा कार्य के अंतर्गत अभिलेख लोकपाल गुमला के द्वारा सहबान सेख ने पालकोट दक्षिणी पंचायत का दौरा किया गया मनरेगा के अंतर्गत सभी कार्यों का अवलोकन किया गया । इस मौके पर सुकारो देवी का आम बागवानी महबूब मिया का आम बगवानी का निरीक्षण कर अगल बगल उगे घासो की सफाई करने की बात कही मौके पर उपस्थित थे, दक्षिणी पंचायत के मुखिया जशीनता मिंस पंचायत सचिव सरफराज अनवर रोजगार सेवक लक्ष्मी नारायण गोप श्रवण कंसारी संजीव कुमार, पीटर मिंज आदि लोग उपस्थित थे।

## गुमला टैसेरा स्कूल में अहीर सेना की बैठक में कई निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला टैसेरा स्कूल में अहीर सेना की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अहीर कुल के इष्ट देव भगवान कृष्ण के चित्र पर पुष्पांजलि कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अहीर सेना के संस्थापक सदस्यों ने गठन के उद्देश्य के बारे जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम सभी लोगों के बीच ढेर सारी सामाजिक कुरीतियां हैं जिनको दूर करना ही अहीर सेना का मुख्य उद्देश्य है। समाज के सभी लोगों को मिलकर इन सभी कुरीतियों को दूर करना चाहिए। अहीरों का दिन प्रतिदिन पलायन होता जा रहा है जिसको रोकने की बहुत जरूरत है। अहीर सेना के कार्यों की समीक्षा करते हुए विनय गोप ने कहा की अहीर सेना का गठन हुए सफलतापूर्वक 6 महीना हो गया जिसमे जमीन से संबंधित दो दो समस्या आई जिसका समाधान अहीर सेना ने सफलता पूर्वक किया।

### सावधान ! साधु के भेष में सिसई में घूम रहे हैं ठग

# उत्तरप्रदेश के तीन ठगों को पुलिस ने जेल भेजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों बाहर से आये साधु के वेश में ठग सक्रिय हैं। ये अधिकतर महिलाओं को अपनी ठगी का शिकार बनाते हैं। ठगी से पहले ये परिवार के बारे में पूरी जानकारी इकट्ठा करते हैं। ये गायब सदस्य की पूरी जानकारी जुटाते हैं। फिर उक्त परिवार से संपर्क कर उन्हें दिव्य ज्ञान का झांसा दिखा कर या गायब सदस्य होने का यकीन दिला कर मोटी रकम ठग कर चंपत हो जाते हैं। ऐसे ही तीन ठगों को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानेदार सत्यम गुप्ता ने बताया कि कुलकुपी महुआटोली गांव निवासी चौठी देवी के आवेदन पर अरुण योगी (25), फारूक (36) और सफरुद्दीन (42) सभी उत्तरप्रदेश के देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के टिकरिया गांव निवासी को ठगी के मामले में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। इनके पास से ठगी के पांच हजार नगद, दो सारंगी और चार मोबाइल भी जब्त किया गया है। आवेदन के अनुसार 12 साल पहले चौठी के देवर सुकरमान उरांव घर से लापता था। शनिवार को तीन लोग साधु के वेश में उसके घर आये और एक साधु खुद को सुकरमान उरांव बताने लगा। उसकी बातों में आकर सभी उसे घर मे रहने का आग्रह करने लगे। तब ठग साधु ने संन्यासी जीवन छोड़ने और गृहस्थ जीवन में शामिल होने के लिए कहा कि 10 हजार साधुओं को भंडारा देना पड़ता है, जिसके लिए 3 लाख खर्च होने की बात कहते हुए तुरंत दस हजार और कुछ कपड़ा की मांग की। भरोसा कर-के साधुओं को 10 हजार और कुछ कपड़े दे दिये। बाद में मालूम हुआ कि वे सभी ठग हैं। वहीं इन्हीं तीनों ठगों ने शुक्रवार को शिवनाथपुर गांव की दुखनी देवी को उसके 15 साल से गायब पति चमरा उरांव बन कर ठगने का प्रयास किया, परंतु गांवालों की सूझबूझ से दुखनी देवी ठगी से बच गयी। वहीं तीनों ठग गांव से चंपत हो गये थे।

## जुआ खेलते छह जुआरी हुए गिरफ्तार

**गुमला ।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गुमला थाना की पुलिस ने रविवार की रात्रि लगभग 9:00 बजे संत जोसेफ हॉस्पिटल उर्मी के समीप जुआ खेल रहे 6 जुआरियों को धर दबोचा। गुमला थाना की पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया गुप्त सूचना मिली कि गुमला थाना अंतर्गत उर्मी गांव के संत जोसेफ हॉस्पिटल के समीप कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं वही काफी शोर शराबा भी कर रहे हैं। जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। सूचना पर छापामारी दल का गठन कर छापामारी किया गया। जिसमें 6 लोगों को रंगे हाथ जुआ खेलते पकड़ कर गिरफ्तार किया गया। इनके पास से कुल 4470 रुपया, चटाई, एक मोमबत्ती, ताश का बिखरा पत्ता, छह स्मार्टफोन को जप्त किया गया। छापामारी दल में गुमला थाना के दाखिन बेसरा सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। वहीं जुआ में गिरफ्तार व्यक्तियों में डुमरडीह निवासी वीरेंद्र प्रसाद, इस्लामपुर आजाद बस्ती निवासी रेहान खान, डुमरडीह निवासी चंदन प्रसाद, शांति नगर निवासी लियूस एक्का, अरमई निवासी कृष्ण कुमार और डीएसपी रोड निवासी शशि रंजन शामिल है। वही भागने क्रम में एक युवक का पैर टूट गया जिसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सौगात : विधायक ने रखी प्रधानमंत्री ग्राम सेतु योजना से बनने वाले दो पुल की आधारशिला

# जात पात नहीं, सिर्फ विकास की बात होनी चाहिए: रामचंद्र चंद्रवंशी

**विधायक ने अप्रैल 2024 तक ढोढरी नदी पर पुल निर्माण कराने का दिया आश्वासन**

आजाद सिपाही संवाददाता


कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी।

**विश्रामपुर/पलामू।** पांडू प्रखंड के महुगावां व करमडीह के बीच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास एवं नेवरी व पोखरी के बीच बांकी नदी पर निर्मित होने वाले पुल का शिलान्यास विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने किया। सोमवार को हुए शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेमसागर सिंह व संचालन मनोरंजन गुप्ता ने किया। इस अवसर पर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि क्षेत्र में कोई भी महत्वपूर्ण योजना बाकी नहीं रहेगी। जल्द ही सभी विकास का कार्य शुरू किया जायेगा। उन्होंने कहा की विश्रामपर-बेलहारा मुख्य पथ का कार्य जल्द ही शुरू होगा। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरा किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार शहरी क्षेत्र ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। क्षेत्र में कोई भी ऐसा गांव नहीं बचा है जिसको पुल-पुलिया व सड़क बनाकर मुख्य पथ से नहीं जोड़ा गया हो। उन्होंने कहा कि अभी भी किसी गांव-कस्बे सड़क सुविधा से वंचित है तो इसकी सूचना दें, उसे निर्माण कार्य करा कर मुख्य पथ से जोड़ दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के नेतृत्व के लिए अच्छे व्यक्ति का चुनाव करें जो विकास कार्य को कर सके। जात-पात का बीज न बोयें। जिससे विकास कार्य प्रभावित हो। इस अवसर पर सिलदिली के ग्रामीणों ने विधायक को आवेदन सौंप कर ढोढरी नदी पर पुल बनाने की मांग की। इस पर विधायक ने अप्रैल महीने तक पुल निर्माण कराने का आश्वासन दिया। वहीं, पांडू को अनुमंडल बनाने को लेकर कहा कि पांडू प्रखण्ड को दो भागों में बांटकर आने वाले समय में अनुमण्डल बनाने का प्रयास किया जायेगा। इस मौके पर विधायक जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, विश्रामपुर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, संवेदक अविनाश कुमार सिंह उर्फ सिंटू सिंह, मंटू सिंह, ब्रजभूषण सिंह, विरेंद्र सिंह, सतीश पासवान, अवधेश सिंह, बबलू सिंह, महेंद्र साहू, मनमोहन पाण्डेय, सुमन पाण्डेय, जनक शर्मा, मुनि देवी, संजय ठाकुर, रजनीश चंद्रवंशी, श्यामसुंदर सिंह, सीबी नारायण सिंह, विमल चन्द्रवंशी आदि उपस्थित थे।

## जपला एके सिंह कॉलेज के प्राचार्य ने किया महाविद्यालय पत्रिका 'तर्कवादी' का विमोचन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला एके सिंह कॉलेज की अर्धवार्षिक पत्रिका 'तर्कवादी' का विमोचन प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने किया। प्राचार्य ने कहा कि इस पत्रिका में मुख्यतः शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की मौलिक रचनाएं प्रकाशित होती हैं। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की लेखन क्षमता को विकसित एवं परिमार्जित करना है। ' तर्कवादी' पत्रिका का संपादन दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष सह एकाडमिक इंचार्ज डॉ राम सुभग सिंह ने किया, जबकि संपादक मंडल में हिंदी विभागाध्यक्ष सह नैक समन्वयक डॉ आलोक रंजन कुमार, प्रो रेखा कुमारी सिंह, प्रो राहुल कुमार सिंह हैं। पत्रिका के प्रकाशन में विशेष सहयोग ओम प्रकाश सिंह ने किया है। विमोचन के अवसर पर शिक्षक प्रतिनिधि डॉ आनंद कुमार, प्रो शशिभूषण, डॉ शिवकुमार विश्वकर्मा, प्रो अशोक कुमार सिंह, प्रो सुनील कुमार सिंह, डॉ इंदिरा सिन्हा, प्रो सुदीप कुमार, डॉ अजय कुमार सिंह, प्रो मुकेश कुमार, प्रो सुधीर कुमार सिंह, प्रो अभिषेक कुमार, प्रो अरुण कुमार सिंह, प्रो हरेंद्र नारायण सिंह, प्रधान लिपिक मीना गुप्ता आदि थे।

## बाल विवाह को लेकर चलाया गया अभियान

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। बाल विवाह रोकने के उद्देश्य से जिले में सुरक्षित बचपन खुशहाल जीवन अभियान चलाया जा रहा है। इसी उद्देश्य से सोमवार को सदर मेदिनीनगर प्रखंड के चियांकी पंचायत भवन में जिला बाल सरंक्षण विभाग एवं यूनिसेफ की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश कुमार, केडी पासवान और यूनिसेफ के बाल विवाह प्रशिक्षक डॉ तबरेज आलम की ओर से बाल विवाह रोकने के संबंध में मौजूद लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। तबरेज आलम ने बाल विवाह के बारे में पीपीटी के माध्यम से सभी को वृहत जानकारी दी। वहीं केडी पासवान ने बाल विवाह से संबंधित सरकार के नई दिशा निर्देश के बारे में जानकारी दी।**

## प्रशिक्षण से शिक्षकों में उत्पन्न होंगें बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने के सकारात्मक विचार : अविनाश

**संत मरियम विद्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय में शिक्षकों के लिए सीबीएसई की ओर से कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। बतातें चलें कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को हुआ था, जिसका समापन रविवार को हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षिका के रूप में धनबाद से आई हुई हिंदी शिक्षिका विनीता विजय और स्थानीय ब्राइटलैंड स्कूल की अंग्रेजी शिक्षिका रवीना कुमारी के माध्यम से स्ट्रेंथिंग एसेसमेंट एंड इवोलुएशन प्रैक्टिस पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद दोनों प्रशिक्षिकाओं ने विद्यालय प्रबंधन की व्यवस्था देखी और खुशी जाहिर की। शिक्षकों ने इस प्रशिक्षण शिविर के बारे में कहा कि सीबीएसई द्वारा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना सराहनीय और लाभदायक है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के 60 शिक्षकों ने भाग लिया था। अंत में विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने दोनों प्रशिक्षिकाओं को मिट्टी का बर्तन देकर सम्मानित किया। कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से शिक्षकों में बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए सकारात्मक विचार उत्पन्न होंगे जिससे बच्चे प्रेरित होकर वे अपने लक्ष्य को पा सकेंगे। इस मौके पर प्राचार्य कुमार आदर्श, उप प्राचार्य एसबी साहा आदि उपस्थित थे।

## आकलन सफल सहायक अध्यापकों की बैठक, अभिषेक शर्मा बने अध्यक्ष



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** आंकलन परीक्षा के सफल सहायक अध्यापक की बैठक सोमवार को हुसैनाबाद राजकीय कन्या मध्य विद्यालय प्रांगण में हुई। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ सहायक अध्यापक सुनील पाठक ने किया। बैठक में सर्वप्रथम सलाह समिति का गठन किया गया और हुसैनाबाद आंकलन सफल सहायक अध्यापक संघ का चुनाव हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से अभिषेक शर्मा को अध्यक्ष, रामप्रवेश राम व उपेंद्र सिंह को उपाध्यक्ष, अनिल कुमार को मीडिया प्रभारी, वैद्यनाथ पासवान को सचिव, विंध्याचल सिंह को सह सचिव, अविनाश सिन्हा को कोषाध्यक्ष, रजनीश कुमार को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर वरिष्ठ सहायक अध्यापक राजेश सिन्हा, संजय पासवान, रामचंद्र राम, अनिल कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिंह, गोविंदा सिंह, रंजन कुमार सिंह, पप्पू पासवान, दिलीप भगत, कृष्ण कुमार राम, विनय शर्मा, अभिसेक सिंह सुनील यादव, जयकुमार, संतोष पासवान, अभय पासवान, अखिलेश यादव, विनोद कुमार, धीरेंद्र राम, अवधेश यादव, मनोज कुमार, मुरलिश्याम प्रजापति, भारदूल ठाकुर, अर्जुन यादव, रामलाल राम फरजाना खातून, राजीव रंजन सिंह आदि उपस्थित थे। अंत में सभी चयनित पदधारियों को सुनील पाठक ने शपथ दिलाकर कार्यक्रम का समापन किया।

## सोना महल में लगी भव्य ज्वेलरी प्रदर्शनी, उमड़ी ग्राहकों की भीड़





आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के चर्चित ज्वेलरी शोरूम सोना महल में इन दिनों धनतेरस के उपलक्ष में भव्य ज्वेलरी प्रदर्शनी लगाई गई है। जिसमें ग्राहकों को दिल्ली, मुंबई राजकोट, मेरठ एवं दुबई तक की ज्वेलरी खरीदने का मौका मिल सकता है। सोना महल के संचालक संतोष कुमार सोनी एवं धनंजय कुमार सोनी ने बताया कि धनतेरस के शुभ अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष छूट के रूप में 50 हजार रुपए के डायमंड ज्वेलरी की खरीदारी पर 20 ग्राम चांदी का सिक्का मुफ्त एवं 10 ग्राम सोने की ज्वेलरी की खरीदारी पर 2250 रुपए की भारी छूट दी जा रही है। सोना महल का दावा है कि सोने का कम भाव, कम मेकिंग और ज्यादा से ज्यादा फायदा ग्राहकों को मिले यही उद्देश्य है। सोना महल के संचालक धनंजय सोनी का कहना है कि धनतेरस में ग्राहकों को खरीदारी करने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। ग्राहक भीड़-भाड़ होने की वजह से अपने मनपसंद ज्वेलरी की खरीदारी नहीं कर पाते हैं। इसीलिए सोना महल की तरफ से यह ज्वेलरी महोत्सव रखा गया है। जिसमें ग्राहक अपनी पसंद के ज्वेलरी को बुकिंग करके धनतेरस के दिन डिलीवरी ले सकते हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### कार्यपालक पदाधिकारी ने छठ घाट का लिया जायजा



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत हरिहरगंज में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारी शुरू हो गई है। छठ घाट पर व्यवस्था को लेकर सोमवार को कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने थाना रोड स्थित छठ घाट का जायजा लिया। बताया कि नप क्षेत्र के सभी छठ घाटों की स्थिति का जायजा लिया जाएगा। जरुरत के हिसाब से सभी छठ घाटों पर साफ-सफाई की व्यवस्था करने और उबड़ खाबड़ जमीन का समतलीकरण किया जाएगा। इस मौके पर युवा सामाजिक कार्यकर्ता संतोष प्रजापति, नवयुवक सांस्कृतिक छठ पूजा समिति के सदस्य संजय कुमार, रिंकू कुमार, निरंजन गुप्ता, हरिद्वार मेहता, शिव कुमार, शशि कुमार आदि शामिल थे।

### हरिहरगंज शहर में लगेगी छह स्ट्रीट लाइटें, किया निरीक्षण



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज शहरी क्षेत्र में छह स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी। इसे लेकर कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया और शहर प्रबंधक अजमाल हुसैन ने सोमवार को शहर के कई स्थानों का जायजा लिया। अंतर्राज्यीय चेक नाका पर जायजा लेने के दौरान उन्होंने जानकारी दी की शहर में 6 स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी। इसे लेकर शहर के कई मुख्य स्थानों पर जायजा लिया गया है।

### 36 किसानों को मिला दलहन का बीज



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में सोमवार को सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रवीण जहां ने पंजीकृत किसानों को टोकन के माध्यम से 36 किसानों को दलहन बीज वितरण किया। बीएओ ब्रजेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रिय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत आत्मा की ओर से उन्नत किस्म के सरसों और मंसूर बिज का वितरण किया जा रहा है। किसान निर्धारित प्रावधान के अनुसार बीज ले रहे हैं।

### चाणक्या साइंस एकेडमी के 9 बच्चों का इंजीनियरिंग कॉलेज में हुआ नामांकन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के जपला स्टेशन रोड स्थित चाणक्या साइंस एकेडमी के बच्चों का रिजल्ट विगत कई वर्षों से जेईई मेंस में बेहतरीन रहा है। 2023 में भी संस्थान के नौ बच्चों ने विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेज में चयनित होकर क्षेत्र का सम्मान बढ़ाया है। संस्थान के निदेशक अखलेश कुमार व आंनद कुमार ने बताया की जेइइ मेंस 2023 के रिजल्ट के माध्यम से संस्थान के विद्यार्थियों ने चयनित होकर फिर एक बार यह साबित कर दिया है की समर्पित प्रयास सदैव इतिहास गढ़ता है। उन्होंने बताया की बच्चों के सच्चे लगन, शिक्षकों के सही मार्गदर्शन, अनुकूल शैक्षणिक वातावरण एंव बच्चों का सतत कठिन परिश्रम सफलता की कुंजी है। बताया कि इंजीनियरिंग परीक्षा में संदीप कुमार, पंकज कुमार, संगम कुमार, विवेक कुमार, अजित कुमार, रितिक कुमार, सोनू कुमार, लकी कुमार, अविनाश कुमार का चयन देश के विभिन्न आईआईटी, एनआईटी, बीआईटी सिंदरी व राज्य स्तरीय इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल रहे हैं। कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे काफी प्रतिभाशाली होते हैं। हमारा प्रयास है कि हुसैनाबाद के अधिक से अधिक बच्चे इंजीनियरिंग व मेडिकल क्षेत्र में सफल होकर नाम रोशन करें।

### शिक्षक प्रशिक्षण छात्राओं के चौमुखी विकास का लक्ष्य : शिवानी आनंद



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** ज्योति प्रकाश महिला बीडी कॉलेज में सत्र 2023-25 के दैनिक कक्षाओं के संचालन का शुभारंभ 2022 से 24 की प्रशिक्षु छात्राओं ने स्वागत के साथ शुरू किया। इस अवसर पर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की निदेशक शिवानी आनंद एवं एवं प्राचार्य डॉ अनुपमा गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कॉलेज की निदेशक शिवानी आनंद ने छात्राओं को कहा कि यह कॉलेज प्रमंडल का इकलौता महिलाओं के लिए खोला गया बीडी कॉलेज है और लगातार 11 वर्षों में कई बार यूनिवर्सिटी टॉपर का खिताब कॉलेज को लेने का अवसर मिला है। हम आशा करते हैं कि इस सत्र की छात्राएं भी इस परंपरा को कायम रखेंगी। मेरा प्रयास होगा कि यहां की छात्राओं का चौमुखी विकास हो। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति भी की गई। शिवानी आनंद ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह संस्थान शिक्षा के साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी महिलाओं को हमेशा अग्रसर करने का प्रयास करता है। वहीं, प्राचार्य डॉ अनुपमा गुप्ता ने सभी छात्राओं को शैक्षिक वर्ष में बेहतर भविष्य की कल्पना करते हुए शुभकामनाएं दी एवं महाविद्यालय में अनुशासन को कायम रखने की हिदायत दी। कहा कि यहां से एक बेहतर शिक्षक बनकर निकलने के बाद राष्ट्र के हित में अपने विकास के साथ अपना योगदान देने की बात कही। इस मौके पर अविनाश कुमार सिंह, सुजीत कुमार, वीणा तिवारी, माया त्रिपाठी, अरुण पांडे, राम सागर, अंजना दुबे, आकांक्षा तिवारी, प्रिया सिंह आदि उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



**भारत की मेजबानी में आयोजित वर्ल्ड कप 2023 में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद सोमवार को श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को ही बर्खास्त कर दिया गया है। साथ ही श्रीलंका खेल मंत्रालय ने अंतरित बोर्ड का गठन किया है।**

### अर्जुन रणतुंगा नये अंतरिम बोर्ड के अध्यक्ष, श्रीलंका सात में से केवल दो मैच जीता

# वर्ल्डकप में खराब प्रदर्शन के बाद श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड बर्खास्त

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत में आयोजित 2023 वर्ल्ड कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद श्रीलंका के खेल मंत्रालय ने सोमवार को श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को बर्खास्त कर दिया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार, श्रीलंका क्रिकेट के लिए एक अंतरिम बोर्ड का गठन किया है। श्रीलंका के खेल मंत्रालय ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। खेल मंत्री रोशन रणसिंघे के कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा कि देश के 1996 वर्ल्ड कप के विजेता कप्तान अर्जुन रणतुंगा को नए अंतरिम बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



### बोर्ड पर भ्रष्टाचार के भी आरोप लगे

बता दें कि बोर्ड पर भ्रष्टाचार के भी आरोप लगे थे। इससे पहले भारत से मिली हार के बाद खेल मंत्री रोशन रणसिंघे ने शुक्रवार के अपने एक बयान में श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को देशद्रोही और भ्रष्ट कहा था। उन्होंने बोर्ड के सदस्यों से इस्तीफा देने की मांग की थी। इसके बाद श्रीलंका क्रिकेट के सचिव मोहन डी सिल्वा ने शनिवार, 4 नवंबर को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। गौरतलब हो कि श्रीलंका सात मैच में दो जीत के साथ 4 पॉइंट्स लेकर पॉइंट्स टेबल में सातवें स्थान पर है। श्रीलंका को दक्षिम अफ्रीका ने 102 रन से, पाकिस्तान ने 6 विकेट से, ऑस्ट्रेलिया ने 5 विकेट से, अफगानिस्तान ने 7 विकेट से और भारत ने 302 रन से हराया था। वहीं श्रीलंका ने नीदरलैंड को 5 विकेट से और इंग्लैंड को 8 विकेट से हराया था।

### भारत से मिली 302 रन से हार के बाद बोर्ड था नाराज

**वर्ल्ड कप में दो नवंबर को खेले गए मैच में श्रीलंका को भारत ने 302 रन से हराया था। श्रीलंका की पूरी टीम 55 रन पर ही ऑल आउट हो गई थी। इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट के नुकसान पर 357 रन बनाया। 358 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी श्रीलंका टीम 55 रन ही बना सकी थी। श्रीलंका की आधी टीम केवल 14 बनाकर आउट हो गई थी। टॉप ऑर्डर पूरी तरह फेल हो गया था। भारत से हार के बाद श्रीलंका बोर्ड ने टीम के खराब प्रदर्शन पर चिंता जाहिर की थी।**

## आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कांग्रेस ने बांटा मनोनयन पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के जिला कार्यालय में मनोनयन पत्र वितरित किया गया। कांग्रेस ओबीसी मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र के सभी वार्डो के मनोनित अध्यक्ष को मनोनयन पत्र दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस ओबीसी महानगर कमेटी के अध्यक्ष रवींद्र कुमार ने की। मुख्य अतिथि कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने मनोनयन पत्र वितरित किया। जिला अध्यक्ष ने उनके कार्य एवं दायित्व को समझाया। साथ ही सभी वार्ड अध्यक्षों को वार्ड कमेटी गठित कर पार्टी के सांगठनिक ढांचा को मजबूत बनाने की दिशा में काम करने का निर्देश दिया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि पलामू जिले के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस मजबूत स्थिति में है। कांग्रेस एवं सभी प्रकोष्ठ की कमेटी बूथ स्तर तक गठित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेदिनीनगर शहरी के सभी वार्डो में बैठक आयोजित कर आमजनों को गोलबंद किया जायेगा। कार्यक्रम में मनोनित वार्ड अध्यक्ष कविता देवी, अनु कुमारी, मनोहर राम, नगमा खातून, गुलनाज परवीन, गुड़िया देवी, सुनीता देवी, सविता देवी, उपेंद्र शर्मा, विनोद कुमार, रामनिवास गुप्ता, निशा, कंचन, मोती प्रसाद सहित अन्य को पत्र दिया गया। मौके पर जितेंद्र कमलापुरी, अनिल सिंह, मुश्ताक अहमद आलम और खुशबू देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

**झटका : जश्रसं के संस्थापक सदस्य सह संयुक्त महामंत्री अभिषेक जमसं (बच्चा गुट) में शामिल**

# सम्मान में कमी से कम लगने लगता है अपनापन : अभिषेक

**अपने आवास पर बच्चा सिंह ने माला पहनाकर किया स्वागत**

## कहा- एक नयी उम्मीद के साथ रघुकुल परिवार से जुड़ा

शब्बीर हुसैन



अपने आवासीय कार्यालय पर अभिषंक सिंह का स्वागत करते बच्चा सिंह व अन्य।

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भले ही अभी देरी हो। पर देश के पांच राज्यों के चुनावी तापमान के साथ ही धनबाद कोयलांचल का राजनीति तापमान अभी से ही गरमाने लगा है। झारखंड के 81 विधानसभा सीटों में से झरिया विधानसभा की सीट एक अलग ही महत्व रखता है। पिछले दो विधानसभा चुनाव से यहां दो दबंग घरानों सिंह मेंशन और रघुकुल की लड़ाई खुल कर सामने आई है। 2014 के विधानसभा चुनाव में दो चचेरे भाई नीरज सिंह और संजीव सिंह कांग्रेस और भाजपा की टिकट पर आमने सामने हुए थे, जबकि 2019 के विधानसभा चुनाव में इन दोनों की पत्नियां एक दूसरे के आमने-सामने थी। 2014 में सिंह मेंशन के संजीव सिंह ने भाजपा के टिकट से चुनाव लड़ा और विजयी हुए, तो 2019 में रघुकुल से पूर्णिमा नीरज सिंह ने कांग्रेस के टीकट से चुनाव लड़ा और जीता। अब 2024 के लिए दोनों घरानों के लोग राजनीतिक उठापठक कर एक-दूसरे के समर्थकों को अपने-अपने पाले में लाने में लगे हैं। कभी सिंह मेंशन की रागिनी सिंह कांग्रेस और जनता मजदूर संघ (बच्चा गुट) के समर्थक को अपने पाले में ला रही हैं, तो कभी रघुकुल द्वारा ऐसा किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को रघुकुल ने पूर्व विधायक संजीव सिंह के मजदूर यूनियन जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) के संस्थापक सदस्य सह संयुक्त महामंत्री अभिषेक सिंह को अपने जनता मजदूर संघ (बच्चा गुट) में शामिल करा लिया। अभिषेक को पूर्व मंत्री सह जमंस (बच्चा गुट) के महामंत्री बच्चा सिंह ने माला पहनाकर अपने यूनियन की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर जमसं के संयुक्त महामंत्री केडी पांडेय ने कहा कि हम अभिषेक सिंह का स्वागत करते हैं। जिस उम्मीद के साथ अभिषेक हमारे संगठन में जुड़े है उसे हम सभी पूरा करने का भरसक प्रयास करेंगे। इस दौरान जनता मजदूर संघ (बच्चा गुट) के उपाध्यक्ष सुग्रीव सिंह, संगठन सचिव मनोज सिंह, दीपक सिंह, रामबाबू सिंह, महीप सिंह, सहित कई लोग मौजूद थे। वहीं पत्रकारों से बात करते हुए अभिषेक सिंह ने कहा कि जश्रसं को आगे ले जाने के लिए हमने भरपूर प्रयास किया पर जिस तरह का सहयोग मिलना चाहिए था नहीं मिला। इंतजार की भी सीमा होती है। व्यक्ति के मान सम्मान कई प्रकार के होते हैं। राजनीतिक और सामाजिक मान सम्मान भी होते हैं। जब इसमें कमी आती है तो अपनापन कम होने लगता है। अब नई उम्मीद और आशा के साथ यहां जुड़े हैं उम्मीद करते हैं कि जितना इनके प्रति हमारा समर्पण होगा उतना ही इनका हमारे प्रति भी होगा।

# मैथन पुलिस ने दो बाइक चोरों को पकड़ा

**चोरी की सात बाइक बरामद, आरोपितों से पूछताछ जारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद/चिरकुंडा।** धनबाद पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार करने के साथ ही आधा दर्जन से अधिक चोरी की बाइक बरामद की है। सोमवार को डीएसपी हेडक्वार्टर-1 सह निरसा के प्रभारी डीएसपी अमर पांडेय ने अपने कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर इस बाबत विस्तृत जनकारी दी। उन्होंने बताया कि मैथन पुलिस द्वारा रविवार को एंटी क्राइम जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान मैथन ओपी के मनोज कुमार ओझा के द्वारा संदिग्ध और बिना नंबर प्लेट के बाइक सवार को जांच के लिए रोका। हालांकि पुलिस को देखते ही बाइक सवार युवक भागने लगा। पर पुलिस ने उसका पीछा कर उसे पकड़ लिया। पकड़े गए बाइक सवार की पहचान प्रदीप नाग उर्फ सुदीप के रूप में हुई है। वह निरसा थाना क्षेत्र के गोपालपुरा कॉलोनी का रहने वाला बै। पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ करने पर पर उसने स्वीकार किया कि वह अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों से बाइक की चोरी करता है और उसे बेच देता है। पुलिस ने पकड़ गए प्रदीक की निशानदेही पर उसके सहयोगी शेख अफाउद्दीन उर्फ हाफिज को एमपीएल ओपी क्षेत्र के मदनपुर पंचायत भवन के समीप से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में शेख अफाउद्दीन ने पुलिस को बताया कि वे अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर चोरी किये गए बाइक को मोडिफाई कर कोयला चोरों को बेच देता है। गिरफ्तार दोनों अपराधियों की निशानदेही पर अलग-अलग स्थानों से पुलिस ने चोरी की सात बाइक बरामद की है। वहीं, पुलिस दोनों से पूछतार के बाद उनके गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान चला रही है। इस मौके पर मैथन ओपी प्रभारी विकास कुमार यादव, मनोज कुमार ओझा, मधुसूदन महतो एमपीएल ओपी प्रभारी सुभाष चंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग**

अतिअल्पकालीन उद्धरण आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग के अधीन मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत पथ का सुदृढ़ीकरण/विशेष मरम्मति कार्य के लिए तैयार कराये जा रहे डी0पी0आर0 में पथ का Geotag फोटोग्राफी, विडियोग्राफी किया जाना है तथा इसे पेन ड्राईव में लोड कर एवं संलग्न कर विभागीय मुख्यालय, रॉची में समर्पित करना है।

अतः इच्छुक योग्यताधारी/अनुभवी विडियोग्राफर/फोटोग्राफर अपना न्यूनतम दर पथ के लम्बाई (कि0मी0 आधारित) दिनांक–16.11.2023 के अपराह्न 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में समर्पित कर सकते है, जो उसी दिन अपराह्न 3.30 बजे उद्धरणकर्त्ता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोला जायेगा ।

उद्धरण की शर्त्ते कार्यालय एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखी जा सकती हैं।

कार्यपालक अभियंता
PR 310791 Rural Work Department(23-24)#D — ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

## भाजपा लोयाबाद महिला मंडल अध्यक्ष पर हमला

**कतरास (आजाद सिपाही)।** कॉलोनी के बीचों बीच पुलिस के संरक्षण में अवैध कोयला कटाई करने वाले मजदूरों द्वारा कॉलोनी में घूम रही ननद-भाभी को गलत निगाह से देख भद्दी बातें करने की शिकायत लेकर पहुंची भाजपा लोयाबाद महिला मंडल अध्यक्ष (ननद) सपना सिंह को अवैध माइंस संचालक राजेश राय ने अपने दो बेटों बिक्की व बंटी के अलावा शंकर दास के साथ मिलकर कथित रूप से पिटाई कर घायल कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों और माइंस संचालक के सैकड़ों मजदूरों के बीच आधे घंटे तक लाठी-डंडे हमले व पत्थरबाजी। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गई, जिसे देख सभी बाहर से आये मजदूर भाग निकले। इसके बाद घायल महिला को इलाज के लिए एनएमसीएच भेज दिा गया। बतातें चलें कि दो दिन पूर्व अवैध माइंस का विरोध करने पर स्थानीय बीसीसीएल कर्मी हरेंद्र दास के साथ भी मारपीट की गयी थी। घायल की पत्नी ने शंकर दास, विक्की राय व अन्य लोगों पर मारपीट कर पैर का घुटना तोड़ देने का आरोप लगाया है। वहीं, प्रिया सिंह ने अपनी लिखित शिकायत में बताया कि कॉलोनी में स्थित शाहिद शकलदेव सिंह विद्या मंदिर के समीप सोमवार की दोपहर वे लोग ( जूली सिंह और प्रिया सिंह ) घूम रही थी, तभी सीआईएसएफ कैंप में रह रहे अवैध कोयले कटाई करने वाले मजदूर ने भद्दी टिप्पणी करने लगे। इसकी शिकायत लेकर अवैध कोयले कारोबार के संचालक राजेश राय के पास पहुंची तो शिकायत सुने बगैर ही राजेश व उसके बेटों ने मारपीट की।

## आरएमएचपी की बकेट व्हील रिक्लेमर मशीन का नवीनीकरण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** नवीनीकृत आरएमएचपी के बकेट व्हील रिक्लेमर मशीन का उद्घाटन सोमवार को अधिशासी निदेशक (संकार्य ) वीरेंद्र कुमार तिवारी ने किया। लगभग 35 साल पुराने बकेट व्हील रिक्लेमर मशीन के डीसी ड्राइव सिस्टम को एसी ड्राइव सिस्टम में बखूबी ढंग से पूर्णतः आंतरिक संसाधनों की मदद से प्रतिस्थापित किया गया। इस मशीन द्वारा एसएमएस और आरएमपी को लाइम स्टोन और डोलोमाइट की आपूर्ति की जाती है जिसका संयंत्र के उत्पादन प्रक्रिया में बहुत ही अहम भूमिका होती है। नवीनीकृत प्रणाली सुचारु रूप से उत्पादन की प्रक्रिया में अपनी भूमिका निभा रही है। मुख्य महा प्रबंधक ( आरएमएचपी ) धनूय कुमार के नेतृत्व में महा प्रबंधक ( आरएमएचपी ) जे दासगुप्ता और प्रेम प्रकाश के पर्यवेक्षण में एक टीम का गठन किया गया। मुख्य महा प्रबंधक ( विद्युत ) डी सरकार और मुख्य महा प्रबंधक (यांत्रिक) वीके सिंह के टीम के समन्वय से इस कार्य को बहुत ही कम समय में पूरा किया गया। अधिशासी निदेशक (संकार्य ) ने आरएमएचपी के बकेट व्हील रिक्लेमर मशीन के नवीनीकरण से जुड़े सभी सदस्यों को बधाई दी। कहा कि इसी तरह से आंतरिक संसाधनों की मदद से हमेशा कुछ नया करने के लिए सभी लोगों को सोचना चाहिए।

# रागिनी सिंह ने केयर नेत्रम के सहयोग से झरिया में लगाया नेत्र जांच शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** बिहार बिल्डिंग कार्यालय में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह द्वारा केयर नेत्रम के सहयोग से सोमवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। जिसका उद्घाटन रागिनी सिंह ने खुद किया। शिविर में सैकड़ों लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई। इसके बाद जरूरतमंदों को निःशुल्क चस्मे भी दिए गए। शिविर में केयर नेत्रम की जर्मनी से आई मैडम एंटीजे एवं स्विट्जरलैंड से आए मार्टिन सेडलम्यर मुख्य रूप से उपस्थित थे। केयर नेत्रम धनबाद की टीम ने शिविर में पहुंचे लोगों की जांच की। जांच टीम में केयर नेत्रम के देवाशीष महापात्रा, गोपीनाथ दास, नीतू कुमारी, प्रताप मोदक, हिना कुमारी, सुधा कुमारी, कृष्ण किशोर हजम, पिंकी कुमारी, तप बड़ा श्वेता, कुमारी मधु, कुमारी किरण की अहम भूमिका रही।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची।**

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–**RCD/RANCHI -28/2023-24 Dt. 06-11-2023**
(द्वितीय निविदा)
(प्रथम निविदा का **PR No.-306212**)

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– 14.11.2023 को कार्यालय अवधि तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 16.11.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 16.11.202 को अपराह्न 3.30 बजे ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान:– (i) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण छात्रावास सं0–2, प्रथम तल्ला, धुर्वा, राँची।
(ii) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ अचंल, राँची।
(iii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,राँची ।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान:– क्रमांक 5 में अंकित स्थानों पर।
7. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि (रूपये में) | अग्रधन की राषि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | सतीश चौक से पिस्का रेलवे स्टेशन मदर डेयरी पथ का सतहनवीकरण कार्य वर्ष 2023–24 | 49,99,032 | 1,00,000 | 5,000 | 45 दिन |

**http://prdjharkhand.in/online_tender.php** एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जो कि परिमाण विपत्र बिक्री के समय देखा जा सकता है।

PR 310751 Road Construction Dept Road Division Ranchi(23-24)D
कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची।

# अधिकारी और ठेकेदार ने किया खुंटरी पानी टंकी का औचक निरीक्षण, हड़कंप

आजाद सिपाही संवाददाता

**जैनामोड़/बेरमो।** जरीडीह प्रखंड अंतर्गत संचालित जैनामोड़ जलापूर्ति योजना से जुड़े 9 पंचायत में पानी आपूर्ति की स्थिति का जायजा लेने सोमवार को ठीकेदार सहित बोकारो जिला पेयजल आपूर्ति विभाग के अधिकारी देर शाम पहुंचे। अधिकारी की आने की सूचना मिलते ही 88 करोड़ रुपये की लागत से बनाने वाले ठेकेदार महेश प्रधान के कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गयी। सारी बातों को सामान्य बनाने के लिए नये पानी टंकी निर्माण करने वाले संवेदक को भी पहुंचना पड़ा। अधिकारी पानी संचालन कर रहे अमर कुमार मिश्रा, रितेश मिश्रा से नियमित संचालन करने की जानकारी ली। एसी रियाज आलम, कार्यपालक अभियंता रामप्रवेश राम, कनीय अभियंता सुरेश कुमार तिग्गा, महेश प्रधान निरीक्षण करने के क्रम में इंटक वेल, नदी में वोरिंग की गहराई की जांच की। अधिकारी आलम ने कहा कि खुंटरी पानी टंकी से संचालित आपूर्ति नियमित करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में बेरमो विधायक कुमार जय मंगल उर्फ अनुप सिंह ने भी काफी प्रयास किया है। इस जैनामोड़ ग्रामीण जलापूर्ति योजना से जुड़े 9 पंचायतों को नये और पुराने दोनों टंकी से पानी दिया जाएगा। निरीक्षण करते हुए अधिकारी ने नये पानी टंकी का निर्माण कराने वाले महेश प्रधान (संवेदक) को निर्देश दिया कि कार्य के प्रति किसी भी तरह की लापरवाही बर्दास्त नहीं होगी। लापरवाही-अनियमितता की सूचना मिलने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस नये पानी टंकी से सूदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों गांगजोरी, चिलगडडा, बेल्डीह, आराजू, भसकी पंचायतों को भी जोड़ा गया है। कांग्रेस जैना पंचायत अध्यक्ष रितेश मिश्रा, पानी संचालक अमर कुमार मिश्रा ने बताया कि बेरमो विधायक ने चुनाव के दौरान अपने घोषणापत्र में इस योजना को शामिल करते हुए पानी देने वादा किया था। इस वादा को जल्द पूरा करने के प्रति प्रयासरत है।

स्थानीय सूचना
प्रपत्र VI 'क' झारखण्ड सरकार
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
(भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना**
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

संख्या–812/भू0अ0 — दिनांक–03/11/2023

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, कोडरमा को यह प्रतीत होता है, कि ग्राम–जमडीहा (अतिरिक्त) थाना–डोमचाँच, थाना सं0–104, अंचल–डोमचाँच, जिला– कोडरमा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा कोडरमा से गिरिडीह **B.G** रेल लाईन पर **R.O.B** निर्माण हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–जमडीहा (अतिरिक्त) थाना– डोमचाँच, थाना सं0–104, अंचल–डोमचाँच, जिला–कोडरमा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–0.2750 ए0 यानि 0.1113 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है............

मौजा–जमडीहा (अतिरिक्त), थाना नं0–104, थाना–डोमचाँच, अंचल–डोमचाँच, जिला–कोडरमा।

| क्र0 सं0 | खाता नं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | सर्वे किस्म (भूमि का प्रकार) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 216 | रैयती | टांड तीन (कृषि) | 0.100 | पुनिया देवी पति– नेहाल महतो वो पोखन महतो पिता– महावीर महतो वो देवकी देवी पति– हुकुम महतो वो सहदेव यादव पिता– नुनमन महतो वो रामचन्द्र यादव वो ईश्वर यादव पिता– चुन्डु महतो वो गेन्दो महतो पिता–चुरामन महतो वो भीम साहु पिता–नीरो महतो वो अशोक कुमार गुप्ता पिता–सुखदेव गुप्ता वो मालती देवी पति–सुरेश चन्द्र साह | उ0–प्लॉट–217 | द0–प्लॉट–216 अंश | पू0– प्लॉट–216 अंश | प0–रास्ता |
| 2 | 14 | 217 | रैयती | टांड तीन (कृषि) | 0.175 | अर्जुन दास वो बद्री दास वो दामोदर दास पिता–दासो चमार वो मसो0 बंधनी पति–स्व0 होरील चमार वो मसो0 सुन्दरी पति– स्व0 गांगो चमार वो मसो0 नुनी कुमारी पति–सोमर चमार | उ0– प्लॉट–217 अंश | द0–प्लॉट–216 | पू0– प्लॉट–217 अंश | प0–रास्ता |
| | | | | कुल:– | 0.2750 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अन्तरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
PR 310705 Land Reforms (23-24)_D — समुचित सरकार–सह–उपायुक्त, कोडरमा

**लोयाबाद में सबसे अधिक संख्या में इसी तालाब में भगवान भास्कर को अर्घ्य देने उमड़ते हैं श्रद्धालु**

# जनप्रतिनिधियों की उदासीनता, खतरे में मदनाडीह तालाब का आस्तित्व

रत्नेश पांडेय



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** मदनाडीह की वर्षो पुराने तालाब में पानी सूखने से आसपास के लोगों के समक्ष जहां घोर समस्या उत्पन्न हो गई है। वहीं, छठ व्रतियों के लिये संकट काफी गहरा गया है। छठव्रतियों द्वारा इस तालाब से अर्घ्य देने की वर्षो पुरानी परंपरा रही हैं। समय रहे कोई उपाय नहीं कियौ गया तो आस्था के इस पर्व में परेशानी पैदा होना स्वभाविक है। तालाब में प्रति वर्ष कम होती पानी की कमी से तालाब का अस्तित्व मिटने की कगार पर पहुंच गया है। उसे दुरुस्त करने के लिए कोई पहल नहीं किया जा रहा है।

### बदतर स्थिति में तालाब

मदनाडीह स्थित छठ तालाब की स्थिति बद से बदतर हो गयी है। तालाब में बहुत कम पानी बचा है। इसमें गंदगी के साथ कीचड़ भरा पड़ा है। तालाब सुख जाने से लगभग 25 हजार की आबादी प्रभावित है। वर्तमान में छठ व्रतियों के पूजा के लिए भी तालाब में पानी नहीं है। वर्षो पहले लोयाबाद स्टेट बैंक के पीछे स्थित इस तालाब में कभी लबालब पानी भरा रहता था पर अब स्थिती यह हो गई है की तालाब सूख रहा है।

### जनप्रतिनिधियो का नहीं पड़ रहा ध्यान

क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के उदासीन रवैए के कारण यह प्राकृतिक धरोहर धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है। छठ पर्व के पहले अगर इसमें बाहर से पानी नहीं भरा गया तो इस बार छठ व्रतियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अभी तक किसी भी जन प्रतिनिधि द्वारा तालाब में पानी भरवाने का काम शुरू नहीं कराया गया है। लोगों की मानें तो ये लोग चाह ले तो तालाब की स्थिति बदल जायेगी और यह खुबसुरत जगहो में शुमार हो जाएगा।

### छठ मे श्रद्धालुओं की उमड़ती है भीड़

मदनाडीह छठ तालाब में छठ पर्व के दौरान तलाब में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। लोयाबाद, मदनाडीह, कनकनी आदि क्षेत्रों से लोग यहां छठ मनाने आते है। छठ व्रत के लिए मुख्य तालाब है। लोयाबाद क्षेत्र में सबसे ज्यादा भीड़ इसी तालाब में होती है।

# ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह से की मुलाकात






ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से मिलते हुए।

### पुरी श्रीमंदिर जगमोहन और रत्न भंडार मरम्मत मामला

## उच्च न्यायालय ने एएसआइ से विस्तृत रिपोर्ट मांगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** कटक श्रीमंदिर जगमोहन और रत्न भंडार मरम्मत मामलाः उच्च न्यायालय ने एएसआई से मांगी विस्तृत रिपोर्ट। हाईकोर्ट ने एएसआई से रिपोर्ट मांगी। कोर्ट ने यह बताने का आदेश दिया है कि 2017 से अब तक क्या कदम उठाये गये हैं। मामले की अगली सुनवाई 8 तारीख को तय की गयी है।

## बीएमसी को आयोग का नोटिस

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राज्य मानवाधिकार आयोग का बीएमसी को नोटिस। राज्य मानवाधिकार आयोग ने मंचेश्वर के पास कूड़े के ढेर पर रिपोर्ट मांगी है। जांच रिपोर्ट 11 दिसंबर तक सौंपने का आदेश दिया गया है। खबरों के मुताबिक, मंचेश्वर रेलवे कॉलोनी के एक निवासी ने संपर्क किया। मंचेश्वर इलाके में बीएमसी द्वारा कचरा डंप किया जा रहा है। परिणामस्वरूप, स्थानीय लोगों पर स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित होने का आरोप लगाया गया। ओएचआरसी ने इसे गंभीरता से लिया है।

# जयपुर से दूसरी उड़ान सेवा शुरू

### पहले दिन 6 यात्री भुवनेश्वर से जयपुर पहुंचे




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कोरपुट जिले के जयपुर एयरपोर्ट से दूसरी उड़ान सेवा शुरू। जयपुर से भुवनेश्वर के लिए दूसरी उड़ान सेवा आज से शुरू हो गयी है। पहले दिन, भुवनेश्वर हवाई अड्डे से 9 यात्रियों वाली उड़ान जयपुर हवाई अड्डे पर पहुंची। विमान सुबह 8:45 बजे जयपुर हवाईअड्डे पर पहुंचा और 45 मिनट के अंतराल के बाद जयपुर हवाईअड्डे से भुवनेश्वर के लिए रवाना हुआ। पहले दिन भुवनेश्वर से 6 यात्री जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे। इस एयरलाइन सप्ताह में केवल दो दिन उड़ानें संचालित करेगी। सोमवार और शुक्रवार को भुवनेश्वर-जयपुर के लिए हवाई सेवा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। विमान में सवार यात्रियों ने बताया कि अगर इस फ्लाइट को सप्ताह में दो दिन की बजाय नियमित फ्लाइट से भर दिया जाए तो आगे बड़े विमान उड़ने से कई यात्रियों को लाभ मिल सकेगा।

# जागरूकता खोरधारोड मंडल ने किया सतर्कता सप्ताह का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** खोरधारोड मंडल द्वारा सप्ताह भर चलने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन हुआ। सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 की थीम भ्रष्टाचार को नहीं, राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध है। मंडल ने इसी थीम के साथ सप्ताह के दौरान कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। भ्रष्टाचार के कई पहलुओं और उन्हें कैसे खत्म किया जाये पर एक सेमिनार का आयोजन किया। इस अवसर पर रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के लिए ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। रेलवे कर्मचारियों के लिए निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गयी। कई रेलवे स्टेशनों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनता में सभी कार्यों को ईमानदारी और पारदर्शी तरीके से कर भ्रष्टाचार मिटाने के लिए जागरूकता पैदा की गयी। कर्मचारियों और रेल ग्राहकों के लिए शिकायत निवारण शिविर आयोजित किए। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन के अवसर पर एच.एस.बाजवा, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले कर्मचारियों और उनके प्रतिपाल्यों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए।

# वेदांता एल्युमीनियम ने बॉक्साइट शोधन प्रक्रिया में अभिनव सफलता प्राप्त की

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत में सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांत एल्युमीनियम ने एल्यूमिना शोधन प्रक्रिया में बॉक्साइट अवशेष, जिसे आमतौर पर लाल मिट्टी के रूप में जाना जाता है, के उत्पादन को काफी कम करने के लिए एक अभूतपूर्व प्रक्रिया के विकास की घोषणा की है। यह प्रक्रिया लोहे के मूल्यों को खत्म करके बॉक्साइट अवशेषों को उल्लेखनीय रूप से 30% तक कम कर देती है, साथ ही उच्च एल्यूमिना उपज प्राप्त करती है, एल्यूमिना शोधन के दौरान बॉक्साइट से कुल कार्बनिक सामग्री को कम करती है। यह प्रक्रिया संसाधन दक्षता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाती है और शोधन के दौरान ऊर्जा की खपत पर अंकुश लगाती है। अनुसंधान परियोजना का नेतृत्व कंपनी के अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) विभाग ने धातुकर्म और सामग्री इंजीनियरिंग विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर (आईआईटी केजीपी) के सहयोग से किया था, जिसमें लांजीगढ़, ओड़िशा इकाई, जो वेदांता की दुनिया का घर है, के विशेष सहयोग से किया गया था। क्लास एल्युमिना। रिफाइनरी। यह अत्याधुनिक विकास कंपनी की परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ायेगा और वैश्विक एल्यूमीनियम उद्योग पर स्थायी प्रभाव डालेगा। बॉक्साइट एल्यूमीनियम के लिए प्राथमिक अयस्क है, और यह एल्यूमिना का उत्पादन करने के लिए एक मध्यवर्ती शोधन चरण से गुजरता है, जिसे बायर प्रक्रिया के रूप में जाना जाता है, जिसे एल्युमीनियम का उत्पादन करने के लिए इलेक्ट्रोलिसिस के अधीन किया जाता है। यह शोधन प्रक्रिया उप-उत्पाद के रूप में बॉक्साइट अवशेष उत्पन्न करती है। उत्पादन करने के लिए 1 किलो एल्यूमीनियम के लिए 2 किलो एल्यूमिना की आवश्यकता होती है, जो 6 किलो बॉक्साइट की खपत करता है, और 4 किलो बॉक्साइट अवशेष छोड़ता है। इस विशाल उप-उत्पाद को स्थायी रूप से प्रबंधित करना एक लंबे समय से चली आ रही उद्योग चुनौती रही है। वेदांत एल्युमीनियम सक्रिय रूप से बॉक्साइट अवशेषों को कम करने और इससे मूल्य निकालने के रास्ते तलाशने में लगा हुआ है। कंपनी ने एक क्रांतिकारी प्रक्रिया विकसित की है, जिसे प्रयोगशाला में सफलतापूर्वक मान्य किया गया है और पेटेंट कराया गया है। वर्तमान में, कंपनी अपने संभावित लाभों को निर्धारित करने के साथ-साथ प्रक्रिया को लागू करने और उसका आकलन करने के लिए एक पायलट प्लांट स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। सफलता पर, जीजी पाल, उप. सीईओ-एलुमिना बिजनेस, वेदांता लिमिटेड ने कहा, "वेदांता एल्युमीनियम में, स्थिरता प्राप्त करने के लिए परिचालन दक्षता हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए, हम मौजूदा उद्योग की समस्याओं के समाधान के लिए तकनीकी-आधारित नवीन समाधानों को चलाने के लिए अपने इन-हाउस आर एंड डी पहल पर आक्रामक रूप से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, वेदांता एल्युमीनियम बॉक्साइट अवशेषों के उपयोग के लिए नवीन तकनीकों को विकसित करने के लिए अनुसंधान संस्थानों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहा है। इन प्रौद्योगिकियों में दुर्लभ पृथ्वी तत्वों (आरईई) को समृद्ध करने के लिए बॉक्साइट अवशेषों का लाभकारीकरण, एल्यूमिना और लौह मूल्यों की वसूली, और स्कैंडियम जैसे टाइटेनियम और आरईई को निकालने और अलग करने की प्रक्रियाएं शामिल हैं। यह प्रयास महत्वपूर्ण है क्योंकि बॉक्साइट अवशेषों में लौह, एल्यूमिना, आरईई और टाइटेनियम डाइऑक्साइड समेत मूल्यवान धातुएं होती हैं।





































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**